

श्रावण मास की शुभकामनाएं

19 अगस्त 2024 सोमवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



पूर्व विधायक सुनील पांडेय अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल 6

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

# हर दुष्कर्मी और अपराधी को निर्दोष साबित करना समाजवादी पार्टी का लक्ष्य: सीएम योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में आयोजित रोजगार मेला और युवा सम्मेलन में युवाओं को नियुक्ति पत्र
- 30 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और लगभग 48 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास



**केटी न्यूज/अयोध्या-लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अंबेडकरनगर में नियुक्ति पत्र और टैबलेट वितरण के बाद रविवार को अयोध्या के कुमारगंज में आयोजित जनपद स्तरीय वृहद रोजगार मेला और युवा सम्मेलन में बड़ी संख्या में युवाओं को नियुक्ति पत्र और छात्र-छात्राओं को टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किए। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि यह कार्यक्रम युवाओं के लिए अवसर है कि वह अपने ज्ञान को बेहतर तरीके से जमीनी धरातल पर इंप्लीमेंट कर सकें। उसकी तमाम आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए सरकार की ओर से भी प्रयास किए जा रहे हैं। जब सरकार सकारात्मक होती है, आपकी भावनाओं को समझने वाली होती है तो नौकरी की कमी नहीं होती है। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बटन दबाकर लगभग 30 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और लगभग 48 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।

## छेड़छाड़ करने वालों को बेटियां ही लगाएंगी ठिकाने

सीएम योगी ने प्रदेश के बदले हुए परसेप्शन का जिक्र करते हुए कहा कि याद करिए आज से सात वर्ष पहले उत्तर प्रदेश में क्या हालात थे। हर तीसरे दिन दंगा होता था, पर्व और त्योहार शांति से नहीं मना सकते थे, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा खतरे में रहती थी, प्रदेश में माफियाराज और जंगलराज जैसी स्थिति थी। पिछले सात वर्षों में प्रदेश ने अपना परसेप्शन बदला है। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा और कानून व्यवस्था का मॉडल तो बना ही है, निवेश का ड्रीम डेस्टिनेशन बनकर देश और दुनिया के निवेश को आकर्षित करने में सक्षम हुआ है। प्रदेश में जो निवेश आ रहा है इसका परिणाम है कि लाखों युवाओं को नौकरी उनके गांव और उनके घर में देने में सफलता मिली है। इस निवेश के माध्यम से अब तक एक करोड़ 62 लाख नौजवान रोजगार प्राप्त कर चुके हैं। स्वरोजगार के लिए वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान, पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, पीएम स्वरोजगार की योजना के साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने भी आर्थिक स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त किया है। इन्हीं कार्यक्रमों की श्रंखला में प्रदेश सरकार ने साढ़े 6 लाख नौजवानों को सरकारी नौकरी देने में भी सफलता प्राप्त की है। पुलिस भर्ती परीक्षा के बारे में सीएम योगी ने कहा कि 23,24,25 और फिर 30 व 31 अगस्त को पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, जिसमें 60 हजार नौजवानों की हम भर्ती करने जा रहे हैं। इसके तहत 20 फीसदी सीटें ऐसी होंगी, जिसमें सिर्फ बेटियां भर्ती होंगी। बेटियों की भर्ती इसलिए कर रहे हैं ताकि सड़क और चौराहों पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले शोहदों को ये बेटियां ठिकाने लगाने का काम कर सकें।

## दुष्कर्मियों का समर्थन करने वालों को तनिक भी शर्म नहीं

दुष्कर्मियों के समर्थन के लिए सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी और विपक्षी दलों के नेताओं पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि सपा के नेता कोलकाता में एक डॉक्टर के साथ सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम देने वाले दुष्कर्मियों का समर्थन कर रहे हैं। तनिक तो शर्म करनी चाहिए। संस्कार कभी समाप्त नहीं होते। ये वही लोग हैं जो कहते थे कि लड़के हैं गलती कर देते हैं। ये वही लोग हैं, जिन्होंने इसी अयोध्या में एक बालिका के साथ हुए रेप की घटना पर उन अपराधियों को बचाने का काम किया था। इनके एक नेता कन्नौज में भी ऐसे ही मामले में पकड़े गए। लखनऊ में भी एक बेटी को बारिश के पानी में गिराने वाले अपराधियों के समर्थन में सपा के मुखिया खड़े हो गए। ऐसा लगता है कि इनकी पार्टी का चरित्र ही ऐसा हो गया है। इनकी ये आदत छुड़ाने के लिए कानून भी है और कानून का डंडा भी है।

**युवा उद्यमी योजना से 50 लाख युवाओं को मिलेगी नौकरी की गारंटी:** योगी ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना लेकर आई है। इसके तहत 10 लाख एमएसएमई यूनिट लगाने के लिए बड़ी कार्ययोजना को आगे बढ़ाया जा रहा है। जो भी युवा इससे जुड़ना चाहेगा, उसका प्रशिक्षण कराने के साथ ही पहले चरण में 5 लाख रुपए का ब्याजमुक्त ऋण उसको उपलब्ध कराने का कार्य सरकार करेगी। हम उसको डिजिटल पेमेंट के साथ जोड़ेंगे। इसके अंतर्गत दस लाख एमएसएमई यूनिट लगेंगी और 50 लाख युवाओं को नौकरी की गारंटी मिलेगी। इसके साथ ही जो युवा स्नातक, परास्नातक, आईटीआई, पॉलीटेक्निक या इंजीनियरिंग कर रहे हैं, उन्हें एक निश्चित मानदेय के साथ अप्रेंटिसशिप से जोड़ेंगे।

## सहरसा में मां-बेटी की हत्या, मचा हड़कंप

**सहरसा।** सहरसा में डबल मर्डर हुआ है। अपराधियों ने मां-बेटी को मौत को घाट उतार दिया। कुछ लोग बच्ची के साथ दुष्कर्म की भी बात कह रहे हैं। दोनों की लाशें सरकारी स्कूल के अर्धनिर्मित कमरे में मिली है। सदर थाना क्षेत्र के नरियार रामजानकी चौक इलाके की है। रविवार सुबह दोनों की लाशें मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लोगों का कहना है कि महिला अपनी बच्ची के साथ सुबह चार बजे फूल तोड़ने के लिए गई थी। बहुत देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की। महिला का बेटा उसे खोजते हुए स्कूल के कमरे के पास गया। कमरे के अंदर जाते ही वह दंग रह गया। उसने हल्ला किया तो लोग जुटे और पुलिस को सूचना दी। शव के पास फूल बिखरा है। लोगों ने दबी जुबान से कहा, मां-बेटी के साथ गलत हुआ है। विरोध करने पर अपराधियों ने दोनों को मार डाला। मृतिका के परिजनों ने बताया कि बीते तीन दिन से मां बेटी फूल तोड़ने जाती थी। लेकिन, जिस स्कूल में दोनों का शव बरामद हुआ है। वहां दूर-दूर तक फूल का पेड़ नहीं है। ऐसे में वह दोनों वहां कैसे पहुंची, यह लोगों को समझ नहीं आ रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को लेकर उठाए सवाल

# बांग्लादेश में विभाजन के वक्त 27 प्रतिशत हिंदू थे, आज केवल नौ फीसदी ही हैं: शाह

- अमित शाह ने अहमदाबाद में 188 हिंदू शरणार्थियों को सौंपे सीएए
- बोले- सीएए नागरिकता देने के लिए है, न कि नागरिकता छीनने के लिए

**एजेंसी/अहमदाबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा को लेकर बड़ी टिप्पणी की है। गुजरात के दौरे पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री ने अहमदाबाद में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि बांग्लादेश में विभाजन के वक्त 27 प्रतिशत हिंदू थे, आज वे नौ फीसदी हैं, बाकी के हिंदू कहां गए, शाह ने लोगों से पूछा और बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा को एक साजिश करार दिया है। गृह मंत्री ने कहा कि मैं अपने मुस्लिम भाइयों और बहनों को यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि सीएए नागरिकता देने के लिए है, न कि नागरिकता छीनने के लिए है।

पहले भी इस कानून के खिलाफ कई लोगों को भड़काया गया था। किसी को भी अपनी नागरिकता नहीं छोड़नी पड़ेगी। कुछ लोग सिर्फ व्यापक जनता को गुमराह करना चाहते हैं। आपकी नौकरियां, घर और नागरिकता सुरक्षित हैं। यह कानून सिर्फ आपको न्याय दिलाने के लिए है। उन्होंने कहा कि किसी की भी नागरिकता नहीं जाएगी क्योंकि सीएए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन शरणार्थियों को अधिकार देने के लिए है। कार्यक्रम में पड़ोसी देशों से धार्मिक प्रताड़ना के कारण भारत आए शरणार्थी, जो दशकों से अन्याय का सामना कर रहे थे। उन्हें शरणार्थी भाइयों-बहनों को सीएए के तहत नागरिकता प्रदान की गई। शाह ने कहा कि अब वे सम्मान के साथ अपना जीवन यापन कर पाएंगे। शाह ने रविवार को अहमदाबाद में 188 हिंदू शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपें।



## 1947 में धर्म के आधार पर हुआ था भारत का विभाजन

गृह मंत्री ने कहा कि सीएए इसलिए लागू किया गया क्योंकि आजादी के दौरान भारत का विभाजन धर्म के आधार पर हुआ था और पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किया गया, उनके परिवारों को विस्थापित किया गया, जिससे अमीर लोगों को भारतीय शहरों में सब्जी बेचने के लिए मजबूर होना पड़ा। विभाजन के बाद, कांग्रेस नेताओं ने पड़ोसी देशों से आने वाले हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख शरणार्थियों को नागरिकता देने का वादा किया था, लेकिन चुनाव नजदीक आते ही वे इस फैसले से पीछे हट गए। जवाहरलाल नेहरू द्वारा 1947, 1948 और 1950 में किए गए वादे और महात्मा गांधी द्वारा किए गए आह्वान को भुला दिया गया, क्योंकि कांग्रेस को लगा कि अगर नागरिकता दी गई, तो इससे उनका वोट बैंक नाराज हो जाएगा।

## तुष्टिकरण के चलते नहीं दी गई लाखों लोगों को नागरिकता

शाह ने कहा कि तुष्टिकरण के कारण लाखों-करोड़ों लोगों को नागरिकता से वंचित कर दिया गया। इससे बड़ा कोई पाप नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि बाकी लोग कहां गए? या तो उनका जबरन धर्म परिवर्तन किया गया या वे यहां शरण लेने के लिए भागे। क्या उन्हें अपने धर्म के अनुसार जीने का अधिकार नहीं है? अगर वे पड़ोसी देश में सम्मान के साथ नहीं रह सकते और हमारे देश में शरण लेते हैं, तो हमें क्या करना चाहिए? हम मूकदर्शक बनकर नहीं बैठ सकते। यह नरेंद्र मोदी सरकार है, आपको न्याय मिलेगा। उन्होंने देशभर के शरणार्थियों से कहा कि वे बिना किसी हिचकिचाहट के नागरिकता के लिए आवेदन करें क्योंकि इससे उनकी नौकरी या उनकी संपत्ति प्रभावित नहीं होगी क्योंकि उन्हें पूर्वव्यापी प्रभाव से नागरिकता प्रदान की जाएगी।

# पूर्व सीएम चंपई सोरेने के भाजपा में शामिल होने की अटकलें तेज

**एजेंसी/रांची**



झारखंड के पूर्व सीएम और जेएमएम नेता चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की चर्चा से प्रदेश में सियासी हलचल तेज हो गई है। चंपई सोरेन अपने कुछ विधायकों के साथ दिल्ली में हैं। राजनीति चचाओं के बीच उन्होंने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर अपनी व्यथा बताई है। चंपई सोरेन ने एक्स पर लिखा कि इतने अपमान और तिरस्कार के बाद मुझे वैकल्पिक रास्ता तलाशने पर मजबूर होना पड़ा। भारी मन से मैंने विधायक दल की बैठक में कहा कि आज से मेरे जीवन का एक नया अध्याय शुरू होने जा रहा है।

इसमें मेरे पास तीन विकल्प थे। पहला, राजनीति से संन्यास लेना, दूसरा अपना अलग संगठन बनाना और तीसरा अगर इस रास्ते पर कोई साथी मिले तो उसके साथ आगे का सफर तय करना। उस दिन से लेकर आज तक और आने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव तक इस सफर में मेरे लिए सभी विकल्प खुले हैं। आज समाचार देखने के बाद आप सभी के मन में कई सवाल उमड़ रहे होंगे। आखिर ऐसा क्या हुआ, जिसने कोल्हान के एक छोटे से गांव में रहने वाले एक गरीब किसान के बेटे को इस मोड़ पर लाकर खड़ा कर दिया। अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआत में औद्योगिक घरानों के खिलाफ मजदूरों की आवाज उठाने से लेकर झारखंड आंदोलन तक मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है। राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, गरीबों, मजदूरों, छात्रों एवं पिछड़े तबके के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने का प्रयास करता रहा हूं। किसी भी पद पर हर पल जनता के लिए उपलब्ध रहा, उन लोगों के मुद्दे उठाता रहा, जिन्होंने झारखंड राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे। इसी बीच 31 जनवरी को एक अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन ने मुझे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा करने के लिए चुना।

# बिहटा में एयरपोर्ट बनने से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर: सीएम नीतीश



**केटी न्यूज/पटना**

बिहटा में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने की कवायद शुरू हो गई है। इसको लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को बिहटा में बनाये जानेवाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थल पर पहुंचे और स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को नक्शा के माध्यम से वहां शुरू कराये जाने वाले निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैश होगा। हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये यहां आधुनिकतम व्यवस्थायें की जायेगी। पटना में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बन जाने के बाद आम लोगों और व्यवसायियों के लिए यह काफी आरामदेह साबित होगा।

बिहटा में बनाये जानेवाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट स्थल पर निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द इस एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू हो जाए ताकि लोगों को हवाई यात्रा में और अधिक सहूलियत हो सके। उन्होंने कहा कि इसके शुरू हो जाने के बाद विभिन्न जगहों पर से आना-जाना आसान हो जायेगा। इस एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़ने वाला भार भी कम होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बन जाने से रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। बिहटा एयरफोर्स बेस स्टेशन पर सिविल एनक्लेव बनाने की जब योजना बनायी गयी तो राज्य सरकार ने 108 एकड़ भूमि की स्वीकृति दी और उसकी चहारदीवारी भी करायी गयी। 08 एकड़ और जमीन देने की मांग एयर अथॉरिटी ने राज्य सरकार से की थी, जिसकी भी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। निरीक्षण के दौरान सीएम के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के डीएम डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।






# जहानाबाद में सेंटर पर परीक्षा देने आए सिपाही अभ्यर्थियों ने किया बवाल

- सिपाही भर्ती परीक्षा में 21,391 पदों पर चयन के लिए बिहार के कुल 545 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई
- प्रश्न पत्र देरी से मिलने से नाराज हुए थे अभ्यर्थी



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

सिपाही भर्ती परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गई। इस बीच जहानाबाद जिला के शिक्षक कॉलोनी राजाबाजार स्थित रामकृष्ण परमहंस पब्लिक स्कूल में बने। परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों ने जमकर हंगामा किया। अभ्यर्थियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोगों को सुबह से ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने को लेकर बुलाया गया था। हम लोग भूखे-प्यासे केंद्र पर पहुंच गए थे। विद्यालय के लोगों के द्वारा समय से प्रश्न पत्र नहीं दिया गया, जिसके कारण हम लोगों ने इसका प्रतिकार करते हुए हंगामा किया। अभ्यर्थियों का कहना है कि जब हम लोगों को केंद्र में प्रवेश करने के लिए समय निर्धारित है ऐसी स्थिति में केंद्र पर प्रश्नपत्र देरी से क्यों दिया जा रहा है। डीएम और एसपी ने बताई वजह इस संबंध में एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने कहा कि कुछ अभ्यर्थियों के द्वारा प्रश्न पत्र देर से दिए जाने को लेकर हंगामा किया गया था, जिसे शांत कर लिया गया है। एसपी ने बताया कि शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न हो गई है। जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय का कहना है कि जो प्रश्न पत्र का पैकेट था, उसका सेंटर कोड गलत छप गया था। इस वजह से प्रश्न पत्र देर से दी गई। प्रश्न पत्र देर से दिए जाने के बाद अभ्यर्थियों के द्वारा हंगामा किया गया है। बाद में हम लोगों ने समझाबूझाकर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न कर लिया गया। आयोग को भी इस संबंध में जानकारी दे दी गई है।इन पर हुई कार्रवाई रविवार को हुए सिपाही भर्ती परीक्षा में कदाचार के आरोप में 09 अभ्यर्थी संलिप्त पाये गये, जिनमें पुलिस ने तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। एक अभ्यर्थी को परीक्षा से निष्कासित किया गया हा, जबकि पटना, गया और भोजपुर में पांच अभ्यर्थियों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। भागलपुर और सहरसा में तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया गया है। केन्द्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा में 21,391 पदों पर चयन के लिए बिहार के कुल 545 परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा हुई। परीक्षा मध्याह्न 02:00 बजे आयोजित की गई थी, जिसमें 17,87,720 अभ्यर्थी शामिल हुए। आँकड़ों के अनुसार अभ्यर्थियों की उपस्थिति लगभग 67 प्रतिशत रही।

# मोतिहारी में सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान फर्जी परीक्षार्थी गिरफ्तार

**केटी न्यूज/ मोतिहारी**

मोतिहारी में गोपाल साह हाई स्कूल के परीक्षा केंद्र से सिपाही भर्ती परीक्षा देते हुए एक मुन्ना भाई (फर्जी परीक्षार्थी) को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के बाद पुलिस सकते में है और काफी सतर्क भी हो गई। इस घटना के बाद से मोतिहारी शहर के कई आवासीय होटलों की तलाशी ली जा रही है।जानकारी के मुताबिक, सिपाही पद पर नियुक्ति के लिए लिखित प्रतियोगिता परीक्षा केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) परीक्षा बिहार द्वारा आयोजित की जा रही है। इसी सिलसिले में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा और पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा द्वारा जिला स्कूल और गोपाल साह विद्यालय परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।जांच के दौरान गोपाल साह विद्यालय के परीक्षा केंद्र पर एक फर्जी परीक्षार्थी को पकड़ा गया, जो दूसरे की जगह पर बैठकर परीक्षा दे रहा था। पूछताछ के दौरान पकड़े गए व्यक्ति राकेश कुमार ने बताया कि वह पटना का रहने वाला है। उसके बाद उसको पकड़ कर थाने ले जाया गया। जहां प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

## बरसात में जानलेवा साबित हो रहे नदी-तालाब, नहीं लग पा रहा गहराई का अंदाजा

# मुजफ्फरपुर, सहरसा और बेगूसराय में डूबने से गई आठ लोगों की जान

**केटी न्यूज/पटना**

सूबे में सहरसा, मुजफ्फरपुर व बेगूसराय में डूबने से कुल आठ लोगों की मौत हो गई। बेगूसराय में चार लोगों की मौत हुई। जिसमें से एक ही परिवार के तीन लोग शामिल थे। वहीं सहरसा में कोसी नदी में डूबने से दो सहेलियों की मौत हो गई। जबकि मुजफ्फरपुर में दाह संस्कार में शामिल होने गए पांच युवक डूब गये। जिसमें से तीन को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दो युवकों के शव की तलाश हो रही है।

### बेगूसराय में डूबने से 4 की मौत

बेगूसराय में नहाने के दौरान बाढ़ के पानी में एक ही परिवार के 3 सदस्य डूब गए। मां की लाश बरामद कर लिया गया है लेकिन दोनों बच्चियों की तलाश जारी है। मृतका की पहचान बलिया थाना अंतर्गत दियारा क्षेत्र के पहाड़पुर पंचायत के तुलसी टोला निवासी राजाराम की 37 वर्षीय पत्नी द्रौपदी देवी के रूप में हुई है। वही 12 वर्षीय बेटी रिमझिम और 14 वर्षीय रूमा के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि राजाराम की दोनों बेटियां रिमझिम और रूमा मां के साथ स्नान करने नदी के तट





पर गयी थी। तभी गहरे बाढ़ के पानी में दोनों चली गई। बेटी को डूबते देख मां द्रौपदी देवी बचाने के लिए नदी में कूद गई। बेटियों को बचाने के क्रम में वो भी गहरे पानी में चली गयी जिसके कारण दम घूटने से उसकी मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना नया गांव के छितनौर की है जहां एक किसान की डूबने से मौत हो गई। मृतक किसान की पहचान नयागांव थाना क्षेत्र के नयागांव वार्ड-5 निवासी 55 वर्षीय अनिल सिंह के रूप में हुई है।

### घास काटने गई दो सहेलियों की डूबने से मौत

सहरसा के महिषी थाना क्षेत्र के एना गांव में कोसी नदी के किनारे घास काटने गईं तीन सहेलियों में से दो की डूबने से मौत हो गई। तीसरी लड़की के शोर मचाए जाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे जिसके बाद दोनों शव को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतका की पहचान महिषी थाना क्षेत्र के एना वार्ड-11 निवासी जीवछ चौपाल और सुरजी देवी की बेटी करिश्मा कुमारी (13) और वार्ड-10 निवासी संतोष पंडित और ललिता देवी की बेटी आरती कुमारी (15) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

### दाह संस्कार करने गए पांच लड़के नदी में डूबे, दो लापता

मुजफ्फरपुर से आ रही है, जहां बूढ़ी गंडक नदी में पांच किशोर डूब गए। दाह संस्कार के बाद सभी नदी में स्नान कर रहे थे, तभी पांचों गहरे पानी में चले गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तीन को तो बचा लिया लेकिन दो लड़के डूब गए। घटना सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के सीढ़ी घाट की है।तीन बच्चों में से एक की हालत नाजुक है, जिसे इलाज के लिए एसकेएमसीएच में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ और पुलिस नदी में लापता हुए दोनों किशोर को तलाश कर रही है। लापता लड़कों की पहचान रोहित कुमार और बबलिश कुमार के रूप में हुई है वहीं प्रिंस, मनीष और विकास को लोगों ने बचा लिया है।बताया जा रहा है कि सभी बच्चे मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के सतपुरा मिल्की टोला के रहने वाले हैं और मोहल्ले के रहने वाले पवन गुप्ता की मां की मौत के बाद उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सीढ़ी घाट गए थे। दाह संस्कार के बाद पांचों लड़के नदी में नहाने चले गए।



टीवी सीरियल रामायण से घर-घर में श्रीराम के किरदार में लोकप्रिय हुए सांसद अरुण गोविल और बॉलीवुड के लोकप्रिय गायक व नेशनल अवार्ड से सम्मानित उदित नारायण पटना पहुंचे। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान सीएम भी उनसे गर्मजोशी से मिले। वहीं दोनों कलाकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान बिहार सरकार में मंत्री अशोक चौधरी, जदयू प्रदेश महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह भी मौजूद रहे।




# राखी की खरीदारी कर घर लौट रही मां-बेटी को हाईवा ने रौंदा, मौके पर मौत

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



औरंगाबाद में रविवार को दोपहर बाद हुए भीषण सड़क हादसे में भाई के लिए राखी खरीद कर घर लौट रही मां-बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चाचा-भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एनएच-139 पर कुटुम्बा थानाक्षेत्र में लभरी परसावां के पास की है। जहां अनियंत्रित हाईवा ट्रक ने राखी खरीदकर लौट रही मां-बेटी को रौंद दिया।जानकारी के मुताबिक, मां-बेटी राखी की खरीदारी कर अपने घर वापस लौट रहीं थी। इसी दौरान एनएच-139 पर कुटुम्बा थाना क्षेत्र में लभरी परसावां के पास अनियंत्रित हाइवा ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटी की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि इस हादसे में चाचा-भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गईं। मृतकों की पहचान रिसियप थानाक्षेत्र के घेउरा गांव निवासी हरेंद्र पासवान की पत्नी सोनम देवी और उनकी दो वर्षीय पुत्री अनुष्का कुमारी के रूप में की गई है। हादसे में मृतका सोनम की तीन वर्षीय पुत्री परी कुमारी और देवर कुंदन कुमार घायल हुए हैं।जानकारी के अनुसार, रविवार की दोपहर कुंदन ही अपनी भाभी और दोनों भतीजियों को राखी की खरीदारी कराने बाइक से लेकर अम्ब बाजार गया था। राखी की खरीद के बाद सभी बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान लभरी परसावां गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित हाईवा ने बाइक को रौंद डाला, जिससे मां-बेटी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चाचा-भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाइवा चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल चाचा-भतीजी को इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल लाया गया। वहीं, हादसे के बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई।

### शराब तस्कर का पीछा करने के दौरान चौकीदार की मौत

**मोतिहारी।** मोतिहारी में शराब तस्कर का पीछा करने में लगी पुलिस की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में महमदपुर थाने की गाड़ी पर सवार चौकीदार की मौत हो गई। जबकि अधिकारी और सिपाही घायल हो गए। यह घटना डुमरिया घाट थानाक्षेत्र के बड़हरवा के पास की है। जानकारी के मुताबिक, मोतिहारी जिले के डुमरिया घाट थानाक्षेत्र से एक बड़ी घटना सामने आई है। जहां पुलिस का वाहन पलटने से चौकीदार की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि एनएच-27 पर बड़हरवाखुर्द गांव के पास रविवार को गोपालगंज जिले के महमदपुर थाने का निजी वाहन एक संदिग्ध वाहन (शराब तस्कर) का पीछा करते हुए अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर पर पलट गया।




## बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल ने दिलाई सदस्यता

# लोजपा नेता व तरारी के पूर्व विधायक सुनील पांडेय अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल

- सुनील पांडेय ने अपने बेटे को भी भाजपा में कराया शामिल

**केटी न्यूज/पटना**



राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तरारी विधान सभा के पूर्व विधायक डॉक्टर नरेंद्र कुमार पांडेय उर्फ सुनील पांडेय रविवार अपने पुत्र विशाल प्रशांत एवम हजारों समर्थकों के साथ आज अटल सभागार में राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी से त्याग पत्र देकर बीजेपी में शामिल हो गए। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बिहार सरकार के भूमि सुधार मंत्री दिलीप जयसवाल से बीजेपी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूर्व विधायक सुनील पांडेय और युवा नेता विशाल प्रशांत के पार्टी में शामिल होने से शाहाबाद परिक्षेत्र में पार्टी की स्थिति काफी मजबूत होगी और साथ ही आने वाले चुनाव में एनडीए की स्थिति भी काफी मजबूत होगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील पांडेय ने कहा कि बीजेपी की नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उन्होंने रविवार को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृह मंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विजय सिन्हा सहित पार्टी के केंद्रीय एवम राज्य पदाधिकारियों के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर युवा नेता विशाल प्रशांत ने कहा कि बीजेपी की युवाओं के प्रति अच्छी नीति से प्रभावित होकर आज अपने पिता सुनील पांडेय के साथ बीजेपी की सदस्यता ग्रहण किया।इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में बीजेपी प्रोटोकॉल संयोजक मनोज कुमार डॉक्टर शरद कुमार भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज जिला पार्षद वंदना राजवंशी अजीत राय संदीप पाण्डेय राम सुभाग सिंह उमेश राय बैजनाथ उपाध्याय सियाराम राय मदन स्नेही राम बहादुर यादव उदय सिंह अभय सिंह राजेंद्र राय साधु सिंह अनिल राय मनोज सिंह गुड्डू प्रसाद रवि गुप्ता रवि केशरी रवि रंजन राय अमित कुमार विमल कुमार पप्पू सिंह पांडेय मुखिया शशि भूषण चौधरी राकेश रंजन पुतुल मुकुल सिंह मंटू राय मुखिया राकेश राय मुखिया कमलेश सिंह निर्मल सिंह नरेंद्र पासवान विजय पासवान पवन पासवान सुधीर राम अजय रजक टिंकू सिंह सुशील कुमार विनोद सिंह कुशवाहा रंजन कुशवाहा शशिकांत गुप्ता रंजीत पासवान शिवजी चंद्रवंशी गोविंद केसरी ललन रजक नंदा साहू इजहार अहमद पप्पू खान सहित अन्य मौजूद थे।

# रक्षाबंधन आजः बक्सर व डुमरांव अनुमंडल के बाजारों में रही चहल-पहल

◆ जमकर हुई राखियों की खरीदारी, देर रात तक मिठाई की दुकानों पर लगी रही भीड़

**केटी न्यूज/बक्सर/डुमरांव**



भाई-बहन के अटूट प्रेम का पर्व रक्षाबंधन सोमवार को मनाया जायेगा। इसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। बहनों ने दूर-दराज रहने वाले भाइयों के लिए कुरियर के माध्यम से राखियां भेजी। वहीं नजदीक के गांव में या आसपास शहरों में रहने वाले भाइयों को राखी पर आने का संदेश बहनों ने दिया। दूसरी तरफ भाइयों ने भी बहन को उनके घर पहुंच कर राखी बांधने का निमंत्रण दिया है। रविवार को राखी खरीदारी को लेकर डुमरांव शहर सहित पूरे अनुमंडल के बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ी रही। लोग अपने पसंद के अनुसार राखियों की खरीदारी देर रात तक करते रहे। कोई महंगी राखियों की खरीदारी कर रहा, तो कोई बच्चों के लिए कार्टून वाली। छोटे बच्चों में राखी को लेकर काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

छोटी बहनें अपनी भाइयो के लिए अभिभावकों से राखियों की खरीदारी करवा रही हैं। दस रुपये से लेकर 400 रुपये तक कि राखियां बाजार में बिक रही। इनमें लाइट वाली राखी 20 से 150 रुपये, फैंसी धागों की राखी 10 से लेकर 50 रुपये, कड़ा राखी 50 से लेकर 180 रुपये, ब्रेसलेट राखी 30 से लेकर 200 रुपये तक में बिक रही हैं।

**मिठाई के दुकानों पर रही भीड़ :** रक्षाबंधन को लेकर मिठाई की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ लगी रही। लोग अपनी पसंद के मिठाइयों की खरीदारी करते रहे। दुकानदारों द्वारा तरह-तरह की मिठाइयां दुकानों में सजायी गयी हैं। परंपरा के अनुसार बहनें राखी बांधकर भाइयों को मिठाई खिलाती हैं। वहीं भाई भी बहनों को मिठाई खिलाते हैं। इस कारण इन दुकानों पर खरीदारों की भीड़ रही है। बिक्री को लेकर दुकानदारों में भी खुशी का माहौल है। 200 रुपये से 800 रुपये किलो की मिठाइयां दुकानों पर बेची जा रही है।

**रेडीमेड दुकानों पर हुई जमकर खरीदारी :** रक्षाबंधन के दिन भाई व बहन परंपरा के अनुसार नये कपड़े पहनते हैं। नये कपड़ों में ही रक्षाबंधन की पूजा करते हैं तथा नये कपड़ों में ही राखी बांधने-बंधवाने का काम किया जाता हैं। इसे लेकर कपड़ों की दुकानों पर भी खरीदारों की भीड़ लग रही। तरह-तरह के कपड़े लोग खरीद रहे हैं। दुकानदार बिक्री को लेकर काफी गदगद दिखे।

### इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा और पंचक का साया

आचार्य आदित्य तिवारी जी महाराज बताते हैं कि हर माह के पांच दिन ऐसे होते हैं जिनमें कई तरह के शुभ और मांगलिक कामों को करने की मनाही होती है। इन्हें पंचक कहा जाता है। बता दें कि अगस्त माह में पंचक का आरंभ श्रावण मास की पूर्णिमा यानी 19 को शाम 7.01 से पंचक आरंभ हो रहा है। जो 23 अगस्त तक रहेगा। लेकिन, सोमवार के दिन शुरू होने के कारण ये राज पंचक होंगे। ऐसे में आप शुभ कामों को आसानी से कर सकते हैं। इसमें किसी प्रकार का दोष नहीं लगता है। इस साल रक्षाबंधन में सुबह से ही भद्रा का साया रहेगा। इसी के कारण दोपहर के डेढ़ बजे के बाद ही राखी बांधना शुभ होगा।

## एक नजर

### बक्सर में कला विश्वविद्यालय समय की जरूरत, संसद में करेंगे मांग : सुधाकर सिंह

**बक्सर।** बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, जिला इकाई के तत्वावधान में नई बाजार मठिया मोड़ के एक निजी मैरेज हॉल में बक्सर सांसद सुधाकर सिंह का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी शुरूआत सांसद ने दीप प्रज्जवलित कर की। आयोजित सम्मान समारोह के पीछे मुख्य वजह लोकसभा चुनाव के दौरान बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति जिला इकाई ने सुधाकर सिंह से मुलाकात कर जिले के समस्त कुम्हार प्रजापतियों का वोट उनके पक्ष में देने का वादा किया था और उसे निभाया भी। इसके बाद सुधाकर सिंह भी न्योता मिलते ही सहर्ष इस समारोह में शामिल होने की हामी भर दी थी। इस अवसर पर प्रजापति समाज के कई बुद्धिजीवियों ने सांसद के सम्मान में अपने-अपने मंतव्य रखे। इस क्रम में डॉ. श्वेत प्रकाश ने सांसद द्वारा लोकसभा में बिहारवासियों के लिए उठाए गए विभिन्न मुद्दों को क्रम से रखा। महेंद्र प्रजापति ने प्रजापतियों के उत्थान के लिए विभिन्न मांग रखी तथा माटी कला बोर्ड के गठन में उनसे सहयोग की अपेक्षा की। सभा की अध्यक्षता अमरनाथ प्रजापति ने व संचालन रामचीज प्रजापति ने किया। उन्होंने अपनी ओजस्वी वाणी द्वारा सम्मान समारोह के इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित सांसद सुधाकर सिंह ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए किए जा रहे हैं प्रयासों पर विस्तृत चर्चा किया। उन्होंने शिल्पकारों के उत्थान के लिए कला विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने पर बल देते हुए कहा कि शिल्पकारों की कला विलुप्त होने के कगार पर है। उसे संरक्षित करने के लिए कला विश्वविद्यालय की स्थापना समय की मांग है। उन्होंने बक्सर जिले में दिव्यांगों के लिए छात्रावास निर्माण की बात कही। उन्होंने सदैव इस समाज के प्रति सक्रिय रहने और उनके सुख-दुख में खड़ा रहने का वचन दिया। इस अवसर पर राजद के जिलाध्यक्ष शेषनाथ यादव एवं प्रखंड अध्यक्ष विनोद यादव भी उपस्थित रहे।



### जल संरक्षण के लिए डुमरांव के युवक अजय को अनुमंडल प्रशासन ने किया सम्मानित

**डुमरांव।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज हाई स्कूल के मैदान में झंडतोलन के उपरांत आयोजित कार्यक्रम में जलपुत्र के नाम से चर्चित युवा अजय राय को जल जीवन हरियाली के अंतर्गत जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एसडीएम राकेश कुमार और एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से मोमेंट देकर सम्मानित किया गया वही अजय ने इसके लिए दोनो पदाधिकारियों को धन्यवाद भी दिया। इस संबंध में एसडीएम राकेश कुमार और एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी का अजय के इस जल संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए कहना है जल संरक्षण के क्षेत्र में युवक अजय राय का सोच निश्चित सराहनीय है इससे हर लोगों को प्रेरणा लेते सभी लोगों जल संरक्षण के लिए व्यक्तिगत एवं समाजिक रूप से प्रयास करना चाहिए। इसके पहले भी जल संरक्षण के लिए अजय को बक्सर जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।






## खबरें फटाफट

### युवक को पीटा, चार पर केस दर्ज

डुमरांव। शहर के चारमोटिया इनार मोहल्ले में एक युवक की पिटाई कर बैग में रखे गये छह हजार रुपये छीने जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया हैं। पीड़ित गोपाल प्रसाद के बेटे आशुतोष कुमार बताया जाता हैं। पीड़ित ने पुलिस को दिए गये आवेदन में बताया हैं कि वह जांच क्लिनिक से घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान चारमोटिया इनार निवासी शहाबुद्दीन, टुन्ना, मुन्ना और पिंकू रास्ते में घेर लिए और अचानक हमला कर मेरा बैग छीन लिया। जिसमें छह हजार रुपये था। शोरगुल करने के बाद ये सभी मारपीट कर जख्मी कर दिये और बैग लेकर फरार हो गये। परिजन और राहगीरों की मदद से अनुमंडल अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने इलाज किया।

### पूरे दिन बाधित रही बिजली

**डुमरांव।** रविवार की अहले अनुमंडल इलाके में हुई जोरदार बारिश के बाद शहर सहित पूरे अनुमंडल की विद्युत आपूर्ति दोपहर तक बाधित रही। सुबह के पिक आवर में बिजली कटौती से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह में बिजली गायब रहने से सबसे अधिक परेशानी लोगों को पेयजल को लेकर हुई। हालांकि, दोपहर बाद परिचालन दुरूस्त हो गया था।

## रंग लाई केशव टाइम्स की मुहिम, गड्ढों में तब्दील स्टेशन रोड सह एसएच की हुई मरम्मत

# जानलेवा बन चुके स्टेशन रोड को जल जमाव से मुक्त करने में जुटा प्रशासन





◆ एसडीओ के निर्देश पर एनएचएआई व नगर परिषद ने चलाया संयुक्त अभियान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

केशव टाइम्स की मुहिम रंग लाई है। गड्ढों में तब्दील स्टेशन रोड में वाहनों के पलटने तथा आम लोगों के फजीहत की बार-बार खबर प्रकाशित करने के बाद आखिरकार प्रशासन की तंद्रा टूटी तथा एसडीओ राकेश कुमार के निर्देश पर डुमरांव नगर परिषद प्रशासन व एनएचएआई ने संयुक्त अभियान चला गड्ढों को पाट सड़क को समतल बना परिचालन को सुगम बनाया। रविवार को पहले नगर परिषद की टीम ने राज हाई स्कूल के खेल मैदान के गेट के सामने तथा ईदगाह से थोड़ा पहले सड़क पर उभरे गड्ढों में हुए जलजमाव को मोटर पंप के सहारे जलनिकासी करवाई, इसके बाद एनएचएआई की टीम ने उक्त गड्ढों में मिट्टी, गिट्टी व रेत डाल उसे समतल बना दिया। सड़क समतल होने के बाद लोगों ने इस मुहिम के लिए केशव टाइम्स को धन्यवाद दिया और कहा कि केशव टाइम्स सिर्फ अखबार नहीं बल्कि लोगों का सच्चा हितैषी है।

**नगर परिषद कराएगा नाले का निर्माणः** स्टेशन रोड की सड़क के जर्जर होने के पीछे जलजमाव को मुख्य कारण माना जा रहा है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर परिषद प्रशासन अब मुख्य पथ के किनारे नाले का निर्माण कराएगा। सड़क मरम्मत कराए जाने के दौरान वहां मौजूद नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि सुमित गुप्ता ने बताया कि नाला निर्माण कराने की योजना बना ली गई है। बरसात बाद इसका प्राक्कल तैयार करवा डीपीआर तैयार कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि न सिर्फ स्टेशन रोड बल्कि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में जल जमाव की समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

**पिछले एक सप्ताह में पलटे है दो दर्जन से अधिक वाहन :** बता दें कि बरसात के शुरूआत से ही यह सड़क काफी जर्जर हो गई थी। खासकर लालगंज कड़वी से राज हाई स्कूल के खेल मैदान तक करीब एक किलोमीटर के दायरे में तीन जगहों पर बड़े गड्ढें उभर आए थे। पिछले एक सप्ताह से स्थिति काफी गंभीर हो गई थी तथा अकेले राज हाई स्कूल के खेल मैदान के सामने उभरे गड्ढें में एक सप्ताह के दौरान दो दर्जन से अधिक वाहन पलटे है। जिनमें सर्वाधिक संख्या ई-रिक्शा का था।

**पूर्व में भी कराया गया था मरम्मत**

बता दें कि 15 अगस्त के पहले भी केशव टाइम्स ने इस खबर को प्रकाशित किया था। जिसके बाद एसडीओ के निर्देश पर एनएचएआई ने गड्ढों पर ईंट के टुकड़े डलवाए थे। लेकिन, कम मात्रा में ईंट डाले जाने व अगले दिन ही जोरदार बारिश से गड्ढें न सिर्फ फिर से कायम हो गए बल्कि वाहनों के दबाव के कारण और बड़े हो गए थे। जिससे परिचालन खतरनाक बन गया था।

### केशव टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी जर्जर सड़क की खबर

बता दें कि स्टेशन पर पर कई बड़े बड़े गड्ढें उभर आए थे। जिनमें बरसात का पानी भर जाने के बाद परिचालन खतरनाक हो गया था। रविवार की सुबह तक राज हाई स्कूल मैदान के गेट के पास मुख्य सड़क पर उभरे गड्ढें में वाहन पलटते रहे। जिसको लेकर केशव



टाइम्स ने इस खबर को कई बार प्रमुखता से प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या के प्रति आकृष्ट कराया था। जिसके बाद एसडीओ ने इस पर संज्ञान लिया तथा एनएचएआई के अधिकारियों व नगर परिषद प्रशासन को तत्काल इस पथ के मरम्मत का निर्देश दिया।

**कराई जाएगी मरम्मत**

"अभी सड़क पर उभरे गड्ढें को भराया गया है। बरसात बाद पूरे सड़क का मरम्मत कराई जाएगी। स्टेशन रोड यहां की मुख्य सड़क है। अनुमंडल के परिवहन व्यवस्था में इस सड़क का काफी महत्व है। इसे ध्यान में रख सड़क को काफी बेहतर बनवाया जाएगा। – राकेश कुमार, एसडीओ, डुमरांव

# फैसले के बाद कोर्ट से फरार तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



बक्सर के एक्साइज कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद फरार हुए एक कुख्यात शराब तस्कर को पुलिस ने लोडेडे कट्टा, पांच कारतूस तथा 69.12 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। रविवार को डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। डीएसपी ने बताया कि बड़की नैनीजोर निवासी विक्की तिवारी पिता काशीनाथ तिवारी पर नैनीजोर थाने में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 661/20 दर्ज था।

जिसमें बक्सर के एक्साइज कोर्ट ने उसे अर्थदंड लगाते हुए पांच वर्ष की सजा सुनाई थी। लेकिन, सजा सुनते ही वह फरार हो गया था। डीएसपी की मानें तो वह करीब एक महीने से अधिक समय से फरार चल रहा था। डुमरांव डीएसपी को सूचना मिली थी कि वह अपने गांव आया है तथा ढाबी गांव के पास अवैध असलहा व शराब के साथ खड़ा हैं। वह शराब की खेप को ठिकाने लगाने का प्रयास कर रहा था। इस सूचना पर तत्काल एक टीम गठित कर डीएसपी ने उसे गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी करवाई। पुलिस टीम ने उसे लोडेड देशी कट्टा तथा पांच जिंदा कारतूस व 69.12 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। डीएसपी ने बताया कि वह इलाके का कुख्यात शराब तस्कर है। उस पर उक्त कांड संख्या के अलावे नैनीजोर व ब्रह्मपुर थाने में शराब तस्करी के आधा दर्जन मामले दर्ज है। पुलिस उसकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी। डीएसपी ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी पुलिस के लिए बड़ी उपलब्धि है। आवश्यक पूछताछ के

# नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए 16 सितंबर तक होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

**केटी न्यूज/नावानगर**

जिला के जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 16 सितम्बर निर्धारित है। विद्यालय के प्राचार्य कौशल कुमार ने दी। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 16 जुलाई से शुरू है। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया दो चरणों में पूरा होगा।

प्रथम चरण में अभ्यर्थी को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024 -25 में कक्षा पांचवी में किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त गैर सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत होने पर वे विद्यालय के जबकि रजिस्ट्रेशन आवेदन पत्र विभिन्न सूचनाओं भरना होगा। इसके बाद उस छात्र के रजिस्टर मोबाइल नंबर पर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त होगी। यूजर आईडी पासवर्ड का उपयोग कर दूसरे चरण की रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी छात्र कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए छात्र की जन्मतिथि 1 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 तक के बीच होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कक्षा छठवीं में चयन के लिए प्रवेश परीक्षा दिनांक 18 जनवरी 2025 शनिवार को जिला मुख्यालय में होगी इसके लिए किसी तरह की कोई शुल्क दे नहीं है। रजिस्ट्रेशन के लिए विशेष जानकारी डीईओ व बीईओ कार्यालय में भी संपर्क किया जा




## प्रतियोगिता के लिए विभिन्न स्थलों का चयन कर शारीरिक शिक्षा के कार्यालय उपाधीक्षक ने किया सार्वजनिक

# 29 अगस्त से शुरू होगी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

◆ प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक खेलों को किया गया है शामिल



बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना द्वारा जारी वार्षिक खेल कार्यक्रम 2024-25 का आयोजन 29 से 31 अगस्त तक किया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा जारी बक्सर जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन 29 से शुरू होकर 31 अगस्त तक चलेगा। चयनित खेल के आयोजन करने के लिए संस्थानों का भी चयन कर लिया गया है।

कार्यालय उपाधीक्षक शरीरिक शिक्षा बक्सर द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार इसका उदघाटन एम पी हाईस्कूल बक्सर में किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागी विद्यालयों की उपस्थिति अनिवार्य की गई है। साथ ही इसमें शामिल होने वाले उच्च, उच्चतर माध्यमिक, मान्यता प्राप्त सीबीएसई, आईएसई, जिसमें केन्द्रीय और नवोदय विद्यालय को छोड़कर अन्य सभी के लिए दस्तावेजों में योग्यता प्रमाण पत्र, निबंधन प्रपत्र एवं विभिन्न खेलों के लिए जिला स्तरीय विद्यालय खेल-कूद प्रतियोगिता हेतु निर्धारित आयु वर्ग में खिलाड़ियों की संख्या तथा खेलों की स्पर्धा विवरणी एवं वार्षिक खेल कार्यक्रम को मांगा गया है।

**29 को ताईक्वांडो व 30 को कुश्ती की होगी प्रतियोगिता**

इसकी तैयारी स्कूलों में शुरू कर दी गई है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चों का अभ्यास कराया जा रहा है। जिस स्कूल में खेल मैदान नहीं है, जिस स्कूल में है, वहां जाकर बच्चे अभ्यास कर रहे हैं। एमपी हाईस्कूल से शुरू होने वाले प्रतियोगिता में 29 अगस्त को एथलेटिक्स, बॉसकेट बॉल, शतरंज एवं 30 अगस्त को कबड्डी बालिका, खो-खो, हैंडबॉल, योगा व 31 अगस्त को इसी विद्यालय में वॉलीबॉल, हॉकी, कबड्डी पुरूष वर्ग का आयोजित होगा। वहीं किला मैदान बक्सर में दिनांक 29 से 31 तक अयोजित होने वाले खेलो में 29 को फुटबॉल, 30 को क्रिकेट बालक और बालिका, 31 को कुछ नहीं है। वहीं कला भवन बक्सर में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में 29 को ताईक्वांडो, 30 को कुश्ती, वुशु, जूजूत्सु व 31 को कराटे, जुड़ो फिर नगर भवन में 29 को कुछ नहीं, 30 को भारोतोलन 31 को कुछ नहीं, वहीं इंडोर हॉल बक्सर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में 29 व 31 को कुछ नहीं वहीं 30 को बैडमिंटन खेल का आयोजन किया जाएगा। सभी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को यह आदेशित किया गया है कि 24 अगस्त तक विद्यालय दल की सूची एवं योग्यता प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय एमपी हाईस्कूल बक्सर में जमा करना अनिवार्य किया गया है। नहीं जमा करने वाले स्कूल को मौका नहीं मिलेगा। इसकी विशेष जानकारी के लिए तीन अधिकारियों का मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है।



## डुमरांव स्थित राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी भगवती मंदिर का वार्षिकोत्सव तांत्रिक विधान से संपन्न, मेले में बच्चों व महिलाओं ने उठाया लुफ्त

# जयकारे से गूंजता रहा शहर, देर रात तक उमड़े श्रद्धालु



मां भगवती की मूर्ति।





मां बगलामुखी की मूर्ति।



मां तारा की मूर्ति।



अन्नपूर्णा भैरव की मूर्ति।

♦ शाहाबाद प्रमंडल के इकलौते तांत्रिक मंदिर के रूप में विख्यात है यह मंदिर, वार्षिकोत्सव पर दर्शन पूजन को लगा रहा तांता

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के लालाटोली रोड स्थित तथा शाहाबाद के इकलौते तांत्रिक मंदिर की मान्यता वाले राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी मां भगवती मंदिर का वार्षिकोत्सव रविवार को पूरे तांत्रिक विधान से संपन्न हुआ। इस मौके पर मंदिर के मुख्य पुजारी किरण मिश्र के नेतृत्व में अहले सुबह से ही तांत्रिक विधान से मां त्रिपुर संदुरी के अलावे मंदिर के स्थापित दस महाविद्याओं तथा पंच भैरव की विशेष पूजा की गई। अहले सुबह से शुरू हुई पूजा दोपहर बाद तक चली तथा शाम में हवनादि के बाद वार्षिक पूजा संपन्न हुआ। वार्षिक पूजा में हजारों श्रद्धालु उमड़े थे। श्रद्धालुओं द्वारा मां भगवती के लगाए जा रहे जयकारे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों से दुर्गा सप्तसती पाठ के अलावे अन्य तांत्रिक व वैदिक मंत्रोच्चार से इलाके में भक्तिरस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही थी। वार्षिकोत्सव में देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु स्वतः ही कतारबद्ध हो आ रहे थे तथा मां के दर्शन व पूजन के बाद वापस लौट रहे थे। यह सिलसिला रात 11 बजे तक जारी रहा। वार्षिक पूजा को संपन्न कराने में पंडित किरण मिश्र के साथ ही पूजा समिति के अभिषेक मिश्र, विनोद केशरी, चंदन कुमार, गोलू कुमार, टीपू कुमार, मंटू कुमार, दयाशंकर प्रसाद, बीरू राय, संजय चौधरी, भीखू, कृष्णा कुमार, युवराज, राहुल कुमार समेत सैकड़ो वोलंटियरों ने सराहीनय भूमिका निभाई।

**पूरी होती है साधकों की मनोकामना :** इस मंदिर से जुड़ी कई मान्यताएं है। मान्यता तो ये भी है यहां तंत्र साधाना करने वाले साधकों की मनोकामनाएं पूरी होती है। यही कारण है कि दूर-दूर से तंत्र विद्या की साधना करने वाले साधक यहां आते है तथा मां भगवती की कृपा से अपनी साधना पूरी करते है। इसके अलावे इस मंदिर के प्रति यह मान्यता भी जुड़ी है कि यहा सच्चे मन से मत्था टेकने वालों की हर मान्यताएं पूरी होती है। हर दिन इस मंदिर में सैकड़ो लोग दर्शन पूजन करने आते है। इन्हीं मान्यताओं के कारण ही वार्षिकोत्सव पर शहर के अलावे पूरे जिले से श्रद्धालु आए थे। वार्षिकोत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं की आस्था व उत्साह इस बात के प्रमाण है कि मंदिर के प्रति उनकी अटूट आस्था है।

**निस्तब्ध निशा में आती है मूर्तियों से आवाजें :** मंदिर के साथ ही कई अनोखी मान्यताएं भी जुड़ी है। कहा जाता है कि पूर्ण रूप से इस तांत्रिक मंदिर में निस्तब्ध निशा में मूर्तियों से आवाज आती है। ऐसा लगता है मानों मध्य रात्रि मूर्तियां आपस में बात कर रही है। यही कारण है कि इस मंदिर में रात में कोई नहीं सोता है। मंदिर के पुजारी किरण मिश्र के अलावे कई श्रद्धालुओं तथा आस पास के लोगों ने इसकी पुष्टि की है। लोगों की मानें तो मध्य रात्रि मंदिर परिसर से बुदबुदाने जैसी आवाजे आती है। ऐसा लगता है मानों मूर्तियां आपस में बात कर रही हो।

**नवत्रात में नहीं स्थापित होता है कलश :** पुजारी किरण मिश्र ने बताया कि पूर्णतः तांत्रिक इस मंदिर में कलश स्थापना नहीं की जाती है। बल्कि, नवरात्र में भी तंत्र साधना से ही यहां माता की प्राण-प्रतिष्ठा की जाती है। श्रद्धालु भक्तजन यहां सप्तशती का पाठ कर मन्नतें मांगते हैं। मां के वार्षिकोत्सव के दिन विशाल भंडारे का भी आयोजन होता हैं। इस बार भी भंडरा आयोजित हुआ था। जिसमें श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध हो प्रसाद ग्रहण किया।

**मेले में बच्चों ने उठाया लुफ्त :** वार्षिकोत्सव पर इस मंदिर में मेले का आयोजन भी होता है। चुकी यह मंदिर लालाटोली रोड की तंग गली में स्थापिता है, जिस कारण मेल का स्वरूप भी काफी छोटा रहता है। इस बार भी मेला आयोजित हुआ था। जिसमें देर रात तक बच्चें लुफ्त उठाते रहे।

### मंदिर में स्थापित हैं दस महाविद्या व पंच भैरव

सैकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर के संबंध में बताया जाता है कि राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी भगवती मंदिर पूरे शाहाबाद में दस महाविद्या के पूजन का इकलौता तांत्रिक मंदिर है, जहां साधकों की मनोकामना पूरी होती है। इस मंदिर में प्रधान देवी राज राजेश्वरी त्रिपुर सुंदरी की प्रतिमा के अलावा बगलामुखी माता, तारा माता, धुमावती, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, मातंगी, कमला, उग्र तारा, भुवनेश्वरी आदि दस महाविद्याओं तथा दत्तात्रेय भैरव, बटुक भैरव, अन्नपूर्णा भैरव, काल भैरव व मातंगी भैरव ये पंच भैरव की मूर्तियां भी स्थापित की गई है। तंत्र विद्या के साधकों के लिए दस महाविद्यालय व पंच भैरव की साधना सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। इसके अलावे इस मंदिरम में मां काली की स्थापना भी की गई है। जिस कारण तंत्र साधना करने वाले श्रद्धालु यहां दूर-दूर से साधना के लिए आते है।




मातंगी भैरव की मूर्ति।



दत्ता त्रेय की मूर्ति।



बटुक भैरव की मूर्ति।



काल भैरव की मूर्ति / फोटो मनीष कुमार

## वार्षिकोत्सव आजः अपने भक्तों की मुरादें पूरी करती हैं मां डुमरेजनी

♦ नगर देवी के रूप में विख्यात हैं मां डुमरेजनी, जिनके श्राप से हुआ था चेरो वंश का नाश




**केटी न्यूज/डुमरांव**

दक्षिणी पूर्वी छोर पर कांव नदी के किनारे स्थित मां डुमरेजनी के दरबार में पूरे सावन माह भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मनौतियों के साथ मां के दरबार में हाजिरी लगाने वाले भक्तों की ना सिर्फ झोली भरती है बल्कि माता आज भी नारी शक्ति की रक्षा करने का संदेश देती है। यहां मां के मिट्टी की पिंडी की लोग आराधना करते हैं।

सावन के पूर्णिमा 19 अगस्त को नगर देवी मां डुमरेजनी का वार्षिकोत्सव मनाया जाता है। जिसकी तैयारी समिति के सदस्यों द्वारा शुरू कर दी गयी है। समिति के अध्यक्ष वृज कुमार राय ने बताया कि वार्षिकोत्सव के दौरान भक्तों की अपार भीड़ जुटती है। ऐसी मान्यता है कि यदि कोई दिल से माता से कुछ मांगे, तो उसकी मुरादें पूरी होती हैं। आज भी मंदिर घने पेड़ों से घिरा है और आबादी से अलग है। फिर भी हर दिन लोग यहां पूजा अर्चना के लिए आते है। बुजुर्गों की माने तो लगभग पांच सौ वर्ष पहले डुमरांव घने जंगलों से घिरा हुआ था। उस वक्त सड़कें नहीं थी। कांव नदी और जंगलों के बीच से रास्ता भोजपुर घाट होते हुए उतरप्रदेश को जोड़ता था। इसी रास्ते पर चेरो जाति का किला था। चेरों का इस इलाके में आतंक था। लूटमार उनका पेशा था। डुमरांव प्रखंड के अरैला गांव के कौशिक गोत्रीय ब्रह्मण परिवार में डुमरेजनी का जन्म हुआ था। उनकी शादी यूपी के द्रोणवार ब्रह्मण से हुई थी। विदाई कराकर वह घोडे.पर सवार होकर इसी रास्ते से गुजर रहे थे। पीछे डुमरेजनी की डोली चल रही थी। जैसे ही चेरो के इलाके में पहुंचे, चेरों ने लूट की नीयत से हमला बोल दिया। पति के साथ डुमरेजनी भी चंडी का रुप धारण कर भिड़ गयी। पति के गिरते ही डुमरेजनी का हौंसला जवाब देने लगा। डुमरेजनी अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने आप को भस्म कर लिया।

### समय के साथ धीरे धीरे दिखने लगा माता का प्रभाव

कुछ समय बाद माता का प्रभाव इलाके में दिखने लगा। चेरो का साम्राज्य भी माता की कुदृष्टि के कारण खत्म हो गया। 19 वीं सदी के उतराढ़ में दक्षिण टोला के कुछ लोगों के प्रयास से पूजा अर्चना शुरू हुई। पहले माता का छोटा मंदिर बना। लोगों का मंदिर में आना-जाना शुरू हुआ। लोगों में माता के प्रति आस्था बढ़ती गयी। माता की कृपा से रीवा नरेश रमण सिंह को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई। संतान के रुप में मनौती पूरा होने पर महारानी ने भव्य मंदिर का निर्माण करवाया था। उसके बाद से आस्था का जनसैलाब उमड़ने लगा और उसका कदमताल आज भी जारी है।

### पुलिस जवान रहेंगे तैनात

मां डुमरेजनी के वार्षिकोत्सव पूजन पर मेला का आयोजन होता हैं। जहां दूर-दराज से भक्तों की टोली पहुंचती हैं। मेले में झूला चरखी के साथ सैकड़ो व्यंजनों की दुकानें सजती हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन की मुस्तैदी बनी रहती हैं। साथ ही समिति के सदस्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ उनकी सेवा करते हैं। इस दौरान दंडाधिकारी के साथ महिला व पुरुष बल के जवान भी तैनात रहते हैं।

## डॉक्टरों ने काली पट्टी बांध ज्योति प्रकाश चौक से निकाला आक्रोश मार्च

**केटी न्यूज/बक्सर**

कोलकाता में टेज्नी डॉक्टर से सामूहिक दुष्कर्म के बाद नृसंश हत्या की घटना के बाद से डॉक्टरों का हड़ताल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार की देर शाम इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बक्सर एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन की एक आपात बैठक आईएमए के अध्यक्ष डॉ रघुनाथ तिवारी के आवास पर हुई थी। जिसमें जिले के तमाम चिकित्सक शामिल हुए।




बैठक के दौरान कोलकाता के मेडिकल कॉलेज की ट्रेनी महिला चिकित्सक के साथ सामूहिक दुष्कर्म एवं जघन्य हत्या की घटना पर क्षोभ एवं आक्रोश व्यक्त करते हुए घटना में शामिल अपराधियों को फांसी दिलाने की मांग की गयी। बैठक की अध्यक्षता डॉ आरएन तिवारी ने किया, जबकि मंच संचालन आईएमए सचिव डॉ. रितेश चौबे ने किया। बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुसार सभी चिकित्सकों ने नगर के ज्योति प्रकाश चौक से रेडक्रॉस भवन तक तक अपने हाथों में काली पट्टी बांधकर मोबाइल की लाइट जलाकर आक्रोश मार्च निकाला। जिसमें काफी संख्या में महिला चिकित्सक भी शामिल रही। वही केंद्र सरकार से मांग करते हुए इस कांड में शामिल तमाम अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए तथा महिला और पुरुष चिकित्सकों को उनके कार्य स्थल पर पूरी सुरक्षा प्रदान की जाए। जिसके लिए केंद्र सरकार कठोर कानून बनाए और लागू करें। इसी संदर्भ में आईएमए के केंद्रीय मुख्यालय के निदेर्शानुसार बक्सर सहित देश के सभी चिकित्सकों ने 18 अगस्त की सुबह से सभी आपात सेवा को छोड़कर ओपीडी सेवाएं को बंद रखकर विरोध जताया।

आक्रोश मार्च में डॉ महेंद्र प्रसाद, डॉ बीके सिंह, डॉ सीएम सिंह, डॉ आरके सिंह, डॉ. शैलेश श्रीवास्तव, डॉ. एडी उपाध्याय, डॉ. अरुण कुमार, डॉक्टर दिलशाद आलम, डॉ. उज्जवल कुमार राय, डॉ वेद प्रकाश, डॉ. चंदन कुमार वर्मा, डॉ. एसएन उपाध्याय, डॉ. स्वाति भारती, डॉ. श्वेता पाठक, डॉ उषा सिन्हा, डॉक्टर निभा कुमारी, डॉ त्रिस्ता, डॉक्टर गिरिजा तिवारी व अन्य मौजूद रहे।

## निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन के लिए प्रभारी डीएम ने केंद्रों का किया निरीक्षण

# जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई सिपाही भर्ती की परीक्षा, 399 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

♦ बक्सर तथा डुमरांव रेलवे स्टेशनों के बाहर अभ्यर्थियों के लिए बना था हेल्प डेस्क काउंटर

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को जिले के 17 परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्रीय चयन पार्षद द्वारा आहूत सिपाही भर्ती के तीसरे चरण की लिखित परीक्षा संपन्न हुई। सभी केन्द्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा आयोजन एवं विधि व्यवस्था के लिए प्रभारी जिलाधिकारी कुमारी अनुपम सिंह के द्वारा विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।



इस दौरान उनके द्वारा केंद्राधीक्षकों को कदाचार मुक्त परीक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके पूर्व परीक्षा को लेकर परीक्षार्थी निर्धारित समय से पहले ही केंद्रों पर पहुंच गये थे। जिससे वे निर्धारित समय से केंद्र में प्रवेश कर सकें तथा परीक्षा से वंचित नहीं हो सकें। परीक्षा एक पाली में ली गई। जिसमें 6 हजार 641 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 3 हजार 99 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थिति रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय 9.30 बजे से 11 बजे तक ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। मुख्य गेट पर चिट पूर्जों तथा इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस की पूरी तरह से जांच के बाद प्रवेश दिया गया। वहीं परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रभारी जिला पदाधिकारी बक्सर कुमारी अनुपम सिंह के द्वारा एमपी उच्च विद्यालय बक्सर, इटाढ़ी रोड लालगंज डीएवी पब्लिक स्कूल, गुरूदास मठिया, इटाढ़ी रोड स्थित फाउंडेशन स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर एवं कैंब्रिज सीनियर सेकेंडरी स्कूल कथकौली का निरीक्षण किया गया। परीक्षा में कुल 9740 परीक्षार्थियों को शामिल होना था, जिसमें कुल 6 हजार 641 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। वहीं कुल 3 हजार 99 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

### बनाए गए थे हेल्प डेस्क

परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए बक्सर तथा डुमरांव रेलवे स्टेशनों के बाहर हेल्प डेस्क काउंटर बनाया गया था। जहां परीक्षार्थियों को उनके निर्धारित केन्द्रों के रूट की जानकारी के अलावे भी परीक्षा से संबंधित कई अन्य जानकारियां दी जा रही थी। सुबह से ही बक्सर व डुमरांव रेलवे स्टेशन के मुख्य निकास गेट पर यह हेल्प डेस्क कार्यरत था। प्रशासन द्वारा हेल्प डेस्क बनाए जाने से परीक्षार्थियों को बड़ी सहूलियत हुई।

### नकल रोकने पर रही नजर

पहले चरण की सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान डुमरांव में 145 प्रवेश पत्रों के साथ दो सेटरों के पकड़े जाने के बाद से पुलिस प्रशासन काफी सतर्क हो गया था। इस बार भी परीक्षा से पहले प्रशासन द्वारा कई एहतियात बरते गए थे। परीक्षा केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के साथ ही इलेक्ट्रानिक डिवाइस से चोरी रोकने के लिए परीक्षा केन्द्रों पर जैमर लगाए गए थे, ताकी परीक्षार्थी यदि किसी तरह प्रशासन की नजरों से बच कोई इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेकर चले गए हो तो उनका इलेक्ट्रानिक डिवाइस परीक्षा के दौरान कार्यरत नहीं होगा।



## खबरें फटाफट

### करंट की चपेट में आने से बच्ची की मौत

**राजपुर।** स्थानीय बाजार के कुरैशी मोहल्ला में विगत शनिवार की रात बिजली करंट के चपेट में आने से अख्तर कुरैशी की 11 वर्षीय बेटी असताना खातुन की मौत हो गई। वहीं अफजल हुसैन का छः वर्षीय बेटा झुलस कर जख्मी हो गया है। परिजनों द्वारा एनएमसीएच जमुहार में उसका इलाज कराया जा रहा है। थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने बताया कि कुरैशी मुहल्ले में चेहल्लुम का कार्यक्रम आयोजित था। जिस उत्सव में काफी संख्या में मोहल्ले के बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान दोनों बच्चे विद्युत तार के सम्पर्क में आ गए। जब लोगों को पता चला तब वे बचाव के लिए काफी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए, लेकिन तब तक अफसाना की मौत हो गई थी। परिजन आनन फानन में दोनों बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में मवेशी व पशुपालक घायल

**राजपुर।** राजपुर थाना क्षेत्र के सबेया गांव में राजपुर नासरीगंज पथ पर शनिवार की देर शाम तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिसमें दो मवेशी व पशुपालक जख्मी हो गए। घायल सत्येंद्र सिंह यादव ने बताया कि मवेशियों को खाना खिलाने के बाद बांधने के लिए घर ले जा रहे थे, तभी राजपुर की ओर से नासरीगंज जा रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। घटना में उनकी दो भैंस एवं वे खुद जख्मी हो गए हैं। एक भैंस की हालत गंभीर है,जो जीवन व मौत के बीच जुझ रही है।

### मारपीट के आरोप में शराबी पति को जेल

**नासरीगंज।** शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करते हुए पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कछवां थाना के निज ग्राम कछवां निवासी गुलशन प्रजापति शराब के नशे में धुत होकर अपने पत्नी के साथ मारपीट कर रहे थे। जिसकी सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाते ही मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंच शराबी को मारपीट करने के क्रम में गिरफ्तार कर लिया। तत्पश्चात पुलिस ने संबंधित मामले की जांच की। जांचोपरांत गिरफ्तार आरोपी को शराब पीने की पुष्टि हुई। तत्पश्चात शराबी को नशे की हालत में थाना लाया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबी शराब के नशे में धुत होकर अपने पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उक्त मामले में दो बार जेल जा चुका है।

## जहानाबाद में अभाविप ने आक्रोश मार्च निकाल कर ममता बनर्जी का पुतला फूंका

# पश्चिम बंगाल में महिला हिंसा व असुरक्षा का वातावरण अत्यंत चिंताजनक: सुरजीत

♦ अभाविप नेताओं ने की राष्ट्रपति एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से हस्तक्षेप की मांग

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, दक्षिण बिहार जहानाबाद के द्वारा आरजी कर मेडिकल कॉलेज, कोलकाता के ट्रेनी डॉक्टर छात्रा कि अस्पताल परिसर में बलात्कार कर नृशंस हत्या करने की घटना को लेकर नगर में आक्रोश मार्च निकाला गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया गया।

जिला सह संयोजक सुरजीत कुमार ने कहा कि ममता सरकार में महिला हिंसा व असुरक्षा का अनवरत वातावरण अत्यंत चिंताजनक है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा के निम्नतम सुविधाओं का भी अभाव था। भारत के राष्ट्रपति एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मांग करता किया है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द न्याय देने का कार्य करें।



### पश्चिम बंगाल में महिलाओं के प्रति हीन मानसिकता रखती है टीएमसी की सरकार

वहीं नगर मंत्री शशांक शेखर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी जिस तरह का असंवेदनशील व्यवहार दिखा रही है। उससे बंगाल की सरकार महिलाओं के प्रति हीन भावना और अपराधियों को संरक्षण देने की खतरनाक मानसिकता देखने को मिल रही है। ममता बनर्जी और टीएमसी के शासन में बंगाल महिलाओं के लिए नर्क से भी बदतर बन चुका है। कोलकाता की घटना के बाद देश की बेटिया डरी हैं। आज बेटी बचाओ पर ध्यान देने के बजाय, टीएमसी बलात्कारी बचाओ अभियान पर जोर दे रही है। भारत सरकार को कड़ें कानून बनानी चाहिए ऐसी घटना को रोकने हेतु।

नगर सह मंत्री मानस कुमार एवं सूरज कुमार ने कहा कि टीएमसी के शासन में बंगाल में जंगल राज आ चुका है। ममता बनर्जी सरकार में पश्चिम बंगाल अराजकता का गढ़ बन गया है। पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। ममता बनर्जी को इस घटना के बाद नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए, लेकिन ममता वाम और राम पर दोष मढ़ रही हैं।

**टीएमसी ने बंगाल को हिंसा की आग में झोंक दिया :** एबीवीपी के कार्यकर्ता पुरुषोत्तम जसवाल एवं मिथुन कुमार ने कहा कि टीएमसी ने बंगाल को हिंसा की आग में झोंक दिया है। महिलायें मर रही हैं पर उससे देखने बाला कोई नहीं हैं. तुष्टीकरण की राजनीति में ममता बनर्जी इतनी निर्दयी हो गई हैं कि उन्हें बंगाल की बेटियों की भी परवाह नहीं है। दरिंदों ने तो महिला डॉक्टर के शरीर को तड़पाया था लेकिन ममता बनर्जी और टीएमसी सरकार उसकी आत्मा को तड़पा रहे हैं। विभाग संयोजक गोपाल शर्मा, शुभम कुमार, अमरदीप कुमार, सत्यम कुमार, आलोक कुमार, संजीव कुमार, मानस वत्स, आदित्य कुमार, विवेक कुमार, अंजनी कुमार, अंकित कुमार, संजीव कुमार, शिवकांत कुमार, सूरज कुमार, ओम राज, आनंद कुमार, शिवम कुमार आदि लोग उपस्थित रहें।

### बलात्कार व हत्या के खिलाफ माले का प्रदर्शन

**जहानाबाद।** छात्राओं के साथ बलात्कार व हत्या के खिलाफ भाकपा माले, एपवा तथा इंसाफ मंच के आह्वान पर राजव्यापी प्रतिवाद मार्च निकाला गया। जिसमें सैकड़ों महिला और पुरुष हाथ में तख्ती के साथ एनडीए व नीतिश सरकार के खिलाफ नारा लगाते अरवल मोड पहुंचे। जहां सभा अध्यक्षता माले जिला, कमेटी सदस्य प्रदीप कुमार ने की। नेताओं ने अपने वक्तव्य में केंद्र व राज सरकार को घेरते हुए कहा कि दावा करने वाली एनडीए सरकार का बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा व्यवहार्ता जुमला साबित होते जा रहा है। विगत 15 दिनों के अंदर मुजफ्फरपुर के पारु गांव में उसके घर से लाकर उसके साथ सामूहिक बलात्कार हत्या कर तालाब में फेंक दिया गया। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज की छात्रा के साथ कॉलेज में ही बलात्कार कर हत्या कर दी गई। उत्तराखंड के रुद्रपुर के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में एक नर्स के साथ बलात्कार कर उसके सर को पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गई। वहीं जहानाबाद जिले के कंसुआ पंचायत में एक 2 वर्षीय अबोध बच्ची के साथ 35 वर्षीय दरिंदे ने बलात्कार किया। नेताओं ने महिलाओं की पूरी तरह सुरक्षा की गारंटी हो तथा कंसुआ पंचायत के बलात्कारी को स्पीडी ट्रायल चल कर अभिलंब सजा देने की मांग की।

## वाणावर जाने के दौरान घायल हुई महिला की इलाज के क्रम में मौत

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के वाणावर में स्थित बाबा सिद्धेश्वर नाथ में घटना कम होने के बजाए बढ़ रही है। इसी कड़ी में रविवार को बाबा मंदिर जाने के क्रम में पैर फिसलने से हुई घायल महिला को सदर अस्पताल में मौत हो गई।

बताया जाता है कि नवादा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के ग्राम केवई निवासी महिला आशा देवी बाबा मंदिर में जल अर्पित करने हेतु जा रही थी कि अचानक पैर फिसला और लुढ़क गई, जिससे गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजन उन्हें रेफरल अस्पताल मखदुमपुर ले गए। जहां से उन्हें सदर अस्पातल कर दयिा गया। जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतका के साथ आई महिला रेखा देवी ने बताया कि जल अर्पित करने जाने के क्रम में पहाड़ पर पैर फिसलने से घायल हो गए जिसे तत्काल मखदुमपुर अस्पताल लाया। वहां से जहानाबाद अस्पताल लाया जहां आशा देवी को मौत हो गई। मौत की सूचना के बाद परिजनों में चित्कार मच गया। सभी को रो रो कर बुरा हाल बना हुआ है।

## हत्या के विरोध में डॉक्टरों ने किया हड़ताल

**केटी न्यूज/बिक्रमगंज**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में अनुमंडल क्षेत्र के चिकित्सकों ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार किया गया। राष्ट्रीय आईएमए के आह्वान पर बिहार प्रदेश इकाई द्वारा बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत अनुमंडल क्षेत्र के चिकित्सा ओपीडी सेवा एवं सामान्य कार्य से स्वयं को अलग रखा।




बिक्रमगंज अनुमंडल इकाई के डॉ शशि भूषण सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल मुख्यालय में कार्यरत सभी चिकित्सक शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल में उपस्थित हुए। इस दौरान घटना की निंदा करते हुए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही केंद्र सरकार से चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा कानून लाने की मांग किया। मौके पर डॉ अरुण कुमार, डॉ ओमप्रकाश, डॉ कर्मेंद्र सिंह, डॉ सोनम सिंह, डॉ वीणा रानी, डॉ पिंकी कुमारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## एक नजर

### राखी निर्माण प्रतियोगिता में बच्चों का दिखा हुनर



**बिक्रमगंज।** शहर के एएस कालेज रोड स्थित मोडर्न कीड्स प्ले स्कूल में राखी-निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सीएम चौधरी ने रक्षाबन्धन के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक राखी बनाई। राखी निर्माण के उपरांत सभी छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी। इस आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा दो के रोहित कुमार प्रथम, उसी कक्षा का शुभम द्वितीय तथा कक्षा तीन के पियूष कुमार तृतीय स्थान पर रहा। विजेता और उपविजेता के साथ हीं सभी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य अनिता गुप्ता द्वारा पाठ्य सामग्री देकर सम्मानित किया गया। राखी निर्माण प्रतियोगिता का संचालन उपप्राचार्य अंजली सिन्हा और शिक्षिका सुरभी कुमारी ने किया। मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिका व छात्र छात्रा उपस्थित थे।

### भारतीय जनता पार्टी अकोदी गोला मंडल की विस्तृत कार्यसमिति की बैठक संपन्न



**डेहरी।** रविवार को महर्षि मेंही दास आश्रम तेतराढ़ में भारतीय जनता पार्टी मंडल अकोदी गोला की विस्तृत कार्य समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण राय और संचालन आशुतोष सिंह ने किया। बैठक को मंडल अध्यक्ष शशि भूषण राय के अध्यक्ष भूषण के उपरांत सभी पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं आगत अतिथियों ने संबोधित किया। वक्ताओं ने पार्टी के सिद्धांतों नितियों को बताते हुए बताया कि भाजपा पार्टी सत्ता सुख के लिए नहीं बल्कि देश सेवा एवं देश की सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा के लिए सत्ता प्राप्त एवं शासन करती है। भाजपा बिना किसी भेदभाव के सब का साथ लेकर सब का विकास करती है जो की जो की 2014 से भाजपा की केंद्र में सरकार होने पर दिख रही है। भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और भारत में में तीसरी बार तीसरी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है और भारत के बहुत से राज्यों में भाजपा की सरकार है जो जो आप सब वरिष्ठ कार्यकताओं के प्रयास से प्रयास से संघर्ष से संघर्ष से संभव हो पाया है इसलिए आप सब कार्यकताओं की भूमिका महती है। वक्ताओं ने भाजपा के कार्यकताओं के शौर्य एवं पराक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, जिला उपाध्यक्ष सह डेहरी विधानसभा प्रभारी प्रमोद सिंह कुशवाहा, पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ भोला सिंह, बिहार प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राजू गुप्ता, जिला प्रवक्ता कन्हैया सिंह, जिला प्रवक्ता एवं मंडल प्रभारी प्रकाश गोस्वामी पूर्व मंडल अध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह, रवि पांडेय, रमेश सिंह, महेंद्र सिंह, बिट्टू सोनी, देहरी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी, अकोदी गोला मंडल महामंत्री श्रीकांत चौबे, विपिन बिहारी गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा व अन्य मौजूद रहे।









## खबरें फटाफट

### मिथिलेश पासवान हत्याकांड का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**आरा।** कोईलवर के चर्चित मिथिलेश पासवान हत्याकांड मे पुलिस को दूसरी सफलता मिली है। पुलिस ने हत्याकांड के दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है?। वह नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा निवासी कामता यादव के पुत्र राहुल कुमार है। वह हत्याकांड का नामजद आरोपित है। राजगीर से गिरफ्तारी के बाद आरा लेने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र की ओर से गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। थानाध्यक्ष के अनुसार मिथिलेश पासवान हत्याकांड में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा पूर्व में ही एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को टीम लगी थी। उसी कड़ी में तकनीकी सूचना के जरिए राहुल कुमार के राजगीर में होने की सूचना मिली। सूचना की पुष्टि के बाद टीम को राजगीर भेजा गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बता दें कि पिछले चार जून की रात कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहां कुबेरचक निवासी की आरा में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद शव को सकड्डी–नासरीगंज पथ पर सकड्डी मोड़ से आगे झाड़ियों में फेंक दिया गया था। उसे 10 गोलियां मारी गयी थी। मिथिलेश पासवान पुराना हिस्ट्रीशीटर था। उसके खिलाफ जिले भर में हत्या लूट रंगदारी आर्म्स एक्ट समेत अन्य मामलों में मुकदमे दर्ज थे। उसे लेकर मिथिलेश पासवान के भाई के बयान पर कोईलवर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। इधर, राजगीर पुलिस के अनुसार राहुल अपने कुछ दोस्तों के साथ घूमने के लिए राजगीर गया था। वहां उसकी हत्या की प्लानिंग की गयी थी। हालांकि राहुल के बदले आरा नगर थाने के धरहरा में रहने वाले मंजीत कुमार की हत्या कर दी गई थी। वहीं दूसरी ओर पुलिस का दावा है कि इस हत्याकांड से जुड़े अन्य आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

### जिले के इमादपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय के पीछे शनिवार की रात घटी घटना

# रक्षाबंधन पर्व से पूर्व छात्र को घर से बुलाकर मारी गोली, मौके पर मौत

- पुलिस ने घटना के बाद शुरू की छानबीन
- सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम करा पुलिस ने परिजनों को सौंपा शव





**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के इमादपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय के पीछे शनिवार की रात घर से बुलाकर एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृत छात्र को एक गोली पेट में एवं एक गोली मुंह में मारी गई है। वही मृत छात्र के पास रहा एंड्राइड मोबाइल भी लापता है मोबाइल मिलने के बाद ही उसकी हत्या का राज खुल पाएगा। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी मच गई है। उधर घटना की सूचना मिलते ही पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह एवं इमादपुर थानाध्यक्ष सुनीत कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मृत छात्र के परिजनों से मिल घटना की जानकारी ली। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृत छात्र इमादपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव वार्ड नंबर आठ निवासी विद्यानंद पांडेय का 13 वर्षीय पुत्र पुष्पम राज कुमार उर्फ भोलू है एवं वह आठवीं कक्षा का छात्र था। इधर मृत छात्र के चचेरे चाचा ऋषि राज कुमार ने बताया कि वह शनिवार की रात दलान में अपने दादा राजेश्वर पांडेय के साथ सोया हुआ था। लेकिन वहां से वह बाहर कब निकला या किसी को नहीं मालूम। करीब देर रात बारह बजे जब उसके दादा राजेश्वर पांडेय की नींद खुली तो उन्होंने देखा कि वह वहां पर नहीं है। जिसके बाद परिजनों ने खोजबीन करना शुरू किया। तभी बालू घाट से काम कर वापस लौट रहे मजदूर ने बताया कि गांव के मध्य विद्यालय के पीछे एक किशोर जख्मी हालत में पड़ा हुआ है। सूचना पाकर परिजन जब वहां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनका ही लड़का वहां खून से लथपथ है और उसकी गोली मारकर हत्या की गई है। जिसके बाद पर परिजन द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी गई। वहीं दूसरी ओर मृत छात्रा के चचेरे चाचा ने उसके व परिवार के अन्य सदस्य का गांव में किसी भी व्यक्ति से किसी भी प्रकार की विवाद एवं दुश्मनी की बातों से साफ इनकार किया है। हालांकि छात्र की गोली मारकर हत्या किसने और क्यों की। यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। वही इस मामले में पीरो एसडीपीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि अभी हत्या कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। मृत छात्र के परिजन द्वारा भी कुछ क्लियर नहीं बताया जा रहा है। उनके आवेदन देने के बाद ही करण का पता चल पाएगा। जबकि सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेम-प्रसंग के मामले में छात्र की गोली मारकर हत्या करने की बात सामने आ रही है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृत छात्र अपने तीन बहन व एक भाई में छोटा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। उसके परिवार में मां गीता देवी व तीन बहन गरिमा कुमारी,राज कुमारी एवं श्रेया कुमारी है। रक्षा बंधन से मात्र एक दिन पूर्व उनके भाई की हत्या कर दी गई। घटना के बाद मृत छात्र के घर में हाहाकार मच गया है। इस घटना के बाद मृत छात्र की मां गीता देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी पुलिस गिरफ्त में होगें। उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

## सारण जिले में प्रेम प्रसंग में हुए हत्याकांड में आधा दर्जन गिरफ्तार

**केटी न्यूज/छपरा**

सारण जिले के भेल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदपुरा गांव स्थित लीची बगान में एक युवक की हत्या किए जाने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर पुलिस ने प्रेमिका सहित आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर उनको सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है।

घटना में संलिप्त गिरफ्तार अभियुक्तों में भेल्दी थाना क्षेत्र के चांदपुरा गांव निवासी पारस महतो, जितेन्द्र महतो, दीपु कुमार, पशुराम महतो, सुरीता देवी, काजल कुमारी शामिल हैं। बता दें कि जिले के मकेर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाघाकोल गांव निवासी सोनू कुमार शर्मा अपने ननिहाल भेल्दी थाना क्षेत्र के चांदपुरा गांव आया था। जहां उसका गांव की एक लड़की से प्रेम प्रसंग भी चल रहा था। जिसको लेकर पूर्व में विवाद के बाद मारपीट की स्थिति उत्पन्न हुई थी, लेकिन बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ था। जिसके बाद वह अपने घर मकेर चला गया था। उस समय पंचायत कर दोनों पक्षों को बैठाकर मामला सुलझा दिया गया था,लेकिन बीते दिन पुनः वह अपने ननिहाल पहुंचा था। जहां प्रेम प्रसंग में ही उसे उठाकर हत्या कर शव को लीची बगान में साड़ी के सहारे लटका दिया गया था। पुलिस ने इस गुत्थी को सुलझाने के लिए मोबाइल के सभी रिकार्ड को खंगाला था। इसके बाद पुलिस इस मामले को सुलझाने में सफल रही।

## हथियारबंद बदमाशों ने किशोर को मारी गोली, निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**केटी न्यूज/आरा**



शहर के नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति गेट के समीप शनिवार की देर रात हथियारबंद बदमाशों ने किशोर को गोली मार दी। जख्मी किशोर को गोली पेट में मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद पर परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी किशोर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी शिवजी यादव का 17 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर स्थित सूर्य नगर गली नंबर दो में रहता है। इधर आशीष कुमार ने बताया कि पांच दिन पूर्व उसकी गाय चोरी हो गई थी। शनिवार की देर रात वह अपनी गाय को खोजने के लिए निकला था। खोजने के क्रम में जब वह बाजार समिति गेट के पास पहुंचा। तभी एक सवारी गाड़ी पर सवार चार हथियारबंद बदमाश आए और उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। हालांकि जख्मी छात्र को गोली किसने और क्यों मारी। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

## एक नजर

### योग्य लोगों के हाथों में सौंपे सत्ता: मुन्ना भवानी



**छपरा।** रविवार को नगरा प्रखंड के कोरयां पंचायत के माया टोला में जनसुराज का मिलन समारोह आयोजित किया गया।जिसमे क्षेत्र के बड़ी संख्या में जनसुराजी साथियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया गया।माया टोला निवासी समाजसेवी राजनंदन राय उर्फ पुलिस राय का जनसुराज परिवार में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष बच्चा राय ने कहा कि पुलिस राय जी के जनसुराज में शामिल होने से जनसुराज को सारण जिला में मढ़ौरा विधानसभा सहित अन्य क्षेत्रों में काफी मजबूती मिलेगी।पूर्व जिला संयोजक मुन्ना भवानी ने कहा कि कहा कि जन सुराज जनता के बीच मजबूती से जगह बना रहा है और एक बेहतर विकल्प के रूप में इसकी स्वीकार्यता हो रही है। अब वह दिन दूर नहीं जब बिहार की सत्ता बदलेगी और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता का सुन्दर राज स्थापित होगा।आम जनता पिछले 32 वर्ष के लालू-नीतीश और भाजपा के शासन से त्रस्त है और परिवर्तन के लिए आतुर है। उन्होने कहा कि लोगों को प्रतिनिधि चुनने में स्वार्थ को त्यागना होगा। सही, कुशल व योग्य लोगों के हाथों में सत्ता मिलती है तो सूबे व समाज के हर वर्ग के लोगों का विकास होगा। कार्यालय प्रभारी नवनीत यादव ने कहा कि जन सुराज विचार मंच के माध्यम से प्रशांत किशोर सबको एक साथ लेकर समस्या के स्थायी समाधान के लिए रणनीति बनाए हैं, जिसको धरातल पर लाने के लिए लोगों की समर्थन की आवश्यकता है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बच्चा राय, महासचिव श्रवण कुमार अभियान समिति के जिला संयोजक प्रियरंजन सिंह युवराज, पूर्व सभापति अशोक सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राम पुकार मेहता, पूर्व जिला संयोजक मुन्ना भवानी, पूर्व सह संयोजक राहुल सिंह, महिला जिलाध्यक्ष अमिता सहनी, जिला कार्यालय प्रभारी नवनीत यादव, ललित तिवारी, उषा देवी, संतोष पटेल, उदयशंकर सिंह, खुर्शीद नैयर, कुलदीप महासेठ,नग नारायण कुशवाहा, अभय शर्मा, असरफ रजा खान, नीरज तिवारी, पूर्व जिला पार्षद अमरेन्द्र बैठा समेत सैकड़ों जनसुराजी मौजुद रहे।

### कार्रवाई: कर्तव्यहीनता और लापरवाही के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

**छपरा।** सारण एसपी डॉक्टर कुमार आशीष ने कर्तव्यहीनता एवं लापरवाही के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। उन्होंने बताया कि जिला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 ने प्रतिवेदन समर्पित कर सूचित किया। जिसमें भगवान बाजार थाना के कांड में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तारी हेतु छापामारी करने के पूर्व ही उक्त कांड के अनुसंधानकर्ता आकाश कुमार,भगवान बाजार थाना द्वारा अभियोजन पक्ष को कमजोर करने एवं अभियुक्त को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अवर निरीक्षक आकाश कुमार के विरुद्ध कर्तव्य के प्रति लापरवाही संदिग्ध आचरण के आरोप उन्हें सस्पेंड कर दिया गया।

### पीडब्ल्यूडी कर्मचारी से मारपीट में एक गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाने की पुलिस ने पीडब्ल्यूडी कार्यालय में कर्मचारी से मारपीट और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में पकड़ी निवासी कुंदन कुमार उर्फ लादेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कुंदन कुमार उर्फ लादेन के खिलाफ दलित कर्मचारी से मारपीट करने का आरोप है। वहीं दूसरी ओर पुलिस का कहना है कि आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद आगे की कार्रवाई जाएगी।



# शहीद पार्क में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अष्ट शहीदों को किया नमन

**केटी न्यूज / गाजीपुर**



18 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के 'करो या मरो' आंदोलन के आवाह्न पर मुहम्मदाबाद तहसील परिसर पर यूनियन जैक उतार कर तिरंगा फहराने के लिए शेरपुर के कुल आठ लोगों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इनको प्रत्येक 18 अगस्त के दिन श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर सभी दलों के नेता समाजसेवी बुद्धिजीवी एवं विभिन्न विद्यालयों के छात्र- छात्राएं शहीद पार्क मुहम्मदाबाद में उपस्थित होकर अष्ट शहीदों के अगवा डॉक्टर शिवपूजन राय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भाग लेते हैं। इसी क्रम में रविवार को प्रातः 9:00 बजे से आयोजित कार्यक्रम में हवन पूजन के पश्चात अष्ट शहीदों की झांकी का अनावरण अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के प्रबंधक अवध किशोर राय एवं क्षेत्रीय विधायक शोएब उर्फ. मन्नू अंसारी ने किया। तत्पश्चात उपजिला अधिकारी मनोज कुमार पाठक ने शहीद भवन पर तिरंगा फहराकर शहीदों को सलामी दी श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का शहीद समिति की ओर से श्री राम राय कमलेश एवं अमरनाथ राय ने अंग वस्त्र तथा अष्ट बलदानी पुस्तक भेंट कर किया। उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अष्ट शहीदों के अगुवा डॉक्टर शिवपूजन राय की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए कहा कि इन शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। सन 1942 में अष्ट शहीदों ने अपना बलिदान दिया। उनके बलिदान के मात्र 5 वर्ष बाद ही अंग्रेजों को भारत छोड़ना पड़ा। ऐसे थे हमारे वीर डा शिवपूजन राय एवं उनके साथी। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनते ही मैंने यहा आकर शहीदों को नमन किया था। उन्हीं से आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद मैं सफलतम एक वर्ष पूरा किया। जिला अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के शहीदों के कार्यक्रम में ना आने पर कहा कि यह भाजपा की दोहरा चरित्र को उजागर करता है। भाजपा एक तरफ शहीदों की याद में कार्यक्रमों का आयोजन करती है। वहीं सच्चे देशभक्तों के कार्यक्रमों में उनके अधिकारी आने से परहेज करते हैं। उपस्थित जनता से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि हमें अपनी ताकत दिखानी होगी तब जाकर के न केवल जिलाधिकारी बल्कि प्रदेश और देश के मुखिया भी यहां आकर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि शहीदों की याद में विशाल सभागार का निर्माण हमारे कार्यकाल में हुआ था और आगे भी जरूरत पड़ी तो शहीदों के लिए अगली कतार में खड़ा मिलूंगा।

## एक नजर

### रंगमंच पर जीवंत हुआ बलिया का बागी इतिहास



**बलिया।** बलिया बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर कलेक्ट्रेट स्थित गंगा बहुद्देशीय सभागार में आशीष त्रिवेदी द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक क्रांति 1942 बलिया का मंचन किया गया। संकल्प साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया के रंगकर्मियों ने 1942 की क्रांति में बलिया की भूमिका को शानदार तरीके से मंच पर प्रस्तुत किया। प्रस्तुति के दौरान कई बार दर्शक और कलाकार एकाकार होते नजर होते दिखे। मंच से जब क्रांतिकारी नारा लग रहा था तो दर्शकों ने भी उसमें अपनी आवाज मिलाई। 18 अगस्त 1942 में हुए बैरिया शहादत, 16 अगस्त को बलिया सब्जी मंडी में गोली कांड जैसे दृश्य को देख कर दर्शक उद्वेलित हो उठे। जानकी देवी के नेतृत्व में बलिया कलेक्ट्रेट पर महिलाओं ने जब तिरंगा फहराया तो दर्शक दिर्घा तालियों से गूंज गया। 19 अगस्त 1942 को क्रांति मैदान से आजादी की घोषणा हुई तो भृगु बाबा की जयघोष से गंगा बहुउद्देशीय सभागार गूंज उठा । भारतेंदु नाट्य अकादमी लखनऊ एवं संकल्प साहित्यिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था बलिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 45 दिवसीय प्रस्तुतिपरक अभिनय प्रशिक्षण कार्यशाला में 35 कलाकारों को प्रशिक्षित कर इस नाटक के लिए तैयार किया गया। नाटक में आनंद कुमार चौहान ,अनुपम पांडेय , राहुल चौरसिया, ऋतिक, जन्मेजय, सुशील, ओमवीर, मौसम, ऋषभ , यश , आलोक यादव , आदित्य शाह ,संग्राम, अवधेश मौर्य ,लकी पांडेय, रिया ,खुशी कुमारी , राजनंदिनी , भाग्यलक्ष्मी, गुड़िया ,शालिनी , राहुल विश्वकर्मा, रवि , दूधनाथ यादव , संजीत , विशाल की भूमिका सराहनीय रही । नाटक को शैलेन्द्र मिश्र और कृष्ण कुमार यादव मिट्ठू ने संगीत से सजाया। पार्श्व गायन रितेश पासवान ने किया। लाइट राजीव राय , साउंड पर विनय और रौशन की भूमिका रही । सह निर्देशक ट्विंकल गुप्ता और इस नाटक का लेखन और निर्देशन आशीष त्रिवेदी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत में पर्यावरण विद डॉक्टर गणेश पाठक , रंगकर्मी अभिषेक पंडित, जिला विकास अधिकारी आनंद प्रकाश ,शुभ पांडे अखिलेश राय, वंदना गुप्ता इत्यादि ने दीप प्रचलन कर शुभारंभ किया । नाटक की समाप्ति के बाद सभी कलाकारों को प्रतीक चिन्ह देकर के सम्मानित किया गया । संचालन उमेश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान गंगा बहुउद्देशीय सभागार का हाल लगभग पूरी तरह से भर गया था। इस अवसर पर डॉ इफ्तिखार खान ,चंद्रशेखर मैराथन समिति के उपेंद्र सिंह , अतुल राय , प्रदीप यादव, रजनीश पांडेय आदि शामिल थे।

## खबरें फटाफट

### महिलाओं को किया गया जागरूक

**मऊ ।** जनपद के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि एवं तीनों नये कानूनों के लागू होने के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

### 14 सितंबर को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**मऊ।** अपर प्रधान न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद-मऊ (बाकर शामीम रिजवी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मऊ के तत्त्वावधान में दिनाक 14 सितम्बर 2024 दिन शनिवार को सुबह 10 :00 बजे से 5 :00 बजे तक दीवानी न्यायालय मऊ के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन माननीय जनपद न्यायाधीश, मऊ के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ-साथ मध्यस्था मामलों हेतु आरबिट्रेशन विशेष लोक अदालत एवं आवश्यकता अनुरुप सभी आपसी सुलह योग्य अपराधिक वादों, व अन्य, वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा।

## घाघरा नदी का टापू शराब बनाने वालों के लिए बन गया है सुरक्षित स्थान

# बलिया में पुलिस के संरक्षण में धधक रही अवैध शराब की दर्जनों भट्ठियां

- 300 रु के लिए डेंगियों से जान जोखिम में डालकर जाते हैं लोग
- वायरल वीडियो बयां कर रही साठगांठ की तस्वीर

**केटी न्यूज / बलिया**

कहा जाता है कि आईना झूठ नहीं बोलता। ऐसी ही कुछ तस्वीर व वीडियो है जो शराब तस्कर व पुलिस महकमा के साठगांठ को बयां कर रही है। आप वीडियो और तस्वीर को देखकर खुद समझ सकते है कि घाघरा नदी के टापू में सरपत के बीच शराब तस्कर बेखौफ होकर कच्ची शराब बनाने का काम किस प्रकार से कर रहे है। इस गोरख धंधे के फलने फूलने का मुख्य कारण पुलिस को मोटी रकम देना बताया जा रहा है। जब उच्चाधिकारियों का आदेश व दबाव पड़ता है तो पुलिस महकमा मौके पर जाकर दो-चार शराब भट्ठियों को तोड़कर अपना कोरम पूरा कर फोटो खिंचवाकर उच्चाधिकारियों को भेज देती है। यह गोरख धंधा पुलिस महकमा के लिए कामधेनु गाय बन गया है। आपको बता दें कि घाघरा नदी का क्षेत्र हमेशा से अवैध शराब, गांजा, हीरोइन और पशु तस्करी के लिए सुरक्षित ठिकाना रहा है। आबादी से दूर नदी के बीच लगे सरपत की वजह से काम और आसान हो जाता है। जहां शराब तस्कर बिना किसी व्यवधान के शराब बनाने का काम करते है।इस अवैध कारोबार को पुलिस का संरक्षण सोने पर सुहागा साबित होता है। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के खरीद, कठौड़ा, सिसोटर, लीलकर और डुहां में अवैध शराब की दर्जनों भट्ठियां संचालित की जा रही हैं। इन भट्ठियों से रोजाना हजारों लीटर शराब इधर से उधर भेजी जाती है। यह गोरख धंधा नियोजित तरीके से किया जाता है। जिसके बदले संबंधित थाने को मोटी रकम चुकाई जाती है। कठौड़ा गांव के सामने घाघरा की अथाह जलधारा के बीच स्थित टापू नुमा स्थान गोरखधंधियों के लिए सबसे ज्यादे सुरक्षित ठिकाना है। कठौड़ा घाट से करीब दो किमी दूर नदी क्षेत्र में सात से आठ फीट ऊंचे सरपतों के बीच बनाई गई करीब 30 अवैध शराब फैक्ट्रियों तक पहुंचना काफी कठिन और जोखिम भरा है। बरसात और बाढ़ के सीजन में तो यह और भी दुष्कर हो जाता है। पर घाघरा की लपकती लहरों के बीच इस दुर्गम स्थान पर कारोबारियों का प्रतिदिन आना जाना है। आलम यह है कि शराब बनाने वाले डेंगियों के सहारे 300 रुपए दिहाड़ी के लिए जान जोखिम में डालकर वहां पहुंचते हैं और पूरे दिन काम कर शाम को माल लेकर वापस आ जाते हैं। यह सिलसिला प्रतिदिन का है। नदी के दियारा में चल रहे इस अवैध धंधे का वीडियो व तस्वीर सामने आने के बाद जो हकीकत सामने आई वह पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करती है।



### विरोध के कारण बदला स्थान

क्षेत्रीय लोगों ने जब इसका विरोध किया तो शराब बनाने वाले तस्करों ने कच्ची शराब निर्माण करने के स्थान को ही बदल दिया। बताया जाता है कि पहले यह कार्य आबादी वाले क्षेत्रों में किया जाता था, लेकिन अब घाघरा नदी के बीच या तटीय क्षेत्रों में किया जा रहा है। ऊंचे सरपतों के बीच धधकती भट्ठियां दूर से नजर नही आती। नजदीक पहुंचने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाती है। सरयू के किनारे बसे खरीद, लीलकर, सिसोटार, सिवानकला, मुस्तफाबाद और डुहा में भी एक दर्जन से अधिक स्थानों पर गोरख धंधा फल फूल रहा है। यही नहीं मुस्तफाबाद, सिवानकला और सिसोटार में ईंट भट्ठों पर भी अवैध शराब बनाई जाती है। जिसके बदले भट्ठा मालिकों से पांच से छह हजार रुपए वसूला जाता है।

### हर माह लाखों की होती है वसूली

**बलिया।** शराब बनाने वालों के खिलाफ पुलिस छोटी मोटी कार्रवाई कर कोरम पूरा कर लेती है। लेकिन अंदरखाने बहुत बड़ा रैकेट चला रही है। सूत्रों की माने तो यह सबकुछ पुलिस के संरक्षण में होता है। जिसके एवज में 30 से 40 हजार रुपए प्रति माह पुलिस को दिया जाता है। जिस प्रकार उत्पादन होता है उस प्रकार माहवारी तय की जाती है। वही अधिक उत्पादन करने वालों से 40 हजार तो कम उत्पादक वालो से 30 हजार रुपए हर माह वसूला जाता है। पैसा इकठ्ठा करने की जिम्मेदारी बिट के सिपाही की होती है।

## जलजमाव से परेशान महिला-पुरूष व बच्चों ने पानी में खड़े होकर रेलवे के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

- सीमेंटेड ह्यूम पाइम के जाम होने से हो जाता है भारी जलजमाव

**केटी न्यूज / गाजीपुर**



सोनवल में रविवार को ग्रामीणों ने रेलवे द्वारा जलनिकासी के नाम पर लगाए गए सीमेंटेड ह्यूम पाइम के जाम होने और गांव की गलियों में भारी जलजमाव होने उनका धैर्य जबाब दे गया। आक्रोशित महिला, पुरूषों और बच्चों ने लगे पानी में खड़े होकर रेलवे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान इस प्रदर्शन की जानकारी रेलवे के अधिकारियों को हुई तो उनमें अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में रेलवे के अधिकारियों ने प्रदर्शनरत लोगों को फोन पर बात कर आश्वासन दिया कि जल्द ही जलनिकासी की उचित व्यवस्था कर दी जाएगी। तब जाकर आक्रोशित लोग शांत हुए। इस दौरान लोगों ने चेताया कि अगर दिए आश्वासन के तहत उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो लोग सड़क और रेल जाम करने को मजबूर होगें। इसकी पूरी जिम्मेदारी रेलवे की होगी। बबलू, रोशन, अनुपम, इंद्रावती, कबूलन, कूलन देवी आदि ग्रामीणों ने बताया कि दो वर्ष पहले उनके गांव के समीप नवनिर्मित रेलवे स्टेशन तक आने जाने के लिए सीसी रोड का निर्माण करा पतला सीमेंटेड का ह्यूम पाइप लगा दिया। जबकि लोगों ने चौडे एवं खुले नाले के निर्माण की जरूरत बताई थी। मगर रेलवे के द्वारा उनकी बातोम को उस समय अनसुना कर दिया गया। जिसका नतीजा यह है कि लगाए गये ह्यूम पाइप से जलनिकासी न होने से आज लोगों के घरों का पानी गलियों में इकठ्ठा हो जा रहा है। बताया कि बारिश के समय में तो स्थितियां पूरी तरह बद से बदतर हो जाती है, लोगों के घरों के अंदर तक कभी कभार पानी चला जाता है,मजबूरी में लोगों को दिन रात जलजमाव के बीच होकर आना जाना पडता है। ग्रामीणों ने बताया कि ह्यूम पाइप की जगह जल्द चौड़े और खुले नाले का निर्माण कराया जाए ताकि लोगों को जलजमाव से मुक्ति मिल सके और आने जाने में सहुलियत हो सके।आरवीएनएल के पीडी जीवेश ठाकुर ने बताया कि समस्या गंम्भीर है, जलनिकासी के बेहतर व्यवस्था के लिए जल्द नाले का निर्माण कराया जाएगा, ताकि जलजमाव की समस्या से लोगों को न जूझना पडे।

### शहीद आश्रित में भी फर्जीवाड़ा, सीएम से की शिकायत

**बलिया।** तू डाल डाल हम पात पात वाली कहावत बलिया में चरितार्थ होती नजर आ रही है। ऐसा ही मामला सुखपुरा थाना अंतर्गत देखने को मिला है। जहां फर्जी तरीके से शहीद आश्रित बताकर सम्मान लेने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। बता दे कि जिले के सुखपुरा निवासी प्रेमप्रकाश श्रीवास्तव पुत्र अरविन्द लाल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बताया है कि शहीद चंडी प्रसाद का आश्रित बताकर सुखपुरा निवासी व्यक्ति वर्षों से शासन को धोखा देकर हर वर्ष बलिया बलिदान दिवस (19 अगस्त) को सम्मान/ पुरस्कार ले रहा है। पिछले वर्ष भी इसने शहीद आश्रित के नाम पर सम्मान/ पुरस्कार लिया है। इस वर्ष भी उक्त व्यक्ति शहीद का आश्रित बताकर सम्मान/ पुरस्कार ले सकता है। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## निर्धारित समय सीमा के 30 मिनट पूर्व परीक्षार्थी को पहुंचना होगा परीक्षा केंद्र

# सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होंगी परीक्षा की समस्त गतिविधियां

- पांच तिथियो में संपन्न कराई जाएगी पुलिस परीक्षा
- आठ परीक्षा केंद्रों पर 33840 परीक्षार्थियों की कराई जाएगी परीक्षा

**केटी न्यूज / मऊ**



उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा 2024 की परीक्षा दिनांक 23, 24, 25 अगस्त एवं 30, 31 अगस्त 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली 10:00 से 12:00 तक तथा द्वितीय पाली 3:00 से 5:00 तक आयोजित की जानी है, की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय पर बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह द्वारा पुलिस परीक्षा से संबंधित तैयारी की संपूर्ण जानकारी दी गई। जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा की तैयारी के संबंध में बताया गया कि किसी भी परीक्षा केंद्र पर किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो उसकी सूचना जिला प्रशासन को निश्चित रूप से संबंधित अधिकारी देंगे। परीक्षा में लगे समस्त अधिकारी/ कर्मचारी यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी परीक्षार्थी से किसी प्रकार का व्यवहारिक बात विचार नहीं करेंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाना है, जिसके लिए परीक्षा को संपन्न कराने में लगे समस्त अधिकारी जिम्मेदारी के साथ ड्यूटी करेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में कुल आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें बापू इंटर कॉलेज कोपागंज, डी.ए.बी. बालिका इंटर कॉलेज, डी.ए.वी. इंटर कॉलेज, मुस्लिम इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक एवं सोनी धापा बलिका इंटर कॉलेज में पुलिस परीक्षा कराई जानी है। परीक्षा पांच तिथियों में संपन्न होगी। जिसमें कुल 33840 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने के 2 घंटे पूर्व अभ्यर्थियों की परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी तथा निर्धारित समय के आधे घंटे पूर्व प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। समस्त केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेगी।

उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों के लिए आधार पहचान पत्र लाना अनिवार्य है यदि किसी अभ्यर्थी ने आवेदन करते समय अपने आधार का विवरण उल्लेख नहीं किया है तो वह अपने साथ शासन द्वारा जारी अन्य पहचान पत्र ई आधार, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस लेकर अवश्य आएंगे। इसके अलावा उन्होंने बताया कि प्रत्येक कक्ष निरीक्षक के पास भी अपना पहचान पत्र होना अनिवार्य है। परीक्षा कक्ष में मोबाइल ले जाना सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों/ परीक्षार्थियों के लिए पूर्ण रूप से वर्जित है। परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों की चेकिंग गंभीरता पूर्वक की जाएगी। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में ही परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से लगाई जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक इलामारन जी ने बताया कि पुलिस परीक्षा को बहुत ही महत्वपूर्ण परीक्षा समझकर जिम्मेदारी के साथ अपने निर्धारित दायित्वों का निर्वहन करेंगे। सीसीटीवी कैमरा को सक्रियता से जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा से संबंधित समस्त तैयारी 20 अगस्त को निश्चित रूप से पूर्ण कर लें।किसी परीक्षार्थी को अनावश्यक प्रवेश करने से नहीं रोका जाएगा। जिन अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं प्रदर्शित होता है वह अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र पर निर्धारित स्थान पर फोटो लगाकर राजपत्रित अधिकारी से प्रमाणित कराकर ही परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होंगे, तभी उनका प्रवेश लिया जाएगा अन्यथा उनका प्रवेश नहीं लिया जाएगा।












# रक्षाबंधन के अवसर पर 2000 अतिरिक्त बसें प्रदेश की बहनों को कराएंगी निशुल्क यात्रा

- ट्रैफिक लोड के अनुसार रूट पर अतिरिक्त बसों को किया जाएगा तैनात

**केटी न्यूज/ लखनऊ**

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार ने माताओं, बहनों और बेटियों के लिए परिवहन निगम की बसों में 24 घंटे निशुल्क यात्रा की व्यवस्था की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर 19 अगस्त सोमवार को बहनों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम 2000 अतिरिक्त बसों को ऑन रोड करेगा। इससे त्योहार के अवसर पर अतिरिक्त यात्री लोड के बावजूद महिलाओं को यात्रा करने में असुविधा नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन के पर्व पर भारी संख्या में महिलाओं की आवाजाही को देखते हुए विगत कई वर्ष से योगी सरकार ने महिलाओं को सौगात देते हुए उन्हें परिवहन निगम की बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की है। इस बार 19 अगस्त को पर्व के अवसर पर 18 अगस्त को रात 12 बजे से 19 अगस्त की रात 12 बजे तक महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलेगी। इस निर्णय से लाखों माताओं, बहन और बेटियों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षा बंधन के पावन अवसर पर महिलाओं की निःशुल्क एवं सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए परिवहन निगम की ओर से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इसके अंतर्गत प्रदेश भर में कई रूटों पर 2000 अतिरिक्त बसों को यात्रियों की सुविधा के दृष्टिगत ऑन रोड किया गया है। यात्री लोड को देखते हुए बसों के रूट का संचालन तय किया गया है। यानी जिन स्थानों पर अत्यधित लोड रहेगा, वहां अधिक संख्या में बसों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा,सभी चालकों एवं परिचालकों (कंडक्टर्स) को वर्दी में रहने तथा अत्यंत विनम्रतापूर्वक व्यवहार के निर्देश दिए गए हैं। महिलाओं को निशुल्क यात्रा की सुविधा देने के साथ ही योगी सरकार ने इस दौरान लगातार सेवा देने वाले चालकों एवं परिचालकों को प्रोत्साहित करने के लिए भी कदम उठाया है। इसके तहत रक्षा बंधन एवं आगामी पुलिस परीक्षा के दृष्टिगत 15 दिनों के लिए उन्हें 3000 रुपए के स्पेशल इंसेंटिव प्रदान किए जाएंगे, जिससे की सभी ड्यूटी पर उपस्थित रहें और बसों का संचालन सुचारू रूप से किया जा सके। वर्कशॉप और टेक्निकल स्टाफ के लिए भी इस अवधि में 1200 रुपए तक इंसेंटिव दिए जाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान दुर्घटना रहित संचालन के लिए विशेष रूप से क्रू को ब्रीफिंग की गई है। इस अवधि में समस्त अनुबंधित बसों का भी संचालन कराया जाएगा और कर्मचारियों की ड्यूटी रोस्टर के तहत लगाई जाएगी।

### 15 प्रमुख शहरों में उपलब्ध होगी निशुल्क यात्रा

परिवहन निगम की बसों के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेर्शों के क्रम में रक्षाबंधन के पर्व पर प्रदेश के 15 प्रमुख शहरों में संचालित नगरीय बसों में भी महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध होगी। नगर विकास विभाग द्वारा नगरीय बसों में रक्षाबंधन पर्व के दौरान 18 अगस्त की रात्रि 12 बजे से 19 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक महिलाओं को नि:शुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं। प्रदेश के जिन 15 प्रमुख शहरों में यह सुविधा मिलेगी उनमें लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, आगरा, मथुरा-वृन्दावन, कानपुर, प्रयागराज, मुरादाबाद, अलीगढ़, शाहजहांपुर, बरेली, गाजियाबाद, अयोध्या एवं झांसी शामिल हैं।

## एक नजर

### साउथ एशिया और भारतीयों के एक ही थे पूर्वज: डॉ अजय पाठक



**जौनपुर।** पूर्वांचल पुरातन छात्र संगठन इंटरनेशनल अफेयर द्वारा आयोजित आमंत्रित व्याख्यान में तारतू विश्वविद्यालय इस्टोनिया एवं कल यूनिवर्सिटी बेल्जियम के वैज्ञानिक डॉक्टर अजय पाठक ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि मानव अफ्रीका में विकसित होने के बाद उनकी एक शाखा 70000 साल पहले भारत में आए जो अंडमान निकोबार में स्थापित हो गए उसके उपरांत भारत एवं साउथ एशिया में फैल गए। दूसरी शाखा अफ्रीका से होते हुए यूरोप में तथा रूस तक फैल गए। सिंधु घाटी सभ्यता के समय विभिन्न जनजातियों के सिंधु एवं आसपास में अपनी पारिस्थितिकी हिसाब से विकसित होते गए। उन्होंने कहा कि सिंधु घाटी के डीएनए का लगभग 99% पूरे भारतवासियों के डीएनए से मैच करता है जबकि भारत के विभिन्न भागों में जो भी विभिन्नताएं हैं वह पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकी कारक है। विज्ञान संकाय के अध्यक्ष प्रो राजेश शर्मा ने डॉ अजय पाठक को व्याख्यान के लिए धन्यवाद प्रस्तावित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर प्रदीप कुमार,डॉ मनीष गुप्ता, डॉ एसपी तिवारी एवं व्याख्यान संयोजक डॉ संजीव कुमार मौर्य समेत विज्ञान संकाय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### धरौली-चंदौली मार्ग पर पिकअप ने कार में मारी टक्कर, सात लोग घायल

**चंदौली।** सैयदराजा थाना क्षेत्र के ऐलेही गांव के समीप धरौली-चंदौली मार्ग पर शनिवार की रात में पिकअप व कार में जबरदस्त टक्कर हो गई। घटना में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान पिकअप के अंदर बैठे चालक खलासी के साथ 12 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं कार में बैठे लोगों को हल्की फुल्की चोटें आईं। मौके पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत चिंताजनक देख ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताते हैं कि बिहार प्रान्त के कैमूर अखलाखपुर गांव निवासी नवनीत पटेल38, भूपेंद्र प्रताप सिंह40, अनुराधा पटेल 35,व आदित्य36 बिहार से धरौली-चंदौली मार्ग से रात में वाराणसी जा रहे थे। जैसे ही वो ऐलेही गांव के समीप पहुंचे कि चंदौली की तरफ से बिहार जा रही पिकअप में जोरदार टक्कर हो गई। इस दौरान पिकअप में बैठे अनिल यादव 20 वर्ष व शिवम यादव 15 वर्ष गंभीर रूप से गयल हो गए। वहीं कार में बैठे सवारों को मामूली चोटें आई। घटनास्थल पर जुटे आस पास के ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने 108 एम्बुलेंस की सहायता से तत्काल अनिल यादव व शिवम यादव को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने दोनों की हालत चिंताजनक देख वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। इस बाबत सैयदराजा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार तिवारी ने बताया कि कार व पिकअप की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बाकी सभी को हल्की फुल्की चोट आई है। गंभीर लोगो को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बेहतर उपचार के लिए चिकित्सकों ने दोनों को वाराणसी रेफर कर दिया।

### चंद्र भूषण मिश्र को मिली ओम ऋषि की मानद उपाधि

**चंदौली ।** परिवर्तन योगेश की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में पारित प्रस्ताव में जिला चंदौली उत्तरप्रदेश के चंद्र भूषण मिश्र कौशिक को ओम ऋषि की मानद उपाधि प्रदान की गई। यह उपाधि सम्मान इनको इनके द्वारा रचित ओम चालीसा, ओम स्त्रोत, ओम आरती सहित ओम भक्ति भाव भावना के आध्यात्मिक रचनाधर्मिता के लिए दी गई। जिस सम्मान समिति ने इस सम्मान की घोषणा की उसकी अध्यक्षता परमपूज्य संत श्री ओम ब्रम्ह चैतन्य उदय नाथ महाराजजी पीठाधीश्वर श्री क्षेत्र मुक्ति पीठ महाराष्ट्र, इस समिति का संयोजक अधिनियम 244 से निबंधित तथा राष्ट्रभाषा हिंदी एवं लोक भाषाओं के प्रचार-प्रसार और विकास के लिए समर्पित पुरातन भागलपुर बिहार से विक्रमशीला हिंदी विद्यापीठ के कुलपति डॉक्टर संभाजी राजाराम बाविस्कर जी , श्री पंचदशनाम जुना अखाड़े ( मोती बाग) दिल्ली से स्वामी कृष्णा नन्द जी तथा राष्ट्रीय संस्थान परिवर्तन योगेश के संस्थापक डॉ योगेश त्रेहन जी दिल्ली की प्रस्तावना पर अनुमोदक पूज्य श्री जैन धर्म के तारण पंथ के संत आत्मानंद महराज जी, मध्यप्रदेश की कवयित्री डॉ मंजूषा गोरे जी , गुजरात से डॉ प्रो. एन.

## खबरें फटाफट

### धूमधाम से मनाया गया पुष्पेश्वर महादेव का श्रृंगार उत्सव

**चंदौली।** अलीनगर सकलडीहा रोड स्थित पुष्पेश्वर महादेव का दो दिवसीय श्रृंगार उत्सव हवन-पूजन,कीर्तन व भंडारे के साथ भक्तों द्वारा भव्य रूप से मनाया गया। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय गीतों से गुंजायमय हो गया। अलीनगर सकलडीहा रोड स्थित पुष्पेश्वर महादेव वार्ड नंबर नौ मुगलचक में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास में शनिवार से दो दिवसीय श्रृंगार उत्सव का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें शनिवार को सुबह हवन पूजन कीर्तन के साथ रुद्राभिषेक का कार्यक्रम अनवरत रविवार तक चलता रहा। रविवार को देर शाम तक भंडारे का आयोजन किया गया। जिसका स्वाद चख भक्तों ने जयकारे लगाए। दो दिवसीय श्रृंगार उत्सव के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय गीतों से गुंजायमय हो गया। इस दौरान आयोजन में शंकर तिवारी,अनु पांडेय,अखिलेश यादव,प्रदीप कुमार,पीयूष सिंह, पवन तिवारी,धर्मेंद्र यादव सहित तमाम लोग शामिल रहे।

### अनियंत्रित कार झील में गिरी, कोई हताहत नहीं

**जौनपुर।** नगर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत जेसीज चौराहा निकट देर रात एक कार अनियंत्रित होकर झील में जा गिरी। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुँची स्थानीय थाने की पुलिस ने कार सवारों को झील की खाई से बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुँचाया। गनीमत रही कि घटना में कोई यात्री गंभीर नही हुआ। इसकी जानकारी होते ही सुबह से ही झील के निकट लोगो की भारी भीड़ एकत्रित हो गई।सुबह कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस बल ने क्रेन की मदद से कार को खाई से बाहर निकाला। जानकारी के अनुसार देर रात जेसीज चौराहे के पास मिजार्पुर की तरफ से आ रही एक कार सामने से आ रही ट्रक से बचने के लिए सड़क से नीचे उतर गयी,जिससे अनियंत्रित होकर गहरे झील (खाई) में जा पलटी। जिसके कारण कार सवार चोटिल हो गए। मौके पर पहुँची पुलिस ने कार सवार घायलों को झील से बाहर निकलवाया और उपचार के लिए अस्पताल भेजा ।

## मुख्यमंत्री ने स्मृतिशेष 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को दी सहायता राशि

# कानून का शासन समाज के हर व्यक्ति के लिए तय करती है लक्ष्मण रेखा : योगी

- 12 मृतक आश्रितों के परिजनों को सीएम ने मंच पर दिया पांच-पांच लाख रुपये का चेक
- इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 10 हजार अधिवक्ताओं के लिए 608 करोड़ से बन रहा चैंबर

**केटी न्यूज / लखनऊ**



संसदीय लोकतंत्र समन्वय और आपसी सूझबूझ से चलने का संदेश देता है। ऐसा समन्वय, जहां लोकहित व राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। जब यह हमारी प्राथमिकता में होते हैं तो दोनों को एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। इसकी आधारशिला सुशासन से पड़ती है। सुशासन की आधारशिला रूल ऑफ लॉ से पड़ती है। कानून का साशन समाज के हर व्यक्ति के लिए लक्ष्मण रेखा तय करती है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने रविवार को स्मृतिशेष 577 अधिवक्ताओं के आश्रितों को लोकभवन में अधिवक्ता कल्याण निधि से सहायता राशि प्रदान की।

सीएम योगी ने कहा कि कल रक्षाबंधन का त्योहार है। इसकी पूर्व संध्या पर यह आयोजन बताता है कि त्योहार का आनंद इससे अच्छा नहीं हो सकता, जब हम किसी निराश्रित के साथ खड़े होकर उसकी सहायता के लिए तत्पर दिखाई देते हैं। सीएम योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था, लेकिन मोदी जी के आने के बाद इस तिथि को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। पीएम ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में हमें नागरिक कर्तव्यों के प्रति आग्रही बनाया। जब हम अधिकार की चर्चा करते हैं, लेकिन कर्तव्य की नहीं करते तो वहीं पर टकराहट होती है। यदि 2047 तक देश को विकसित भारत बनाना है और हर भारतवासी के चेहरे पर खुशहाली लानी है। उसके ईज ऑफ लिविंग को बेहतरीन करना है तो हमें नागरिक कर्तव्यों को प्राथमिकता देनी होगी। सीएम योगी ने कहा कि शासन के पास जब सोर्स ऑफ इनकम होंगे तो वेलफेयर के रास्ते अपने आप ही खुलते दिखाई देंगे। जरूरतमंदों को यह चीजें मिलें, ऐसे प्रयास होते रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक करोड़ परिवार ऐसे हैं, जिन्हें प्रतिमाह पेंशन स्कीम (वृद्धा, दिव्यांग और निराश्रित पेंशन) से जोड़ा गया है। बिना भेदभाव के सिर्फ पात्रता के आधार पर उन्हें यह सुविधा मिलती है। बहुत अधिवक्ता ऐसे हैं, जिनका देखभाल करने वाला कोई नहीं है। उन्हें भी शासन की तरफ से इसका लाभ मिलेगा। प्रदेश में 5.11 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किया गया है। प्रति वर्ष पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर उपलब्ध करा रहे हैं। सात वर्ष में 56 लाख निराश्रितों को आवास उपलब्ध कराया गया है। सीएम ने कहा कि कोरोना में भारत ने साबित करके दिखाया कि वह 140 करोड़ लोगों के साथ सरकार खड़ी है। सीएम ने कहा कि सामूहिक रूप से बोली गई आवाज 140 करोड़ लोगों की होती है। अलग-अलग बंटकर आवाज उठाते हैं तो आपस में लड़-भिड़कर विकास में बैरियर बन जाते हैं। हमें विकास में बैरियर नहीं बनना है, बल्कि अनुगामी बनकर विकास प्रक्रिया को बढ़ाना है। सीएम योगी ने कहा कि कॉपर्स फंड की राशि 200 करोड़ से बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये कर दिया है। आवश्यकता पड़ने पर इसमें वृद्धि भी करेंगे। इसके ब्याज से ही अधिवक्ताओं को कोई समस्या नहीं होगी। मृतक अधिवक्ता के आश्रित के लिए अधिवक्ता कल्याण निधि की राशि डेढ़ लाख से बढ़ाकर पांच लाख की गई। आयु भी 60 से बढ़ाकर 70 वर्ष की गई।

### 54 बस्तियों को 2017 तक वोट देने का नहीं था अधिकार

सीएम योगी ने कहा कि यूपी में 54 ऐसी बस्तियां थीं, जो 100 वर्ष पहले बसाई गई थीं, लेकिन 2017 तक वहां के लोगों को वोटिंग का अधिकार नहीं था। उनको राशन कार्ड समेत अन्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिलता था। वे खानाबदोश की तरह समाज से कटे हुए रहते थे। हम लोगों ने लड़ाई लड़ी और देश की संसद में उनके लिए 2007-2008 में उनके लिए अधिनियम बने, लेकिन उत्तर प्रदेश में उसे पारित होने में और 10 साल लगे। 2017 में 54 बस्तियों को राजस्व ग्राम का दर्जा देकर सभी सुविधाओं से आच्छादित किया गया। उन बस्तियों में जाने पर उनके चेहरे की चमक देखती ही बनती है। वे गरीब हैं, लेकिन गर्व से कहते हैं कि मैं भारतीय हूं।

### सीएम ने दी पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि

मुख्यमंत्री ने मृतक अधिवक्ताओं की आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये का चेक देकर सहायता राशि प्रदान की। सीएम ने मृतक अधिवक्ताओं की आश्रित पूनम श्रीवास्तव पत्नी स्व. अखिलेश श्रीवास्तव, शुभ्रा कुमार के पति संदीप कुमार, गायत्री मिश्रा स्व. हरीश चंद मिश्र, नीलिमा गुप्ता पत्नी स्व. प्रवीण कुमार गुप्ता, कुसुम श्रीवास्तव पत्नी स्व. देवकी नंदन श्रीवास्तव, शोभारानी पांडेय पत्नी स्व. दिनेश चंद्र पांडेय, प्रतीक्षा खरे पत्नी स्व. अभिषेक आनंद, संगीता सिंह पत्नी स्व. महेश सिंह, चंदा कुमारी पत्नी स्व. अमरेंद्र कुमार, कृष्णा गुप्ता पत्नी स्व. अनिल कुमार गुप्ता को पांच-पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

### अब तक 134 करोड़ 32 लाख से अधिक धनराशि उपलब्ध कराई गई

सीएम योगी ने बताया कि 2017-18 से अब तक 2754 स्मृतिशेष अधिवक्ताओं के परिजनों को 134 करोड़, 32 लाख, 50 हजार की राशि उपलब्ध कराई गई है। आज 577 अधिवक्ताओं के परिजनों को 28 करोड़ 31 लाख रुपये प्रदान किए जा रहे हैं। 12 ऐसे आश्रित हैं, जिन्हें 50 हजार रुपये व 565 आश्रितों को पांच-पांच लाख उपलब्ध कराया गया है। 3758 युवा अधिवक्ताओं को तीन वर्ष तक पुस्तक-पत्रिका क्रय करने के लिए धनराशि उपलब्ध कराई गई है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दस जनपदों में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट नहीं बन पाए थे। वहां इंटीग्रेटेड कोर्ट कॉम्पलेक्स जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुलिसकर्मी को धक्का देकर भागे छह गो तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**चंदौली ।** पुलिसकर्मी को चलते वाहन से धक्का देकर पुलिस के कब्जे से गौवंश से भरी बरामद पिकअप लूटने वाले हौसला बुलंद छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। स्वाट और बलुआ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए इनके पास लूटी हुई पिकअप समेत स्कार्पियो व स्विफ्ट डिजायर कार बरामद किया हहै। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने 20 हजार का इनाम घोषित किया है। गौरतलब है कि 14 अगस्त की रात बलुआ पुलिस द्वारा गौवंश बरामदगी के बाद संसाधनों के अभाव के चलते पशुओं को गौशाला छोड़ने जा रही थी। इस दौरान गौ तस्करों ने बलुआ पुलिस के इकबाल को चुनौती देते हुए पीआरडी जवान को नीचे उतारकर पिकप को मय गौ वंश के साथ लूट ले गए। विरोध करने पीआरडी जवान संग मारपीट भी की। घटना की जानकारी होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया गया। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे, अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासा के लिए सर्विलांस, क्राइम ब्रांच व बलुआ पुलिस को अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में लगा दिया।इसी क्रम में तीन दिन बाद लूट कांड में शामिल छह आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने बताया कि घटना में शामिल लोगों की सीडीआर से कुंडली निकाली गयी. जिसमें एक गैंग का पदार्फाश हुआ है, जिसमें शामिल छह लोग गिरफ्त में आये हैं। गाड़ी लूटने के बाद लुटेरे पिकप को वाराणसी स्थित सन्दहा मंडी में ले जाकर रख दिये, जहां से पिकप मालिक अजीत पिकअप संख्या ४स्न65 ढळ 3472 को इटावा ले जाकर रखा। पुलिस मुकदमा में वाहन होने के कारण इसे बिहार ले जाने के फिराक में था. लेकिन अकेले ले जाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। इसके बाद इसने गौतस्करों के वाहन पास कराने वाले पासरों से सम्पर्क किया। पासरों ने रविवार को साढ़े चार बजे छपरा के लिए बलुआ तिराहे पर गाड़ी बुलाया, जिसके बाद पुलिस ने बलुआ तिराहे से गाड़ी मालिक अजीत पुत्र बनारसी थाना चौबेपुर, अभिषेक उर्फ गोलू थाना चौबेपुर, हर्ष उर्फ गोलू जाल्हुपुर, कवि शंकर उर्फ. बाबू, विशाल उर्फ अलगू, शिवकुमार निवासी कमौली थाना चौबेपुर को गिरफ्तार किया।




## कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने ऊर्जा एवं नगर विकास से संबंधित का किया निस्तार, दिए निर्देश

# सभी विद्युत कार्मिक उपभोक्ताओं से अच्छा व्यवहार करें

- ज्यादातर शिकायतों का 'सम्भव' जनसुनवाई के तहत मंत्री शर्मा ने सीधा संवाद कर कराया समाधान

**केटी नयूज / मऊ**



विद्युत कार्मिकों द्वारा रात में चोरों की भांति उपभोक्ता के परिसर के बाहर से विद्युत मीटर उतारने का कार्य किया गया। कार्मिकों का यह कार्य उनके अभद्र आचरण को दर्शाता है, जो कि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी विद्युत कार्मिक सरकार की मंशा अनुरूप उपभोक्ताओं से अच्छा व्यवहार करें, शिकायत का मौका न दें। सभी प्रकार के कार्यों को पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से करें। ऊर्जा मंत्री ने अध्यक्ष यूपीपीसीएल, एमडी यूपीपीसीएल तथा सभी डिस्काम के एमडी को निर्देशित किया कि विद्युत कार्मिकों की कार्यशैली और कार्यों की मॉनिटरिंग की प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे उपभोक्ताओं को शिकायत का मौका न मिले। पूरे प्रदेश में ढीले तारों, झुके पोल और जर्जर लाइन व पोल विद्युत दुर्घटना का कारण बनते हैं, इस व्यवस्था को भी दुरुस्त करने का कार्य किया जाए। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा 'सम्भव' पोर्टल के तहत मऊ में जनसुनवाई कर रहे थे, जिसमें ऐसा प्रकरण संज्ञान में आया। मऊ जिले में जनसुनवाई के दौरान बिजली से संबंधित शिकायतों में विद्युत लाइन नीचे होना, मीटर लगवाने, ट्रांसफार्मर के जलने व क्षमता वृद्धि, पोल क्षतिग्रस्त होने, लो वोल्टेज, खराब मीटर, जर्जर लाइन, बिल संशोधन, बिजली कटौती, विद्युत पोल लगवाने, विद्युत दुर्घटना में मुआवजा दिलाने, कनेक्शन पीड़ी कराने, विद्यालय में विद्युत संयोजन दिलाने, बिलिंग न होने आदि से संबंधित समस्याओ का समाधान कराया गया। इसी प्रकार नगर विकास से खराब स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप मरम्मत, जल निकासी की समस्या, नाली सफाई, स्ट्रीट लाइट लगवाने, पानी की आपूर्ति न होना, साफ सफाई, मंदिर के संपर्क मार्ग पर रोड लाइट और हाई मास्ट लाइट लगवाने आदि समस्याओं का समाधान कराया गया। इस दौरान शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारियों से शिकायत के संबंध में वर्चुअल संवाद भी किया गया। ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने ह्लसम्भवह्व के तहत नगर विकास, ऊर्जा एवं अन्य विभागों से संबंधित आई 258 शिकायतों की जनसुनवाई की और मौके पर ही ऊर्जा एवं नगर विकास विभाग से संबंधित 210 से अधिक शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया। जिसमें ज्यादातर शिकायतों पर मंत्री श्री शर्मा ने सीधा संवाद कर समाधान कराया।

## सुभाषितम्

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते है। -जे. के. रालिंग

# बचना है तो सरकार को राखी बांधिए

- राकेश अचल

` मंहगाई की मार हो या करों का आतंकवाद , कोविड का बुखार हो या केसरिया सेक्युलरिज्म इन सबसे बचना है तो 19 अगस्त को शुभ मुहूर्त में आप अपने देश की, अपने सूबे की सरकार को राखी बांधिए और प्रार्थना कीजिये कि सरकार आपके राखी बंधन को निभाए। अब तमाम समस्याओं से बचने का और कोई विकल्प बचा नहीं है, क्योंकि देश के बड़के भैया ने ऐलान कर दिया है कि इस बार भले ही भाजपा की सरकार बैशाखियों पर टिकी है लेकिन भाजपा अगले 35 साल देश पर राज करेगी। बड़के भैया की भविष्यवाणी सुनकर,पढ़कर मै कल से लगातार प्रार्थना कर रहा हूँ कि भगवान यदि किसी को भाई दे तो बड़के भैया जैसा दे। बड़के के बड़के तो केवल फेंकने के लिए मशहूर [ बदनाम ] थे, किन्तु बड़के भैया तो डींग मारने में दो कदम आगे निकल गए। बड़के भैया ने और उनकी पार्टी ने 4 जून को लोकसभा के नतीजे आने के बाद नितीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को राखी बांधकर भाई बनाया था ,अब बारी आपकी है। क्योंकि अगले 35 साल में मोशा और उनकी पार्टी की सरकार रही तो आपका क्या होगा ,आप ही जानें ? मै तो कुछ बता नहीं सकता ,क्योंकि मुझे अभी तक कोई ऐसा ज्योतिषी



नहीं मिला है जो आने वाले 35 साल की सियासत की भविष्यवाणी कर सके। पिछली 15 तारीख को लाल किले की प्राचीर से भारत भाग्यविधाता ने कहा कि देश की महिलाओं की सुरक्षा बहुत बड़ा मुद्दा है, सचमुच बड़ा मुद्दा है। हमें इसके प्रति संवेदनशील रहना चाहिए, लेकिन ये मुद्दा बड़ा बना बंगाल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्स्क के साथ सामूहिक और नृशंस बलात्कार की घ्रणित वारदात के बाद। इससे पहले इसी देश में वर्ष 2023 में 25 हजार बलात्कार की वारदातें हुईं लेकिन सरकार को ये समस्या बड़ी नहीं लगी ,क्योंकि ये सब सियासत के रंग में रंगी नहीं थी। इस वारदात के बाद देश के डाक्टर हड़ताल पर हैं ,लगता है जैसे सारे पीड़ित इसी वर्ग से आते हैं। डाक्टरों की हड़ताल मुझे सत्ता प्रतिष्ठान प्रेरित लगती है ,आपको लगती है या नहीं ये अलग बात है । हमारे हाईकोर्ट ने तो डाक्टरों की हड़ताल को तत्काल समाप्त करने को कहा है ,क्योंकि बंगाल में सामूहिक बलात्कार से एक बदनसीब महिला डाक्टर की मौत हुई थी किन्तु डाक्टरों की हड़ताल की वजह से देश में सैकड़ों लोग चिकित्सा के अभाव में कालकवलित हो गए। देश में दस साल से मोशा की सरकार है इसलिए देश के किसी भी हिस्से में होने वाला कोई भी महिला उत्पीड़न राज्य की सरकारों के साथ ही देश की सरकार के हिस्से में भी दर्ज किया जाना चाहिये । देश में महिलाओं के साथ ज्यादती के मामलों में निर्भया कांड के बाद लिए गए फैसलों का क्या हुआ ? क्यों नहीं शत-प्रतिशत आरोपियों को सजा हुई । क्यों सजा पाने वाले केवल 27-28 फीसदी ही लोग हैं ? साफ जाहिर है कि हमारा सिस्टम ,हमारी न्यायपालिका,हमारी सरकार इसके लिए दोषी है। अकेली ममता बनर्जी नहीं। मणिपुर में जब महिलाओं के साथ सरेआम ज्यादतियां हो रहीं थीं तब लालकिले की प्राचीर से महिला उत्पीड़न पर टसुए बहाने वाले कहाँ थे? बहरहाल मै रक्षाबंधन पर वापस आता हूँ। देश की महिलाओं की ,खासतौर पर बहनों की रक्षा केवल कलाई पर राखी बाँधने से होने वाली नहीं है। बहनों को चाहिए की वे सरकार की कलाई पर राखी बांधें क्योंकि उनकी सुरक्षा का असल जिम्मा सरकार का है ,सरकारों का है। सिस्टम का है। पुलिस का है। अदालतों और वकीलों का है। हमारे यहां कल तक रक्षाबंधन बाजार नहीं था ,त्यौहार था । हमने रेशम के धागे की राखियां अपनी कलाई पर खूब बँधवाईं है। हम अपने गुरु के साथ पूरे बाजार में दुकानदारों को राखी बांधकर त्यौहार मानते थे । जात-पात नहीं देखते थे। तब एक रुपए में रेशमी राखी एक दर्जन आतीं थीं। अब एक राखी कम से कम दस रुपए की और ज्यादा से ज्यादा पता नहीं कितने की आती है। अब राखी चाकलेटों,जेवरों,कपड़ों का त्यौहार हो गया है। राखी न जानें कहाँ छिप गयी है । राखी के दुर्दिन हैं शायद । अन्यथा राकाही में तो वो ताकत थी की मुगल शासक तक उसके बंधन में बांध जाते थे। हमने और आपने बचपन में राखी और धर्म बहनों की अनेक कहानियां पढ़ी और सुनीं होंगी। राखी का किस्सा हमें त्रेता में सुनने को नहीं मिलता लेकिन द्वापर में कहते हैं कि जब कृष्ण की ऊँगली सुदर्शन चक्र से कट गयी थी तब द्रोपदी ने अपनी साडी का सिरा फाड़कर कृष्ण की ऊँगली पर बाँध कर अपने प्रेम का प्रदर्शन किया था और बदले में चीर हरण के समय कृष्ण ने द्रोपदी की रक्षा की थी । किस्सा सनातन है इसलिए भरोसा कीजिये कि रक्षाबंधन का श्रीगणेश इसी घटना से हुआ होगा। अब किलयुग है । कलियुग में सरकार भाई है और रियाया बहनें। प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री ,मंत्री तक जनता से राखियां बंधवाते हैं । हमारे मध्यप्रदेश में तो लाड़ली बहनों को मुख्य्मंत्री डॉ मोहन यादव ने इस बार 500 रुपए का नेग सीधे खाते में डलवा दिया है ,फिर भी बहनों को मिटटी में जिंदा दफन करने की वारदातें होतीं हैं। दिल्ली में महिला पहलवानों के साथ बाहुबली नेता ज्यादती कर गुजरते हैं। लेकिन देश का रोम नहीं फड़कता। महिलाओं के साथ ज्यादती तभी मानी जाती है जब वो किसी गैर भाजपा शासित सूबे में हो। राखी है तो राखी की बात करते है। हमारे पंडित जी ने कहा है की कल 19 अगस्त को रक्षाबंधन पर दोपहर 1.30 बजे तक भद्रा रहेगी। इस कारण राखी बांधने का मुहूर्त 1.30 बजे के बाद ही शुरू होगा। रक्षाबंधन पर भद्रा के अलावा मुहूर्त के लिए चौघड़िया, लग्न या किसी भी तरह का विशेष काल नहीं देखा जाता है।भद्रा खत्म होने के बाद से सूर्यास्त तक बहनें कभी भी अपने भाइयों को राखी बांध सकती हैं। वैसे तो रात में रक्षाबंधन करने का विधान किसी ग्रंथ में नहीं है, लेकिन किसी वजह से दिन में रक्षाबंधन नहीं मना पा रहे तो सूर्यास्त के बाद भी राखी बांधने की परंपरा है। मेरा मानना है कि राखी बाँधने का कोई मुहूर्त नहीं होता । बहनें जब अपने आपको असुरक्षित समझें उसी क्षण सरकार को ,थानेदार को मंत्री को ,नेता को राखी बाँध दें । बेहतर हो की महिलाएं राखियां अपने पर्स में हमेशा रखें। क्योंकि आज के युग में राखी ही उन्हें बचा सकती है । सरकार का तो बूता है नहीं उनकी सुरक्षा करने क। सरकार नारी शक्ति वंदन के लिए कानून बना सकती है लेकिन नारियों की शक्ति की वंदना करने के बजाय यदि वे सियासत में हैं तो उनका मान-मर्दन जरूर कर सकती है। सभी दल ऐसा करते हैं। भाजपा आजकल ज्यादा कर रही है।हमरी न मानो तो बसुंधरा दीदी से बूझ लीजिये। इसलिए राखी की सबसे ज्यादा जरूरत भाजपा नेताओं को है।

## भारतवंशी बनेगी अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति?

- सनत जैन

अमेरिका में एक नया इतिहास बनने जा रहा है। अमेरिका की पहली राष्ट्रपति भारतवंशी कमला हैरिस की संभावना अब बलवती हो गई हैं। अमेरिका में जो नया इतिहास बनेगा, उसमें भारत का बहुत बड़ा योगदान होगा। भारतीय मूल की कमला हैरिस की राष्ट्रपति पद के चुनाव में लोकप्रियता बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। अमेरिका के प्रत्येक राज्य में कमला हैरिस को बड़ा जन-समर्थन मिल रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का उन्हें समर्थन प्राप्त है। हिलेरी क्लिंटन का भी समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिसके कारण उनकी स्थिति राष्ट्रपति पद के चुनाव में बहुत मजबूत है। अमेरिकी नागरिक उन्हें चुनाव लड़ने के लिए भारी चंदा दे रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का चुनाव कमला के मुकाबले में लड़ रहे हैं। वर्तमान राष्ट्रपति जो वाइडेन से शुरूआती दौर में ट्रम्प ने बढ़त बना ली थी। राष्ट्रपति जो वाइडेन के चुनाव मैदान से हटने के बाद उन्होंने अपना उत्तराधिकारी कमला हैरिस को बनाया। उसके बाद से अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का सारा रंग-ढंग बदल गया। ट्रम्प चुनाव प्रचार अभियान में लगातार पीछे होते जा रहे हैं। कमला हैरिस चुनाव प्रचार के दौरान लगातार बढ़त ले रही हैं। भारतवंशी कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एबीसी चैनल पर 10 सितंबर को पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट होने जा रही है। इस डिबेट के पहले ही डोनाल्ड ट्रंप काफी नर्वस नजर आ रहे हैं। भारतीय मूल की हिंदू महिला तुलसी गबार्ड को अपने निवास स्थान पर बुलाकर डिबेट के लिए ट्रम्प उनसे प्रशिक्षण ले रहे हैं। अमेरिका में तुलसी गबार्ड अपने आप को अमेरिका का पहला हिंदू सांसद बताती हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सांसद तुलसी से प्रभावशाली भाषण कला और अमेरिका चुनाव के मुद्दे को लेकर डिबेट की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय मूल के मतदाताओं का उन्हें समर्थन प्राप्त हो, इसके लिए उन्हें तुलसी का समर्थन चुनाव में सहायता करेगा। 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रम्प के पक्ष में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार ट्रम्प सरकार के नारे लगाये थे। किन्तु ट्रम्प 2020 का चुनाव मोदी का समर्थन मिलने के बाद भी हार गये थे। 10 सितंबर को एबीसी चैनल पर कमला हैरिस का मुकाबले के लिये ट्रम्प बड़ी तैयारी कर रहे हैं। 2020 के चुनाव में तुलसी गबार्ड ने बहस करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। तुलसी ने एक प्रॉसिक्यूटर के रूप पर कमला हैरिस के कामकाज पर तीखा हमला किया था। बहरहाल जिस तरह से अमेरिका के सभी राज्यों के नागरिकों का झुकाव कमला हैरिस की तरफ स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। उससे उनके जीत की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अमेरिका मैं अभी तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बनी है। कमला हैरिस जिस तरीके से अपनी बढ़त बना रही हैं। उससे यह स्पष्ट होता जा रहा है। अमेरिका में पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में कमला हैरिस मतदाताओं में पसंद की जा रही हैं। अमेरिका की राष्ट्रपति कमला हैरिस चुनी जाती हैं। उनका भारतीय मूल का होना, भारत के लिए गौरव की बात होगी। उल्लेखनीय है, कमला हैरिस अपने ननिहाल, तमिलनाडु आती रही हैं। वह भारत के लगातार संपर्क में रहती हैं। भारतीय संस्कृति का उन पर प्रभाव है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति के रूप में कमला हैरिस ने अमेरिका में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हिलेरी क्लिंटन ने 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था। उस समय वह चुनाव में पराजित हो गई थी। कमला हैरिस दूसरी महिला हैं, जो अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रही हैं। 2016 में हिलेरी क्लिंटन, राष्ट्रपति पद का चुनाव डोनाल्ड ट्रंप से पराजित हुई थी। अब डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला कमला हैरिस से है। जो उन्हें कड़ी चुनौती देती हुई नजर आ रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप 2016 का राष्ट्रपति चुनाव एक महिला से जीते थे। लेकिन अब स्थितियां पूरी तरह से बदल चुकी हैं। डोनाल्ड ट्रंप इस बार बहुत सारे विवादों और आपराधिक मामलों से घिरे हुए हैं। जिसके कारण चुनाव के दौरान ही उनकी स्थिति काफी कमजोर है।

## पौराणिक मान्यताओं के आधार पर रक्षा बंधन का पर्व

-संजय गोस्वामी

राखी यानी रक्षा बंधन का त्योहार सात्विक प्रेम का पर्व है। रक्षा बंधन भाई-बहनों का वह त्योहार है, तो मुख्यतः हिन्दुओं में प्रचलित है पर इसे भारत के सभी धर्मों के लोग समान उत्साह और भावपूर्वक मनाते हैं। महाभारत में भी रक्षा बंधन पर्व का उल्लेख है। जब युधिष्ठिर ने भगवान श्री कृष्ण से पूछा कि- मैं सभी संकटों को कैसे पार कर सकता हूं, तब कृष्ण ने उनकी तथा उनकी सेना की रक्षा के लिए राखी का त्योहार मनाने की सलाह दी थी।



शिशुपाल का वध करते समय कृष्ण की तर्जनी में चोट आ गई, तो द्रौपदी ने लहू रोकने के लिए अपनी साड़ी फाड़कर चीर उनकी उंगली पर बांध दी थी। यह भी श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था। कृष्ण ने चीरहरण के समय उनकी लाज बचाकर यह कर्ज चुकाया था। रक्षा बंधन के पर्व में परस्पर एक-दूसरे की रक्षा और सहयोग की भावना निहित है। हिंदू पुराण की कथाओं में रक्षा बंधन के त्योहार का इतिहास वर्णित है। इसमें वामन अवतार नामक पौराणिक कथा में रक्षा बंधन का प्रसंग मिलता है। इसकी कथा इस प्रकार है- राजा बलि ने यज्ञ संपन्न कर स्वर्ग पर अधिकार का प्रयत??न किया, तो देवराज इंद्र ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। विष्णु जी वामन ब्राह्मण बनकर राजा बलि से भिक्षा मांगने पहुंच गए। गुरु के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। वामन बने भगवान ने तीन पग में आकाश-पाताल और धरती नाप कर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। उसने अपनी भक्ति के बल पर विष्णु जी से हर समय अपने सामने रहने का वचन ले लिया। लक्ष्मी जी इससे चिंतित हो गई। नारद जी की सलाह पर लक्ष्मी जी बलि के पास गई और रक्षासूत्र बांधकर उसे अपना भाई बना लिया। बदले में वे विष्णु जी को अपने साथ ले आई। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। हर वर्ष श्रावण पूर्णिमा के दिन राखी पर्व या रक्षा बंधन का यह त्योहार मनाया जाता है। इसे तीन उत्सवों का पर्व भी कहते हैं। इस दिन श्रावणी पूर्णिमा, नारियल पूर्णिमा और रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है। पूरे भारत में इस दिन का माहौल देखने लायक होता है और हो भी क्यूं ना, यही तो एक ऐसा विशेष दिन है जो भाई-बहनों के लिए बना है। इसी दिन यज्ञोपवीत बदला जाता है। वर्षों से चला आ रहा राखी का त्योहार आज भी बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। हालांकि रक्षा बंधन की व्यापकता अब पहले से भी कहीं ज्यादा है। राखी बांधना सिर्फ भाई-बहन के बीच का कार्यकलाप नहीं रह गया है। यूं तो भारत में भाई-बहनों के बीच प्रेम और कर्तव्य की भूमिका किसी एक दिन की मोहताज नहीं है पर रक्षा बंधन के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व की वजह से ही यह दिन इतना महत्वपूर्ण बना है। राखी देश की रक्षा, पर्यावरण की रक्षा, हितों की रक्षा आदि के लिए भी बांधी जाने लगी है। हिन्दू श्रावण मास यानी जुलाई-अगस्त के बीच पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला यह त्योहार भाई का बहन के प्रति प्यार का प्रतीक है। रक्षा बंधन पर बहनें भाइयों की दाहिनी कलाई में राखी बांधती हैं, उनको तिलक करती हैं और उनसे अपनी रक्षा का संकल्प लेती हैं।

इतिहास में राखी के महत्व के अनेक उल्लेख मिलते हैं। जिसमें मेवाड़ की महारानी कर्मावती ने मुगल राजा हुमायूं को राखी भेज कर रक्षा-याचना की थी।रक्षा बंधन का पर्व/त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है और हर भारतवासी को इस त्योहार पर गर्व है। लेकिन भारत में जहां बहनों के लिए इस विशेष पर्व को मनाया जाता है वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो भाई की बहनों को गर्भ में ही मार देते हैं। आज कई भाइयों की कलाई पर राखी सिर्फ इसलिए नहीं बंध पाती क्योंकि उनकी बहनों को उनके माता-पिता ने इस दुनिया में आने ही नहीं दिया। यह बहुत ही शर्मनाक बात है कि जिस देश में कन्या-पूजन का विधान शास्त्रों में है, वहीं कन्या-भ्रूण हत्या के मामले निरंतर सामने आते रहते हैं। यह त्योहार हमें यह भी याद दिलाता है कि बेटी, बहनें, बहू, लड़कियां हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं। अगर हमने कन्या-भ्रूण हत्या पर जल्द ही काबू नहीं पाया तो मुमकिन है एक दिन देश में लिंगानुपात और तेजी से घटेगा और सामाजिक असंतुलन भी। इसके साथ ही उन्ही बहनों को कुछ पुरुषों द्वारा उन्हें हानि पहुंचाने का काम भी किया जाता है, जो कि उचित नहीं हैं। इतना ही नहीं कई बालिकाएं युवाओं की शिकार हो जाती है, जो कि बिलकुल भी भाई कहलाने के लायक नहीं है। इसीलिए सभी को चाहिए कि वे भाइयों-बहनों को एक-दूसरे के प्रति प्रेम, कर्तव्य और रक्षा का दायित्व लेते हुए शुभकामनाएं तथा शुभाशीष के साथ रक्षा बंधन का त्योहार मनाना चाहिए। साथ ही बहनों की जान तथा लाज बचाने का संकल्प भी लेना चाहिए, ताकि किसी भी भाई की कलाई सुनी ना रहें और बहनें भी हमेशा सुरक्षित रहें। राखी पूर्णिमा के पावन पर्व पर रेशम के धागे से बहन द्वारा भाई के कलाई पर बंधा यह बंधन हमें भारतीय होने पर गर्व महसूस कराता है। लेकिन यह तभी संभव होगा जब हम हर बेटी की रक्षा का वचन खुद से लेंगे और उस तरफ ठोस कदम भी उठाएंगे।

## वर्ल्ड फोटोग्राफी डे आज

-हेमंत मोराने)

फोटोग्राफी के हुनर ने दिलाई खंडवा की मनीषा को पहचान, रुढ़ियों को तोड़ फोटोग्राफी में कमा रही नाम; जानें- उनका सफर आज के समय में फोटोग्राफी महज शौक नहीं रह गया, बल्कि करियर के तौर पर इसे अपनाने वालों की कमी नहीं। युवाओं का फोटोग्राफी के क्षेत्र में करियर बनाने का क्रेज बढ़ता जा रहा है। खास बात यह भी है अब महिलाएं भी समाज की सभी भ्रांतियां तोड़कर फोटोग्राफी में नाम कमा रही हैं। चाहे घने जंगलों में मुश्किल हालात में वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी करनी हो या किसी शादी में चुस्ती के साथ हर मूमेंट को कैमरे में कैद करना हो, हर काम को महिलाएं बखूबी अंजाम दे रही हैं। खंडवा की मनीषा सवनेर भी कुछ ऐसे ही महिलाओं में से है जो पिछले छः सालों से फोटोग्राफी कर रही हैं। इन छः सालों में उन्होंने कई अनदेखी जगहों को अपने कैमरे में कैद कर आम लोगों के लिए उपलब्ध करवाया। लोगो की शादियों को यादगार बनाया। मनीषा बताती है की जब फोटोग्राफी शुरू की तो कई लोगों ने कहा ये लड़कियों का काम नहीं है। फोटोग्राफी के लिए इधर-उधर घूमना पड़ता है। पर बचपन से ही मुझे आर्ट से बहुत लगाव रहा तो मैंने फोटोग्राफी के अपने पैशन को दबाया नहीं, बल्कि अपने माता-पिता के सहयोग से अपने सपनों को पंख लगाए। मनीषा ने बताया कि फोटोग्राफी के पैशन को पूरा करने के लिए उन्होंने राज सर के साथ शादियों में काम किया इसके बाद वेडिंग फोटोग्राफी के लिए रुझान बढ़ा, तो शादियों में फोटोशूट करना शुरू कर दिया। वह बताती हैं कि उन्हें शादियों में फोटोग्राफी करना इसलिए भी पसंद है, क्योंकि शादी हर किसी के जीवन का अहम हिस्सा है। यह दिन दूल्हा- दुल्हन से लेकर शादी में शामिल पूरे परिवार के लिए खास होता है। उन्हें इस दिन को कैमरे में कैद कर यादगार बनाना बहुत पसंद है। फोटोग्राफी को अपना बना लिया अपना करियर हर व्यक्ति आज के समय मे करिअर में डॉक्टर , इंजीनियर, वकील बनाना चाहता है पर मन में कुछ अलग करने के जोश के साथ बालिका मनीषा ने फोटोग्राफी का पेशा चुना और जीवन में सफलता प्राप्त करने का जज्बा लेकर फोटोग्राफी की कला को सीख कर और पूरे एक वर्ष तक बिना किसी शुल्क के कार्य कर दिन रात मेहनत , संघर्ष कर और फोटोग्राफी में हुनर हासिल कर अपना एक अलग ही मुकाम बनाया । हेमन्त मोराने ने बताया कि टपाल चाल की रहने वाली मनीषा ऐसी इकलौती लड़की हैं, जो अपनी फोटोग्राफी कला के जरिए आय अर्जित कर रही हैं। दसवीं तक पढ़ी, गरीब परिवार की मनीषा का नाम आज खंडवा के नामी फोटोग्राफरों में गिना जाता है। ज्यादातर लड़के ही इन प्रोफेसन को चुनते है पर मनीषा ने इसे अपना करिअर चुना और आज वह शहर की एकमात्र पहली लेडिस फोटोग्राफर बन गयी। मनीषा के पिता भरत सवनेर चौकीदारी करते है। मां घरकाम करती हैं। उनके घर में लड़कियों को लेकर कोई भेदभाव नहीं होता, लेकिन फोटोग्राफी जैसा काम लड़कियों के कोई आसान नहीं है। 6 साल मेहनत के बाद कार्यक्रमों की फोटोग्राफी के लिए बुलाई जाने लगी हैं। मेहनताना भी दिया जाने लगा। जिसमे बाद अच्छी आमदनी होने लगी बाद में पैसे जमा कर कैमरा खरीदा जिससे फोटोग्राफी को अपने कैरियर के रूप में अपना लिया। मनीषा का कहना है कि लड़कियों के लालन-पालन और उनकी शिक्षा आदि को लेकर लोग ओछि मानसिकता रखते हैं। पर मेरे मम्मी-पापा को मेरी शादी की कोई जल्दबाजी नहीं करते हुए रूढ़ियों को तोड़ते हुए फोटोग्राफी को अपना करियर बनाने दिया।

## चिंतन-मनन

### ध्वनि तंरगों से रोगों का उपचार



यह बात जान कर आप सभी को आश्चर्य होगा की ध्वनि तंरगें से भी रोगों के उपचार होते है। यह विश्व जीवों से भरा है। ध्वनि तंरगों की टकराहट से सुक्ष्म जीव मर जाते है, रात्री में सूर्य की पराबैगनी किरणां के अभाव में सूक्ष्म जीव उत्पन्न होते है जो ध्वनि तरगों की टकराहट से मर जाते है। ध्वनि तरगों से जीवों के मरने की खोज सर्वप्रथम बर्लिन विश्वविधालय में 1928 में हुई थी। शिकागों के डॉ.ब्राइन ने ध्वनि तरगों से जीवों के नष्ट होने की बात सिद्ध की है। आधुनिक वैज्ञानिकों ने सिद्ध किया कि शंख और घण्टा की ध्वनि लहरों से 27 घन फुट प्रति सेकिंड वायु शक्ति वेग से 1200फुट दूरी के बैक्टीरिया नष्ट हो जाते है। पूर्व में मंदिरों का निमार्ण गुम्वजाकार होता था दरवाजे छोटे होते थे अन्दर की ध्वनि बाहर नही निकलती थी, बाहर की ध्वनि अन्दर प्रवेश नही करती थी। मन्दिर में एक ईष्ट देव की प्रतिमा, एक दीपक, एक घण्टा, शंख होता था। यहां कोई भी रोगी श्रद्धा से जाता घण्टा या शंख ध्वनि कर दीप जलता बैठ कर श्रद्धा से प्रार्थना भक्ति करता, मौन ध्यान करता। रोंगों के ठीक होने की कामना करता वह ठीक हो जाता था। इसका बैज्ञानिक कारण घण्टा -शंख ध्वनि भक्ति प्रार्थना की ध्वनि तंरगें बाहर न जाकर गुम्वजाकार शिखर से टकराकर शरीर से टकराती जिससे शरीर के रोगाणु नष्ट हो जाते रोग ठीक हो जाते। आज भी पुराने मंदिरों में यह होता है। इसलिये सीमित मात्रा में बोलना ठीक है। ध्वनि ज्यादा मात्रा में प्रदूषण का रूप ले लेती है, जो शारीरिक एवं मानसिक दृष्टि से हानिकारक होती है। मौन रहने में ही सुख एवं सुख मय जीवन है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज आपको ऑफिस और परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा।

**तुला** काम का माहौल बहुत शानदार रहेगा। आपके परिवार के सदस्यों में आपसी प्रेम बढ़ेगा।

**वृषभ** आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आपको सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होने की संभावना है।

**वृश्चिक** आज आपको सेहत के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही करना भारी पड़ सकता है।

**मिथुन** आज करियर में सफलता के योग हैं। आपको कार्यक्षेत्र में सम्मान मिलने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु** आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा।

**कर्क** आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बने हैं। आपको आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**मकर** आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रयास सफलत रहेंगे।

**सिंह** आज भाग्य साथ देगा। आपके सुख और आनंद में वृद्धि होगी। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे।

**कुंभ** हर प्रकार के विवाद से दूर रहें और आपको अपने परिवार के साथ आनंद की प्राप्ति होगी।

**कन्या** आपको व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

**मीन** आज लाभ होगा। चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से लेन-देन न करें।

## विशेष

### भाजपा नेताओं के शह और मात के खेल का विराम

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक के बीच में शह और मात का जो खेल चल रहा था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के बीच में शीत युद्ध हो रहा था। अब उसमें पूरी तरह से विराम लग गया है। 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इस उपचुनाव तक दोनों पक्षों ने युद्ध विराम स्वीकार कर लिया है। विधानसभा उपचुनाव के नतीजे के बाद विवाद पर फैसला केंद्रीय नेतृत्व करेगा। फिलहाल उपचुनाव तक शांति बन गई है।

### हार्डकोर हिंदू नेता बने योगी बाबा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,अब अपनी छवि हार्डकोर हिंदू नेता के रूप में बनाने का प्रयास कर रहे हैं। 1984 में नई दिल्ली में पहले धर्म संसद में राम मंदिर का आंदोलन शुरू हुआ था। उसके प्रणेता महंत रामचंद्र दास बने थे। उनकी मूर्ति का अनावरण करते हुए,बाबा योगी आदित्यनाथ ने सनातन धर्म को बचाने और धर्मांतरण को रोकने का संकल्प दोहराया। धर्मांतरण विरोधी कानून को और कठोर बनाने बिल पास कराया है। कवंडियों को लेकर जिस तरह से उन्होंने मुसलमानों को धमकाया है। जिस तरह से वह सनातन और हिंदू के लिए वह काम कर रहे हैं। काशी मथुरा की लड़ाई जिस तरह से वह लड़ रहे हैं। इसमें सबका साथ सबका विकास जैसी बात अब वह नहीं कर रहे हैं।

## कार्टून कोना




## आज का इतिहास

1600: अकबर ने अहमदनगर पर कब्जा किया था. 1666: शिवाजी आगरा से औरंगजेब के शिकंजे से निकलने में सफल रहे. 1692: मेसाचूसेटस में छह व्यक्तियों को काला जादू के लिए मौत के घाट उतार दिया गया. 1796 :फ्रांस और स्पेन ने ब्रिटेन के खिलाफ गठबंधन किया. 1944: ब्रिटिश नौसेना ने जर्मन युद्धपोत वेस्टफालेन को तारपीडो से भारी नुकसान पहुंचाया. 1940: द्वितीय विश्व युद्ध में इटली ने ब्रिटिश सोमालीलैंड पर कब्जा किया. 1966: पूर्वी तुर्की में भूकंप से पांच सौ से अधिक लोग मारे गए. 1977: दक्षिण वियतनाम में एल्गुएन वान थियु राष्ट्रपति चुने गए. 1986: मध्य तेहरान में कार बम विस्फोट से 20 व्यक्ति मारे गए. 1988: इराक-ईरान युद्ध बंद होने के बाद राष्ट्र संघ ने दोनों की सीमाओं पर सैकड़ों प्रेक्षक तैनात किए.

## दैनिक पंचांग

19 अगस्त 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.27 बजे से |
| चंद्र | मकर में | कन्या | 07.43 बजे से |
| मंगल | वृष में | तुला | 09.54 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 12.08 ब.से |
| गुरु | वृष में | धनु | 14.24 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 16.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 18.16 बजे से |
| राहु | मीन में | मीन | 19.49 बजे से |
| केतु | कन्या में | मेष | 21.19 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | वृष | 23.00 बजे से |
| | | मिथुन | 00.58 बजे से |
| | | कर्क | 03.11 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 232 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ला **तिथि** पूर्णिमा 23.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** श्रवण 08.10 बजे को समाप्त। **योग** शोभन 00.47 बजे रात्र को समाप्त। **करण** विष्टि 13.33 बजे तदनन्तर बव 23.56 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 12° 41' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872076 **जूलियन दिन** 2460541.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 14 **विशेष** रक्षा बंधन, स्नान दान व्रत, श्रावणी, नारियल पूर्णिमा, हयग्रीव जयंती, विश्व छायांकन, संस्कृत दिवस, श्रावण सोमवार व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore




# रक्षाबंधन पर एक साथ बने हैं 5 शुभ योग, जानें किस मुहूर्त में राखी बांधना होगा शुभ

**रक्षाबंधन को भाई-बहन के पावन रिश्ते के सबसे शुभ पर्व के रूप में मनाते हैं। हर साल सावन पूर्णिमा पर रक्षाबंधन मनाया जाता है। इस साल रक्षाबंधन 19 अगस्त यानी कि सावन के आखिरी सोमवार को है। इसके अलावा रक्षाबंधन पर 5 बेहद शुभ योग एक साथ बन रहे हैं, जो कि इस त्योहार की शुभता को और बढ़ा रहे हैं। तो आइए जानते हैं कौन से हैं ये शुभ योग और राखी बांधने के लिए शुभ मुहूर्त कौन सा रहेगा।**

रक्षाबंधन का शुभ त्योहार हर साल श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है और इस साल यह तिथि 19 अगस्त को है। यानी कि भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त को मनाया जाएगा। सावन के आखिरी सोमवार को इस बार रक्षाबंधन होने से इसका महत्व और बढ़ गया है। अबकी बार श्रावण मास की पूर्णिमा पर एक साथ 5 शुभ योग बने हैं। यानी कि बहनें बहुत ही शुभ संयोग के बीच अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनके दीर्घायु की प्रार्थना करेंगी। आइए जानते हैं रक्षाबंधन पर कौन-कौन से शुभ योग बन रहे हैं, साथ ही यह भी देखते हैं कि राखी बांधने के लिए सबसे शुभ मुहूर्त कौन से हैं।

## रक्षाबंधन कब मनाएंगे

रक्षाबंधन यानी कि सावन पूर्णिमा की तिथि 19 अगस्त को सुबह 3 बजकर 5 मिनट से होगी और रात 11 बजकर 56 मिनट पर समाप्त होगी। यानी कि रक्षाबंधन का पर्व 19 अगस्त हो ही मनाया जाना सर्वसम्मत होगा। साथ ही इस दिन मां लक्ष्मी की पूजा भी की जाती है, क्योंकि इस दिन पूर्णिमा होने की वजह से यह तिथि महालक्ष्मी की पूजा से जुड़ी मानी जाती है।

## रक्षाबंधन पर बने हैं 5 शुभ योग एक साथ

रक्षाबंधन अबकी बार सावन के आखिरी सोमवार को है। इसके अलावा इस शुभ दिन 4 शुभ योग एक साथ मौजूद होंगे। इस बार का रक्षाबंधन सर्वार्थ सिद्धि योग, शोभन योग, रवि योग और सौभाग्य योग के बीच में मनाया जाएगा। इसके साथ ही इस दिन श्रवण नक्षत्र का भी अद्भुत संयोग बन रहा है। हालांकि इस दिन भद्रा का साया भी रहेगा। हालांकि इस बार की भद्रा पाताल लोक में रहेंगी। इसलिए भद्रा का अशुभ प्रभाव मान्य नहीं होगा।
रक्षाबंधन पर राखी बांधन के लिए सबसे शुभ मुहूर्त हिंदू पंचांग के अनुसार, इस बार रक्षाबंधन पर भद्रा 18 अगस्त की रात को 2 बजकर 21 मिनट से लग जाएगी और अगले दिन 19 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 24 मिनट तक रहेगी। यानी कि रक्षाबंधन के दिन भ्रदा का साया रहेगा। लेकिन जानकार बता रहे हैं कि इस बार भद्रा पातल में रहेगी, इसलिए उसका उतना असर नहीं होगा और आप जब चाहें राखी बांध सकते हैं। लेकिन राखी बांधने का सबसे शुभ मुहूर्त दोपहर 1 बजकर 30 मिनट से 4 बजकर 3 मिनट तक रहेगा। उसके बाद शाम में भी बहनें अपने भाइयों को 6 बजकर 39 मिनट से 8 बजकर 52 मिनट तक राखी बांध सकती हैं।





# भाई व बहन के बीच प्यार और तकरार की दोस्ती

श्रावण माह की पूर्णिमा को रक्षा बंधन का त्योहार मनाया जाता है। यदि भाई और बहन एक समान उम्र के हैं तो उनमें प्यार और तकरार चलती रही है परंतु उन्हें एक दूसरे का दोस्त भी बनना चाहिए।

- आपका भाई या आपकी बहन आपके लिए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ दोस्त साबित हो सकते हैं। आज के दौर में लड़की द्वार किसी अन्य से दोस्ती रखना खतरे का खेल भी है।
- भाई या बहन आपके सबसे अच्छे दोस्त तब साबित हो सकते हैं जबकि आप उनके साथ संवाद स्थापित करें और एक दूसरे का ध्यान रखें।
- भाई या बहन के साथ साथ आप अपने सुख-दु:ख बांटकर खुश रह सकते हैं।
- भाई ही बहन की मदद करने के लिए हरदम तैयार रहता है और बहन भी भाई की मदद के लिए सदा तत्पर रहती है।
- इस रक्षा बंधन पर भाई के हाथ में बांधें दोस्ती का सूत्र और भाई भी वचन के साथ दोस्ती का नेक दें।
- रक्षाबंधन का दिन ऐसा मौका है, जबकि भाई-बहन गिले-शिकवे भुलाकर आपसी प्यार को बांटते हैं।
- भाई की रक्षा के लिए बहनें उसकी कलाई पर राखी बांधकर उसकी लंबी आयु की कामना करती हैं।
- भाई भी बहन को उपहार देकर उसके सुख-दु:ख में साथ देने का वचन देता है।
- इस अनूठे मौके पर अनोखा उपहार देकर अपनी भावनाएं व्यक्त कर सकते हैं।
- कभी कभार चल सकता है कि आप बाहर के लोगों के साथ भी समय बिताएं पर आपको यह ध्यान रखना चाहिए कि अपने तो अपने होते हैं बाकी सब सपने होते हैं। इसीलिए परिवार के सदस्य एक दूसरे को ज्यादा से ज्यादा समय दें और उन्हीं के साथ घूमने फिरने जाएं।

**सावन मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को हर साल रक्षाबंधन मनाया जाता है। इस पर्व में अपराह्न व्यापिनी पूर्णिमा तिथि का होना जरूरी है, और भद्रा वर्जित है। पुराणों में भद्रा को सूर्य की पुत्री और शनि की बहन बताया गया है, और किसी भी शुभ कार्य की इसकी उपस्थिति नहीं होनी चाहिए। रक्षा बंधन के दिन सुबह स्नान करके देवता, पितर, और ऋषियों का स्मरण किया जाता है। इसके बाद रक्षा सूत्र (राखी) को गाय के गोबर से लिपे शुद्ध स्थान पर रखकर विधिपूर्वक पूजा की जाती है। फिर रक्षा सूत्र को दाहिने हाथ में बंधवाया जाता है।**

## माता-पिता करें ये 10 कार्य, तो बनेगी भाई बहन में अच्छी दोस्ती

- भाई बहन के बीच किसी भी प्रकार का फर्क ना करें।
- दोनों को साथ ही खेलने और शिक्षा प्राप्त करने का मौका दें।
- कोशिश करें के वे साथ में बैठकर ही भोजन करें।
- वो साथ समय बिता सकें इसके लिए एक समय तय कर दें।
- वर्ष में एक या दो बार पूरा परिवरा सैर सपाटे के लिए बाहर जाएं।
- उन्हें एक दूसरे का खयाल रखना सिखाएं और एक दूसरे की मदद करना सिखाएं।
- उनके भीतर पारिवारिक भावना और टीम भावना का विकास करें।
- जब भी वो एक दूसरे के लिए कुछ अच्छा करें, उनकी प्रशांसा करें।
- एक दूसरे के जन्मदिन पर दोनों को ही कुछ करना सिखाएं।
- रक्षाबंधन के त्योहार को हर वर्ष कुछ स्पेशल करें या स्पेशल बनाएं।



# रक्षाबंधन की तिलक थाली में क्या-क्या रखना है जरूरी?

रक्षाबंधन भाई-बहनों के पवित्र रिश्ते का प्रतीक है जिसमें बहनें प्यार से अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधती हैं। वहीं भाई अपनी बहनों की रक्षा करने का वादा करते हैं। साथ ही उन्हें उपहार देते हैं। हिंदू पंचांग के अनुसार इस साल यह त्योहार 19 अगस्त को मनाया जाएगा तो चलिए इस दिन से जुड़ी प्रमुख बातों को जानते हैं। रक्षा बंधन, जिसे राखी के नाम से भी जाना जाता है यह एक पारंपरिक हिंदू त्योहार है, जिसका भारत में बहुत अधिक महत्व है। यह पर्व भाई-बहन के बीच के अटूट प्रेम का प्रतीक है। रक्षाबंधन शब्द का अर्थ है - सुरक्षा का बंधन। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बहनें इस दिन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं और बदले में भाई अपनी बहन की रक्षा करने की कसमें खाते हैं। रक्षाबंधन की थाली में शामिल करें ये चीजें रक्षाबंधन की थाली में रोली, अक्षत, हल्दी, नारियल, राखी, दीपक, मावा से बनी मिठाई या फिर खीर आदि चीजों को शामिल करें। ऐसा कहा जाता है कि इनके बिना पूजा अधूरी होती है। साथ ही इन सभी चीजों का थाली में होना आवश्यक होता है, क्योंकि यह पूजा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। ऐसा माना जाता है कि ये चीजें समृद्धि और शुभता का प्रतीक है, जिसे शामिल करने से भाई के जीवन में सौभाग्य और खुशहाली आती है।



# सावन पूर्णिमा के दिन करें ये खास उपाय, मिलेगा लक्ष्मी-नारायण का आशीर्वाद

श्रावण पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। इसे सावन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। यह दिन भगवान शिव को समर्पित होता है और इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि श्रावण मास भगवान शिव को प्रिय होता है और इस महीने में की गई पूजा का विशेष फल मिलता है।
श्रावण पूर्णिमा के दिन भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। श्रावण पूर्णिमा के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन स्नान करने से सभी पाप धुल जाते हैं और मन शुद्ध होता है। अब ऐसे में सावन पूर्णिमा के दिन कुछ ऐसे उपाय हैं, जिन्हें करने से व्यक्ति को भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी से विस्तार से जानते हैं।
दांपत्य जीवन सुखमय के लिए उपाय अगर आप चाहते हैं कि आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहे, तो सावन पूर्णिमा के दिन हाथी की मूर्ति खरीदकर लाएं और इसे अपने बेडरूम के टेबल पर रखें। इससे दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा और उत्तम फलों की प्राप्ति होती है।

## शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए उपाय

शत्रुओं से छुटकारा पाने के लिए सावन पूर्णिमा के दिन अन्न दान करें और भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप विधिवत रूप से करें। ऐसा करने से शत्रुओं से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही सौभाग्य में भी वृद्धि होती है।

## कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्ति के लिए उपाय

कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्ति के लिए सावन पूर्णिमा के दिन भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप विशेष रूप से करें और उन्हें पीले मिठाई का भोग लगाएं। ऐसा करने से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलती है।

## आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए उपाय

अगर आपको हमेशा आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है, तो सावन पूर्णिमा के दिन माता लक्ष्मी की पूजा करें और उन्हें सफेद मिठाई का भोग लगाएं। साथ ही माता लक्ष्मी के स्तोत्र का जाप करें। ऐसा करने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। इसके अलावा इस दिन चांदी से संबंधित कोई चीज खरीदें और माता लक्ष्मी को अर्पित करें। ऐसा करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है।



## सावन पूर्णिमा के दिन इन चीजों के दान से मनोकामनाएं होंगी पूर्ण

सावन पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक बहुत ही महत्वपूर्ण और पवित्र त्योहार है। यह दिन भगवान शिव को समर्पित होता है। इस दिन शिव भक्त पूरे विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा करते हैं। ऐसी मान्यता है कि सावन के महीने में भगवान शिव भक्तों पर विशेष कृपा बरसाते हैं। पूर्णिमा के दिन यह कृपा और भी बढ़ जाती है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और दान करने से पापों का नाश होता है। सावन पूर्णिमा के दिन भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

### सावन पूर्णिमा के दिन करें अन्न दान

सावन पूर्णिमा हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन भगवान शिव की विशेष पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और व्यक्ति के सभी पाप धुल जाते हैं। सावन पूर्णिमा के दिन अन्न दान करना उत्तम माना गया है। इसलिए सावन पूर्णिमा के दिन अन्न दान जरूर करें।

### सावन पूर्णिमा के दिन करें गुड़ दान

सावन पूर्णिमा के दिन गुड़ का दान करने उत्तम माना गया है। इस दिन गुड़ का दान करने से व्यक्ति को कभी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है और अक्षय फल की भी प्राप्ति होती है।
सावन पूर्णिमा के दिन करें तिल का दान सावन पूर्णिमा के दिन तिल का दान करने से ग्रहदोष से छुटकारा मिल जाता है। साथ ही व्यक्ति को कभी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता है। ऐसी मान्यता है कि तिल का दान करने से पितृदोष दूर होता है और पितरों को मुक्ति मिलती है। तिल को धन का प्रतीक माना जाता है। इसलिए, तिल का दान करने से धन में वृद्धि होती है।

### सावन पूर्णिमा के दिन करें सफेद चीजों का दान

सावन पूर्णिमा के दिन सफेद चीजों का दान करना शुभ माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, सफेद चीजों का दान करने से पितृदोष दूर होता है और पितरों को शांति मिलती है। साथ ही उत्तम परिणाम भी मिलते हैं।

# रक्षाबंधन के बाद कब खोलनी चाहिए राखी? उसे कहां पर रखें?

रक्षाबंधन का त्योहार भाई और बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है. इस दिन शुभ मुहूर्त के समय में बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती हैं. राखी बांधने के लिए भी शुभ समय की प्रतीक्षा की जाती है, ताकि वह भाई के सुख, समृद्धि और उन्नति में सहायक हो. रक्षाबंधन के दिन राहुकाल और भद्रा का त्याग किया जाता है. राहुकाल और भद्रा दोनों ही अशुभ होते हैं. राखी बांधने के लिए उस समय का चयन करते हैं, जिसमें भद्रा और राहुकाल न हो. रक्षाबंधन पर बांधी गई राखी को भाई अपनी कलाई पर कई दिनों तक बांधें रखते हैं, कुछ तो पूरे साल तक बांधें रखते हैं. क्या पूरे साल राखी बांधें रखनी चाहिए? रक्षाबंधन के बाद राखी कब खोल देनी चाहिए?

## रक्षाबंधन पर राखी बांधने का मुहूर्त

इस बार रक्षाबंधन का त्योहार 19 अगस्त सोमवार को है. इस बार रक्षाबंधन पर राखी बांधने का शुभ समय दोपहर में 1.30 बजे से रात 9.08 बजे तक है. रक्षाबंधन को सुबह में राखी बांधने का मुहूर्त नहीं मिल रहा है क्योंकि सुबह में भद्रा है. यह भद्रा पाताल की है.

## कब खोलनी चाहिए राखी?

ज्योतिषाचार्य भट्ट का कहना है कि रक्षाबंधन का त्योहार सावन पूर्णिमा को मनाते हैं. उस दिन जब आपकी कलाई पर राखी बांध दी जाए तो उसे कम से कम 24 घंटे तक बांधे रखें. 24 घंटे यानी एक दिन बीत जाने पर उस राखी को खोलकर उतार देना चाहिए. कई स्थानों पर लोग रक्षाबंधन से जन्माष्टमी तक राखी बांधे रखते हैं. उसके बाद उसे खोलकर रख देते हैं. राखी खोलने को लेकर कोई निश्चित दिन या समय नहीं है. शास्त्रों में भी इसका कोई उल्लेख नहीं मिलता है. इस वजह से लोग कई दिनों तक राखी बांधे रखते हैं. हालांकि शास्त्रों में शुद्धता का बड़ा महत्व है. यदि आप कई दिनों तक राखी बांधकर रखते हैं तो वह अशुद्ध हो जाता है, जिससे दोष लगता है. सावन पूर्णिमा के बाद भाद्रपद पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होता है, उस दौरान भी आप राखी बांधे रखते हैं तो वह अशुद्ध हो जाती है. अशुद्ध वस्तुएं नकारात्मक ऊर्जा पैदा करती हैं. इस वजह से भी राखी को एक दिन बाद उतार देना चाहिए.

## रक्षाबंधन के बाद राखी का क्या करें?

अब आपके मन में सवाल होगा कि राखी को खोलने के बाद क्या करें? रक्षाबंधन के बाद राखी को खोलकर विसर्जित कर दें. उस राखी को अपने पास किसी बॉक्स में रख सकते हैं या फिर किसी देव वृक्ष पर बांध सकते हैं.

## रक्षाबंधन के लिए कैसी हो राखी?

रक्षाबंधन के दिन बहनों को ऐसी राखी का चुनाव करना चाहिए, जो देखने में सुंदर, कच्चे धागे, रेशम आदि की बनी हो. प्लास्टिक से बनी राखी का उपयोग न करें. भूरे और काले रंग की राखी न बांधें. आजकल चांदी और सोने की राखी भी चलन में हैं, उसे भी बांध सकती हैं. हालांकि यह सभी के लिए संभव नहीं है.



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रेन के शौचालय में गिरकर महिला यात्री की मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** हावड़ा पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस के स्लीपर कोच की शौचालय में गिरकर रत्ना 85 वर्षीय महिला की मौत हो गई। बताया जाता है की ट्रेन ड्यूटी रेल कर्मचारियों ने टाटानगर स्टेशन पर महिला के अचेत होने की सूचना दी थी। लेकिन डॉक्टर की जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया। इससे रेल पुलिस ने महिला के शव को ट्रेन से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजा और थाना में अस्वाभाविक मौत का केस दर्ज किया है।

### बीटीपीएस प्रबंधन से वार्ता के बाद आंदोलन रूका

**बोकारो, एजेंसी।** रोजगार की मांग को लेकर विस्थापित एवं स्थानीय बेरोजगारों ने शुक्रवार को डीवीसी के एश पौंड स्थित वाटर रिकवरी पम्प हाउस प्लांट के मुख्य द्वार में ताला लगा दिया। जिससे ऐश पौंड से बोकारो थर्मल प्लांट जाने वाली रिकवरी पानी की बंद हो गई। तब बीटीपीएस के वरीय महाप्रबंधक सह परियोजना प्रधान आनंद मोहन प्रसाद, उप महाप्रबंधक बीजी होलकर व सिविल अभियंता मनीष चौधरी सहित बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह पहुंचे। वार्ता में प्लांट के अन्दर सभी ठीका कार्यों में स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार में प्राथमिकता देने की बात कही गई। तब आंदोलन समाप्त कर लिया गया।

### जलमीनार निर्माण में मुखिया ने पाई अनियमितता

**बोकारो, एजेंसी।** जरीडीह बाजार में पेयजल स्वच्छता विभाग से बन रहे जलमीनार में ठेकेदार द्वारा अनियमितता बरतने की बात कही जा रही है। जरीडीह पूर्वी मुखिया कंचन देवी कार्यस्थल पर पहुंच जलमीनार के कार्यों में बरती जा अनियमितता को देख भड़क उठी। वहीं मौजूद अन्य भी ठेकेदार और स्वच्छता विभाग के खिलाफ जमकर हो हल्ला करने लगे। मुखिया ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि जलमीनार ढलाई कार्य में जो बालू का इस्तेमाल हो रहा है वह बिना चाले सीमेंट में मिलाया जा रहा है जिसमें पत्थर और कोयले के टुकड़े पाये गये हैं। ग्रामीणों को भी बन रहे जलमीनर के कार्यों पर नजर बनाने को कहा।

### बाजार से खरीदारी कर लौट रही महिला से चेन की छिनतई

**रांची, एजेंसी।** थाना क्षेत्र स्थित हर्षित अस्पताल के पास बाइक सवार दो उचक्के एक महिला की चेन छीनकर फरार हो गए। पीड़िता ललित ग्राम निवासी तारामणि देवी काठीटांड़ चौक से सामान खरीदकर घर लौट रही थी। घटना शनिवार की रात पौने आठ बजे की है। चेन छीनने के बाद महिला ने चोर-चोर की आवाज लगाई, परंतु जब तक लोग जुटते बाइक सवार उचक्के काठीटांड़ की ओर भाग निकले। पीड़िता के अनुसार चेन की कीमत लगभग 70 हजार रुपये है। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी रातू थाना को दी। घटना की जानकारी मिलते ही रातू पुलिस उचक्कों को पकड़ने के लिए सीसीटीवी और चौक-चौराहों पर तैनात होकर जांच कर रही है। ज्ञात हो कि दो दिन पहले भी इससे थोड़ी दूर पर एक महिला से साधु के वेश में दो ठग चेन और अंगूठी छीनकर फरार हो गए थे।

### ससुराल में फंदे से लटकता मिला कॉलेज छात्रा का शव

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र के प्रेमनगर में ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा की उसके ससुराल में फंदे से लटकती लाश मिली। मायके वालों ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या के बाद फंदे से लटका दिया गया। उसके हाथ और पैर बंधे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतका राखी गोराई (19) के भाई आकाश गोराई ने बहन की हत्या कर शव को लटकाने का मामला थाने में दर्ज कराया है। भाई ने बताया कि उसकी बहन का जन्मदिन 19 अगस्त को था, जिसके लिए वह अपनी मां के साथ शुक्रवार को बाजार गया था। बाजार से लौटकर वह घर आ चुका था। वहीं, मां बाजार से घर नहीं लौटी थी। वह बहन के लिए मोबाइल खरीदने बाजार में रुक गई थी। इस दौरान उसकी मां बहन को फोन कर रही थी, फोन नहीं उठाने पर युवती की मां ने पड़ोस में फोन कर उसे देखने की बात कही। तभी पड़ोस में रह रहे परिवार ने बताया कि घर का मुख्य दरवाजा खुला है और राखी फंदे से लटकी हुई है। उसके दोनों हाथ और पैर रस्सी से बंधे हैं। इसकी सूचना पड़ोसियों ने उसकी मां को दी। तभी अन्य परिवार के सदस्य घर लौटे तो देखा कि उनकी बेटी फंदे से लटकी है। आनन-फानन में परिजनों ने युवती को फंदे से उतारकर टीएमएच पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और कमरे का मुआयना कर प्रदर्शों को जब्त किया।

# चंपई सोरेन के बीजेपी में जाने से जेएमएम को कितना होगा नुकसान 14 सीटों पर दबदबा, अटकलों पर अब भाजपा नेताओं का आया जवाब

### चंपई की ईचागढ़ में जबरदस्त पकड़ है। यहां तक कि आदित्यपुर, जो भाजपा का गढ़ माना जाता है, वहां भी चंपई हमेशा जीत दर्ज करते रहे हैं



**रांची, एजेंसी।** झामुमो नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर अब पार्टी की भी प्रतिक्रिया आने लगी है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा है कि चंपई सोरेन को जिस तरह से झामुमो ने मुख्यमंत्री पद से हटाया था, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि उनके भाजपा में शामिल होने के सवाल पर दीपक प्रकाश ने कहा कि इसकी जानकारी नहीं है। ऐसा कोई भी मामला केंद्रीय नेतृत्व तय करता है।

वहीं, असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि झामुमो के पांच साल के कार्यकाल में सबसे अच्छा काम चंपई सोरेन के छह महीने के मुख्यमंत्री काल में ही हुआ।

इसके अलावा, भाजपा में चंपई सोरेन के शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कोई भी उनके संपर्क में नहीं है। उन्होंने कहा कि चंपई सोरेन वरिष्ठ नेता हैं। उनके बारे में कोई भी अगंभीर बात नहीं होनी चाहिए।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की खबर से ही राज्य में सियासी तूफान उठ खड़ा हुआ है। इस खबर ने झामुमो खेमे में हड़कंप मचा दी है, वहीं इंडी गठबंधन की भी चिंताएं बढ़ गई हैं।

राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि चंपाई के आने से भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में आदिवासी वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाने में मदद मिलेगी, लेकिन पार्टी के अंदर खेमेबाजी भी तेज होगी।

चंपई का जमशेदपुर समेत कोल्हान क्षेत्र में अच्छी पकड़ है। खासकर पोटका, घाटशिला और बहरागोड़ा, ईचागढ़, सरायकेला-खरसावां व प. सिंहभूम जिले के विधानसभा क्षेत्रों में मजबूत जनाधार है।

2019 के लोकसभा चुनाव में चंपई ने जमशेदपुर संसदीय सीट से चुनाव लड़ा था। आदिवासी बहुल इन क्षेत्रों में संथाल और भूमिज समुदाय ने झामुमो को जमकर समर्थन दिया था। कोल्हान के विधानसभा चुनाव में जीत का अंतर 10 से 20 हजार तक ही होता है।

पोटका, घाटशिला, बहरागोड़ा और ईचागढ़ जैसी सीटों पर तो विधानसभा चुनावों में दस से तीस हजार तक के अंतर से जीत हासिल होती रही है। ऐसे में चंपाई के भाजपा में शामिल होने से सरायकेला की तीन, पश्चिमी सिंहभूम की पांच और पूर्वी सिंहभूम की छह कुल 14 विधानसभा सीटों के समीकरण बदल सकते हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि चंपई की ईचागढ़ में जबरदस्त पकड़ है। यहां तक कि आदित्यपुर, जो भाजपा का गढ़ माना जाता है, वहां भी चंपई हमेशा जीत दर्ज करते रहे हैं। ऐसे में चंपई के आने से कोल्हान में झामुमो को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

फिलहाल कोल्हान में 11 विधायक झामुमो के हैं, जबकि कांग्रेस से मंत्री बन्ना गुप्ता और जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा के सरयू राय विधायक हैं। चंपाई की आदिवासी समुदाय, युवा मतदाताओं पर अच्छी पकड़ मानी जाती है।

इसका सीधा फायदा भाजपा को मिल सकता है। इस अटकल का असर ये भी देखने को मिल रहा है कि बहरागोड़ा के झामुमो विधायक समीर महंती को खुलकर यह स्पष्टीकरण देना पड़ा है कि वह दल नहीं बदल रहे हैं।हालांकि, चंपई के भाजपा में जाने से पार्टी के लिए यह सब कुछ इतना आसान भी नहीं होगा।

पूर्वी सिंहभूम में पहले से ही भाजपा में गुटबाजी चरम पर है। ऐसे में चंपई का आना पार्टी के अंदर एक नया समीकरण खड़ा करेगा। पार्टी सूत्रों के अनुसार कई नेता चंपाई के आने से अपनी जगह को लेकर चिंतित हैं।

कुल मिलाकर चंपाई का भाजपा में जाना राज्य की राजनीति में एक बड़ा उलटफेर ला सकता है। हालांकि, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा कि चंपाई आखिर क्या फैसला लेते हैं।

# विक्ट्री कोलियरी की 10 हजार आबादी को 11 दिनों से नहीं मिल रहा पानी



**रांची/ भगतडीह, एजेंसी।** विक्ट्री कॉलोनी में बस्ताकोला पोखरिया से शनिवार को भी जलापूर्ति शुरू नहीं हो सकी। इस पोखरिया के पास शुक्रवार को जलापूर्ति शुरू कराने गए कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की व मारपीट की गई थी। इसके बाद डर-सहमे कर्मी जलापूर्ति शुरू करने के लिए वहां नहीं गए। इधर, विक्ट्री कोलियरी की 10 हजार आबादी वाले क्षेत्र में 11 दिनों से जलापूर्ति नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। वहीं प्रबंधन विक्ट्री कॉलोनी में जलापूर्ति शुरू करने को लेकर एक पंप लाया है।

जिसे विक्ट्री खदान के अंदर जोड़ने के लिए उतारा गया है। बस्ताकोला कोलियरी पीओ अजय कुमार का कहना है कि सोमवार तक पंप लगाकर विक्ट्री में जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। कर्मियों के साथ धक्का-मुक्की मामले में प्रबंधन ने झरिया थाना में शिकायत नहीं की है। सनद हो कि विक्ट्री कोलियरी का पंप जलने के कारण विक्ट्री कॉलोनी में जलापूर्ति ठप है। इस कॉलोनी में जलापूर्ति करने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करते हुए बस्ताकोला पोखरिया से कनेक्शन कर जलापूर्ति करने का प्रयास किया गया, लेकिन बस्ताकोला के लोगों ने इसका विरोध कर दिया।

छह माह से फटा पाइप, सड़क परपानी बहकर हो रहा बर्बाद, आक्रोश

बलियापुर 7 बलियापुर-झरिया रोड स्थित विधायक इंद्रजीत महतो के आवासीय कार्यालय के समीप पीएचडी विभाग का मेन पाइप फट गया है। पाइप फटने से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। लेकिन पीएचडी विभाग का इस पर नजर नहीं है। जबकि पाइप पिछले छह माह पूर्व ही टूटा है। इसका सीधा असर जलापूर्ति पर पड़ रहा है। सड़क पर पानी बहरने के बाद वहां आए दिन बाइक सवार व साइकिल सवार दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। उक्त पाइप से ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत दामोदर नदी से बलियापुर बाजार होते हुए आमझर जलमीनार में पानी स्टॉक किया जाता है।

जलमीनार से ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति की जाती है। विभाग को शिकायत के बावजूद न तो पीएचडी विभाग द्वारा पाइप की मरम्मत की गई है और न ही पानी की बर्बादी की रोकथाम के लिए कोई पहल की गई है। ऐसे में विभागीय लापरवाही के कारण रघुनाथपुर, बंदरचुवां, तेतुलटांड़, कुलूडीह सहित आधा दर्जन गांवों में अब तक जलापूर्ति प्रारंभ नहीं हो सकी है। इधर, लोकहित विकास संस्था के सचिव मुस्ताक आलम, गुड्डू खान, मो कलीम आदि ने पीएचईडी विभाग को शीघ्र पाइप की मरमत करने की मांग की है। इस संबंध में पीएचडी विभाग के जेई लखीराम मांझी ने कहा कि फटे पाइप की शीघ्र मरम्मत करा दी जाएगी। ताकि नियमित रूप से पानी मिल सके।

## झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भाजपा में शामिल होंगे

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा शुक्रवार को नहीं हुई, पर राजनीतिक खेल शुरू हो गया। पार्टियों की बाड़बंदी टूटने लगी। इसी कड़ी में झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम दो-तीन दिन के अंदर भाजपा में शामिल होंगे।

लोबिन ने शुक्रवार को खुद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस विषय पर उनकी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से बात हो चुकी है। सब कुछ साफ है। अब भाजपा में शामिल होना है। हालांकि भाजपा के किन नेताओं से बात हुई है, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी इन बातों को गोपनीय ही रहने दें। समय आने पर सब कुछ सामने आ जाएगा। वैसे, अभी यह तय नहीं हुआ है कि वे दिल्ली में भाजपा की सदस्यता लेंगे या रांची में। लोबिन ने कहा कि वे शनिवार को रांची आएंगे। फिर झामुमो को अलविदा कह देंगे। उन्होंने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की भी इस विषय में भाजपा नेताओं से चर्चा हुई है। लोबिन हेंब्रम ने दावा किया कि वे भाजपा की टिकट पर बोरियो से विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इस बीच चर्चा है कि लोबिन के भाजपा में शामिल होने के बाद और भी कई झामुमो नेता पाला बदल सकते हैं। पक्ष-विपक्ष एक-दूसरे के खेमे में बड़ी सेंधमारी की तैयारी में है।

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पोटका विधायक संजीव सरदार और बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती के भी भाजपा में जाने की चर्चा दिनभर चलती रही। झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने भी दावा किया कि चंपाई सोरेन भाजपा नेताओं के संपर्क में हैं। उनकी बातचीत हो चुकी है। लेकिन सभी नेताओं ने इसे कोरा अफवाह बताते हुए इसका खंडन किया। चंपाई सोरेन शुक्रवार को सरायकेला में खरकई पाया लिफ्ट भूमिगत पाइप लाइन सिंचाई योजना का उद्घाटन कर रहे थे।

# झारखंड में बीजेपी की सरकार बनी, तो मंइयां योजना से भी अच्छी योजना लायेंगे : हिमंता विश्वा सरमा



**रांची, एजेंसी।** भाजपा के विधानसभा सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा ने कहा कि गठबंधन सरकार की अब कोई विश्वसनीयता नहीं बची है. भाजपा ने अलग झारखंड बनाया है, तो बचाने की भी जिम्मेदारी भी हमारी है. भाजपा झारखंड को लूटते, बर्बाद होते नहीं देख सकती. हिमंता विश्वा सरमा शुक्रवार को हरमू स्थित स्वागतम बैंक्वेट हॉल में भाजपा के सभी 515 मंडल अध्यक्षों की बैठक को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा ने पहले भी राज्य में अनेक कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है. भाजपा नेतृत्व की नयी सरकार मंईयां योजना से भी अच्छी योजना लाकर बहन-बेटियों की उन्नति सुनिश्चित करेगी.

हिमंता विश्वा सरमा ने मंडल अध्यक्षों में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा को जिताना है, झारखंड को बचाना है. लोकसभा चुनाव में झारखंड की जनता ने भाजपा को दिल से समर्थन दिया है. नौ लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत हुई, एक सीट पार्टी बहुत कम मार्जिन से हारी है. 53 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए आगे रहा है. उन्होंने कहा कि तुष्टीकरण की राजनीति से इंडिया गठबंधन ने पांच सीटें जीती हैं. यह जनसमर्थन की जीत नहीं, बल्कि तुष्टीकरण की जीत है. भाजपा जनता को तुष्टीकरण की राजनीति से मुक्ति दिलाने के लिए संकल्पित है.

हिमंता विश्वा सरमा कहा कि झारखंड आज निर्णायक मोड़ पर है. बदलते डेमोग्राफी से आनेवाले दिनों में राज्य तबाह हो जायेगा. सत्ता के लिए इंडिया गठबंधन ने घुसपैठियों के हाथों में सब कुछ सौंप दिया है. उन्होंने कहा कि पांच साल पहले से जनता को धोखा देकर सत्ता में आयी. हेमंत सरकार एक बार फिर से जनता को दिग्भ्रमित करने में जुटी है. आनन-फानन में योजनाओं की घोषणा कर रही, लेकिन हेमंत सोरेन यह नहीं बता पा रहे कि उनकी सरकार पिछले पांच साल में कौन सी योजना धरातल पर उतरी. जनता को पता है कि हेमंत सरकार के खाने के दांत और दिखाने के अलग-अलग हैं.

## मधु कोड़ा एवं गीता कोड़ा ने जगन्नाथपुर में विशाल रैली निकाल, अनुमंडल कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन




**चाईबासा/गुवा , एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा एवं पूर्व सांसद गीता कोड़ा के नेतृत्व में नौकरी दो या बेरोजगारी भत्ता दो को लेकर घंटा बजाओ सरकार जगाओं आंदोलन के तहत कार्यकर्ताओं ने जगन्नाथपुर में विशाल रैली निकाल अनुमंडल कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन किया। इसके बाद कोड़ा दम्पत्ति के नेतृत्व में भाजपाईयों ने एसडीएम मुकेश मछुआ को ज्ञापन सौंपा। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि झारखण्ड व पश्चिम सिंहभूम में बेरोजगारी व पलायन चरम पर है। झामुमो ने बीते विधानसभा चुनाव में गांव गांव जाकर बेरोजगारों को रोजगार देने अन्यथा हर माह 5-7 हजार रूपये बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी। लेकिन हेंमंत सोरेन सरकार ने बेरोजगारों को नौकरी अथवा भत्ता कुछ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री रहते एक खदान को भी बंद रहने नहीं दिया, चाहे खदानों के पास पूरा कागजात रहता था या नहीं। हमारा उद्देश्य यह था कि खदान बंद होने से कोई बेरोजगार न हो। यह सरकार यहाँ की कुछ चल रही खदानों को भी बंद कर दिया। जबकि सारे बंद खदानों को खोल बेरोजगारों को रोजगार देने का काम करना चाहिए था। युवा नौकरी हेतु परीक्षा देते हैं लेकिन परीक्षा रद्द कर दिया जाता है। न्यायालय ने खदान खोलने का आदेश दिया है, फिर भी खदान यह सरकार नहीं खोल रही है। झामुमो अगर भूमि पुत्रों की पार्टी है तो यहाँ के भूमिपुत्रों को नौकरी क्यों नहीं देती। अबुआ आवास, मईयां सम्मान योजना आदि सभी गरीबों को छलने वाली है, क्योंकि आवेदन लेकर भी लोगों को अबुआ आवास योजना का लाभ नहीं मिला। चुल्हा योजना के नाम पर दो हजार रूपये महिलाओं को देने की बात हुई थी लेकिन कुछ नहीं मिला। केन्द्र सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है।

हमें जन जन तक जाकर लोगों को केन्द्र सरकार की जनधन, आयुष्मान, जीवन बीमा, शौचालय, रसोई गैस, किसान सम्मान, हर घर नल आदि तमाम योजनाओं की जानकारी देना है। झामुमो सरकार सिर्फ योजनाओं की घोषणा कर वनाधिकार पट्टा आदि का आवेदन लेती है लेकिन लाभ कभी नहीं देती है। बेरोजगारों को रोजगार हेतु सरकार की खोखली घोषणा के खिलाफ घंटा बजाओ, सरकार जगाओं आंदोलन आज किया गया। इस आंदोलन के बाद बंद खदान को खोलने, वनाधिकार पट्टा दिलाने का बड़ा आंदोलन छेड़ा जायेगा। पूर्व सांसद गीता कोड़ा ने कहा कि वर्ष 2019 की चुनाव में हेमंत सोरेन ने कहा था कि 5 लाख युवाओं को रोजगार देंगे, नहीं तो बेरोजगारी भत्ता देंगे। सरकार की इस घोषणा के बाद एक आशा व विश्वास लिये पूरे झारखण्ड के नियोजन कार्यालय में हजारों बेरोजगारों ने नाम दर्ज कराया था। लेकिन हेमंत सरकार रोजगार अथवा भत्ता देना तो दूर, बेरोजगारों पर लाठियां बर्षा रही है। सारंडा में एक समय 40 खदानें चलती थी लेकिन अभी 5-6 खदान चल रही है।

# झारखंड में आदिवासी सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर भाजपा में मशक्कत



**रांची, एजेंसी।** झारखंड में विधानसभा चुनाव अपने तय समय पर होंगे। ऐसे में भाजपा अगले महीने सितंबर में उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर सकती है। पहली सूची में खासकर संताल और कोल्हान की सीटों पर भाजपा अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा मशक्कत आदिवासी आरक्षित सीटों पर उम्मीदवारी को लेकर हो रही है। भाजपा शीर्ष नेतृत्व की ओर से बड़े आदिवासी नेताओं को आदिवासी आरक्षित सीटों पर लड़ाने का फैसला लिया गया है।

पार्टी ने यह लक्ष्य रखा है कि किसी भी तरह आदिवासी आरक्षित 28 सीटों में कम से कम 10 सीटें जीती जाएं। वर्तमान में सिर्फ दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के खूंटी की दो सीटों खूंटी और तोरपा पर भाजपा का कब्जा है। वहीं, संताल की सभी आदिवासी आरक्षित सीट व कोल्हान की तमाम सीटों पर भाजपा को 2019 के चुनाव में हार मिली थी।

### कैसे हो रही मशक्कत

संताल परगना की सीटों पर लेकर सबसे ज्यादा परेशानी भाजपा को हो रही। मसलन दुमका सीट पर हेमंत सोरेन को मात देकर विधायक चुनी गई लुईस मरांडी की दावेदारी रही है। लेकिन इस बार चर्चा है कि बाबूलाल मरांडी को भी यहां से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। वहीं बोरियो से ताला मरांडी 2014 में विधायक बने थे, लेकिन 2019 में उनका टिकट काट दिया गया था, अब इस सीट पर लोबिन हेंब्रम को लेकर चर्चा तेज है। लोबिन के भाजपा में शामिल होने की अटकलें भी हैं। वहीं जामा सीट पर सीता सोरेन विधायक थीं, भाजपा में शामिल होने के बाद वह अपनी बेटी के लिए दावेदारी कर रहीं। लेकिन इस सीट पर पिछली बार 2426 वोट से हारे सुरेश मुर्मू के साथ-साथ सीता सोरेन के लिए दुमका की संसदीय उम्मीदवारी छोड़ने वाले सुनील सोरेन भी दावेदार हैं। संताल परगना में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सीटिंग सीट बरहेट, शिकारीपाड़ा, महेशपुर जैसी सीटों पर भी नए प्रत्याशियों का चयन होना है। वहीं, दक्षिणी छोटानागपुर की सीटों लोहरदगा, सिसई, विशुनपुर, गुमला में भी भाजपा नए और अपने कद्दावर चेहरों को चुनाव लड़ा सकती है।

### आदिवासी सीटों पर कैसे हो रहा मुद्दों का उभार

लोकसभा चुनाव के दौरान चार आदिवासी आरक्षित सीटों पर भाजपा की बड़ी हार हुई थी। हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उठी सहानुभूति लहर का फायदा इंडिया गठबंधन को मिला था। हेमंत सोरेन के पुनः सीएम बनने के बाद संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ तथा डेमोग्राफी बदलाव का मुद्दा भाजपा उठा रही है। पाकुड़, साहिबगंज में आपराधिक वारदातों के साथ घुसपैठ को जोड़ा जा रहा है। वहीं आदिवासियों की घटती जनसंख्या का मुद्दा भी उठाया जा रहा है।

### माहौल अब बदल चुका है: हिमंता

झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्व सरमा के मुताबिक, आदिवासी वोटरों का समर्थन अब भाजपा को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हर तरफ से आदिवासी वोटर अब भाजपा से जुड़ रहे हैं। एक महीने में माहौल और बदल जाएगा।

# ईशा अंबानी ने विदेशी ब्यूटी ब्रैंड के साथ डील की

## किको मिलानो के साथ यह डील 100 करोड़ रुपये में हुई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी ने एक विदेशी ब्यूटी और कॉस्मेटिक ब्रैंड के साथ 100 करोड़ रुपये की डील की है। इस विदेशी ब्रैंड का नाम किको मिलानो है। इस ब्यूटी और कॉस्मेटिक ब्रैंड के भारत आने से यहां पहले से मौजूद दूसरी ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनियों को कड़ी टक्कर मिलेगी। यह पहली बार नहीं है जब ईशा ने किसी विदेशी कंपनी के साथ डील की है। ब्यूटी ब्रैंडकिको मिलानो की शुरुआत 1997 में इटली में हुई थी। इस कंपनी के 1200 से ज्यादा स्कीन केयर और ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स हैं।

ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल बिजनेस की कमान संभालती हैं। ईशा ने रिटेल बिजनेस में कई बड़े



अधिग्रहण किए हैं और कई इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रैंड के साथ डील की है। रिलायंस रिटेल ने इससे पहले ग्लोब्ल ब्यूटी ब्रैंड टीरा ब्यूटी का भी अधिग्रहण किया था। टीरा रिलायंस रिटेल का एक ब्यूटी और पर्सनल केयर ब्रैंड है। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान टीरा के ब्रैंड एंबेसडर में से एक हैं।

### क्या है ईशा का प्लान

जानकारों के मुताबिक इस डील के बाद इसके देश के 6 शहरों में स्टोर खोले जाएंगे। इनमें दिल्ली, मुंबई, पुणे, लखनऊ आदि शामिल हैं।किको मिलानो को भारत लाने से ईशा टाटा (लैक्मे और टाटा क्लिक) और ह्य4ड्ढ्ढ समेत कई ग्लोबल ब्यूटी ब्रैंड को टक्कर देने जा रही हैं। इसके अलावा ईशा देशभर में 20 नए ब्यूटी स्टोर खोलने की भी तैयारी में है।

### कितना बड़ा है देश का कॉस्मेटिक मार्केट

एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में ब्यूटी और पर्सनल केयर मार्केट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। अभी यह करीब 16 अरब डॉलर का है। भारत दुनिया में चौथा सबसे बड़ा ब्यूटी मार्केट है। साल 2026 तक इसमें 40 फीसदी की तेजी आ सकती है। वहीं बात अगर पर्सनल केयर, स्कीन केयर और मेकअप की करें तो साल 2026 तक इसमें 4.5 फीसदी की तेजी हो सकती है।

### इन इंटरनेशनल ब्रैंड के साथ भी हो चुकी है डील

किको मिलानो इटली का पॉपुलर कॉस्मेटिक और मेकअप ब्रैंड है। इसके अधिग्रहण को लेकर पिछले कई महीनों से बातचीत चल रही थी। इससे पहलेकिको मिलानो को इटली की ग्रुप और नई दिल्ली की छ्वस्त्र ब्रैंड्स लिमिटेड संचालन कर रही थी। इसका अधिग्रहण अब रिलायंस रिटेल ने कर लिया है। इस डील से पहले ईशा वर्साचे, अरमानी, बालेनियागा, बॉस जैसे कई इंटरनेशनल ब्रैंड के साथ डील कर चुकी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीन हाइड्रोजन मिशन में सरकार दे रही सब्सिडी, अडानी समेत 13 कंपनियों को फायदा!




**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में इलेक्ट्रोलाइजर्स के निर्माण के लिए स्ट्रैटेजिक इंटरवेंशन फॉर ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन योजना के तहत सब्सिडी के हकदार 13 दिग्गज समूह हैं। अडानी एंटरप्राइजेज, वारी एनर्जीज, ओहमियम ऑपरेशंस और अवाडा इलेक्ट्रोलाइजर्स उन 13 कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने देश में इलेक्ट्रोलाइजर्स के निर्माण के लिए स्ढ्ढत्र॥ञ्ज योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए पात्र क्षमताएं हासिल की हैं। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक स्ढ्ढत्र॥ञ्ज योजना की दूसरी किश्त के तहत सब्सिडी प्राप्त करने के लिए तेरह कंपनियों को चुना गया है। योजना में दूसरी किश्त के लिए आवंटन 2200 करोड़ किया गया है। बता दें कि जनवरी 2023 में नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 19,744 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को मंजूरी दी। इसके साथ ही सरकार ने इलेक्ट्रोलाइजर मैन्युफैक्चरिंग और ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन योजनाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं । यह मिशन स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से भारत के आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य में योगदान देगा। मिशन अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण डीकार्बोनाइजेशन, जीवाश्म ईंधन आयात पर निर्भरता को कम करने और भारत को ग्रीन हाइड्रोजन में टेक्नोलॉजी और मार्केट लीडरशिप संभालने में सक्षम करेगा। इस मिशन से 2030 तक प्रति वर्ष 5 एमएमटी ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित होने की उम्मीद है। अनुमान है कि ग्रीन हाइड्रोजन के लक्षित मात्रा के उत्पादन, उपयोग के माध्यम से प्रति वर्ष लगभग 50 एमएमटी सीओ2 उत्सर्जन को रोका जा सकता है। सरकार ग्रीन हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास पर कई देशों के साथ द्विपक्षीय सहयोग भी कर रही है।

### 140 प्रतिशत बढ़ा कंपनी का प्रॉफिट, 12 का है शेयर, दो साल से लगातार दे रहा मुनाफा

खिलौना बनाने वाली कंपनी के शेयर दलाल स्ट्रीट पर टॉप प्रदर्शन करने वालों में से हैं। इसका बेस्ट उदाहरण ओके प्ले इंडिया का शेयर है। पिछले एक साल में ओके प्ले इंडिया के शेयर 13 फीसदी चढ़े हैं। दो सालों में ओके प्ले शेयरों ने अपने निवेशकों को 306 प्रतिशत का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 13 प्रतिशत तक टूटकर 12.05 रुपये पर बंद हुए थे। एफआईआई समर्थित 34 साल पुरानी कंपनी ने इस साल मार्च में अपने इक्विटी शेयरों को विभाजित करने की घोषणा की थी। बीएसई की वेबसाइट के मुताबिक, कंपनी के बोर्ड ने 10:1 के अनुपात में सब-डिवीजन को मंजूरी दी थी। हाल ही में कंपनी ने अप्रैल-जून तिमाही एफवाय2024-25 के नतीजों की घोषणा की। ओके प्ले ने कहा कि उसका नेट प्रॉफिट 140 प्रतिशत बढ़कर 0.87 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 0.36 करोड़ रुपये था। जून तिमाही में बिक्री लगभग 8 प्रतिशत गिरकर 39.81 करोड़ रुपये हो गई, जबकि वित्त वर्ष 2023 की इसी तीन महीने की तिमाही में यह 43.25 करोड़ रुपये थी। ओके प्ले की स्थापना 1990 में हुई थी। यह एक माइक्रोकैप स्टॉक है। इसका मार्केट कैप 342.82 करोड़ रुपये है। बीएसई एनालिटिक्स के मुताबिक, ओके प्ले शेयरों की 52-सप्ताह का हाई 21.50 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 9.70 रुपये है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न के अनुसार, प्रमोटरों के पास ओके प्ले में 44.82 प्रतिशत की बहुमत हिस्सेदारी है, जबकि गैर-संस्थागत निवेशकों के पास 36.13 प्रतिशत स्वामित्व है। कंपनी में एफआईआई की 19 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी है।

# नकदी के लेनदेन की जानकारी नहीं दे रहे होटल और अस्पताल, अब आयकर विभाग कसेगा शिकंजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में तमाम होटल, अस्पताल समेत कई बड़े लग्जरी ब्रांड पर आयकर विभाग शिकंजा कसने की तैयारी में है। यह संस्थान लगातार नकदी के लेनदेन को लेकर जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। अब केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग को ऐसे संस्थानों में नकदी के लेनदेन की जांच करने का निर्देश दिया है। इसके बाद आयकर विभाग ने सूची तैयार करनी शुरू कर दी है।

आयकर विभाग के नियमों के मुताबिक वित्तीय संस्थानों के दो लाख रुपये से अधिक के नकदी लेनदेन का विवरण देना जरूरी होता है। लेकिन देश में तमाम बड़े संस्थान ऐसा नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जांच की। जांच करने पर पाया गया कि प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। उच्च मूल्य वाले उपभोग व्यय को करदाता के बारे में जानकारी के साथ सत्यापित करना जरूरी है। इस पर बोर्ड ने आयकर विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने हाल में केंद्रीय कार्य योजना (सीएपी) 2024-25 जारी की है। सीबीडीटी ने आयकर विभाग से यह भी कहा है कि जांच हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए। सीबीडीटी ने आयकर विभाग से बकाया मांगों की वसूली के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा है। इसके बाद आयकर विभाग ने होटलों, बैंक्वेट हॉल, लक्जरी ब्रांड के खुदरा विक्रेताओं, आईवीएफ क्लीनिक, अस्पताल, डिजाइनर कपड़ों की दुकानों और एनआरआई कोटा मेडिकल कॉलेज सीटों की पहचान की है। इन व्यावसायिक संस्थानों में आयकर नियमों का पालन नहीं किया गया और बड़े पैमाने पर नकदी का लेनदेन किया गया।

### फर्जी संदेश से करदाताओं को आयकर विभाग ने किया सावधान

कर अदा कर चुके करदाता जो इनकम टैक्स रिफंड का इंतजार कर रहे हैं उन्हें आयकर विभाग ने फर्जी संदेशों से सावधान किया है। आयकर विभाग ने मोबाइल फोन पर आने वाले कर रिफंड की स्वीकृति वाले संदेशों से करदाताओं को बचने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने इसे एक घोटाला करार दिया है।

# 27 की उम्र में उठा पति का साया, 47 की उम्र में शुरू की फिश फार्मिंग, आज 45 लाख रुपये का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती उम्र में किसी भी शख्स के लिए कोई भी बिजनेस शुरू करना आसान नहीं होता। लेकिन कहते हैं कि जहां चाह, वहां राह। ऐसा ही कुछ किया 51 साल की सुबुही नाज ने। सिर से पति का साया उठने के बाद उन्होंने रेडिमेड कपड़े बेचने का काम शुरू किया। बेटे ने पढ़ाई के दौरान उन्हें एक सलाह दी। यह सलाह काफी काम आई और उन्होंने 47 साल की उम्र में फिश फार्मिंग शुरू की। आज सुबुही का बिजनेस काफी अच्छा चल रहा है। इनके बिजनेस का सालाना टर्नओवर 45 लाख रुपये है। सुबुही को नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

सुबुही की शादी के करीब तीन साल बाद यानी 1997 में उनके पति का निधन हो गया। उस समय उनकी उम्र 27 साल थी और उनका एक बेटा अब्दुल रहमान था। उनके सामने घर चलाने का संकट पैदा हो गया था। उन्होंने जनवरी 1998 में वाराणसी में



एक रेडिमेड गारमेंट की एक छोटी दुकान खोली। दुकान से उन्हें इतनी कमाई होने लगी कि वह अपने घर का खर्चा चला सकें। उन्होंने अपने बेटे को भी पढ़ाना शुरू कर दिया।

बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से आर्ट्स में ग्रेजुएशन सुबुही के मुताबिक सब कुछ सही चल रहा था, लेकिन एक दिन सब कुछ बदल गया। सुबुही के बेटे अब्दुल ने फिशरी साइंस में ग्रेजुएशन किया और कोलकाता स्थित आईसीएआर-केन्द्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान में जॉब शुरू कर दी थी। सुबुही ने बताया, एक दिन अब्दुल ने मुझे फोन किया और फिश फार्मिंग में संभावनाओं के बारे में बताया। उसने मुझे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के बारे में भी बताया। इसके बाद मैंने फिश फार्मिंग में कदम आगे बढ़ाया और यह कोर्स किया। उस समय मेरी उम्र 47 साल थी।

### दो साल में 83.6 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन

फिश फार्मिंग के लिए उन्हें PMMSY से जुड़ी कई सुविधाएं भी मिलीं। साथ ही सरकार ने सुबुही को बिजनेस शुरू करने के लिए 30 लाख रुपये की सब्सिडी भी दी। उन्होंने एक प्लांट लगाकर मछली का उत्पादन शुरू कर दिया। सुबुही का फिश फार्मिंग का बिजनेस चल पड़ा। उन्होंने साल 2022 और 2024 के बीच 83.6 टन मछली का उत्पादन किया। इतने उत्पादन के कारण उन्हें नेशनल फिश फार्मर अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

### गलतियों से मिली सीख

ऐसा नहीं है कि सुबुही का बिजनेस शुरू होते ही चल पड़ा। शुरुआत में उनसे कई गलतियां हुईं। उन्होंने गलतियों से सबक लिया। सुबुही बताती हैं कि वित्त वर्ष 2023 में उन्होंने 30.2 टन और वित्त वर्ष 2024 में 36.4 टन मछली का उत्पादन किया। वह अपने बनाए हुए तालाबों में कई तरह की मछलियों का उत्पादन करती हैं। इनमें ग्रास कार्प, मृगल कार्प, कतला, रोहू आदि शामिल हैं।

# ब्लैक लिस्टेड कंपनी की एसपीवी को मिला रोपवे का काम

### सवाई माधोपुर के चौथ का बरवाड़ा में एक रोपवे बनने वाला है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो साल पहले अप्रैल महीने की 10 तारीख याद है आपको नहीं याद है तो हम बता देते हैं। इसी दिन झारखंड में देवघर के बाबा वैद्यनाथ और बासुकीनाथ के बीच त्रिकुट पहाड़ी पर रोपवे हादसा हुआ था। इसमें 48 पर्यटक 72 घंटे तक हवा में लटक गए थे। इस दुर्घटना में 3 पर्यटकों की जान चली गई थी। इन्हें सेना के बचाव अभियान के बाद बचाया गया था। जिस रोपवे में हादसा हुआ था, उसे कोलकाता की कंपनी दामोदर रोपवे एंड इंफ्रा लिमिटेड चला रही थी। यह कंपनी एक बार फिर से चर्चा में है। आइए जानते हैं इसका कारण।

राजस्थान में सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा में चौथ माता का मंदिर बड़ा मशहूर है। वहां राज्य सरकार ने रोपवे का निर्माण करवाने की योजना बनाई है। विगत जुलाई में ही जिला प्रशासन ने वहां रोपवे का निर्माण और संचालन करने के लिए दामोदर रोपवे एंड इंफ्रा लिमिटेड की एसपीवी कंपनी चौथ माता केबल कार प्राइवेट लिमिटेड को अधिकृत किया है। जबसे यह फैसला हुआ, तब से इस फैसले के खिलाफ उंगलियां उठने लगीं हैं। दिल्ली एनसीआर के रोपवे ऑपरेटर उषा ब्रेको ने विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित एक सार्वजनिक नोटिस के जवाब में



जिला प्रशासन को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में आपत्ति जताते हुए कहा गया है कि डीआरआईएल का रोपवे संचालन में बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं और दुर्घटनाओं का संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। उनके संचालन में लापरवाही और सुरक्षा अपर्याप्त है।

### झारखंड में ब्लैकलिस्ट

बीते कुछ सालों में देखे तो यहां लगभग छह रोपवे दुर्घटनाएं घट चुकी हैं। इनमें झारखंड में हाल ही में हुई एक घातक रोपवे दुर्घटना भी शामिल है। इस भयानक हादसे में देवघर जिले के त्रिकुट हिल्स के पास हुए हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसमें एनडीआरएफ, सेना, वायुसेना और जिला प्रशासन ने संयुक्त अभियान चला कर फंसे लोगों को बचाया था। इसके दो साल बाद राज्य के पर्यटन विभाग ने डीआरआईएल को औपचारिक रूप से पांच साल के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया था। हालांकि, डीआरआईएल ने काली सूची में डालने और जुर्माना लगाने के फैसले को प्राकृतिक न्याय के खिलाफ बताया था।

उषा ब्रेको लिमिटेड के प्रेसिडेंट मनोज पंवार ने सवाई माधोपुर के एडिशनल डिस्ट्रिक मजिस्ट्रेट को संबोधित करते हुए बीते एक अगस्त को एक पत्र लिखा है, जिसकी कॉपी हमारे पास है। इस पत्र में कहा गया है कि झारखंड पर्यटन विकास निगम 10 अप्रैल, 2022 को देवघर (झारखंड) के त्रिकुट हिल पर हुई पैसेंजर रोपवे की दुर्घटना के बाद 24 जून, 2024 को दामोदर रोपवेज एंड इंफ्रा लिमिटेड को उसकी लापरवाही, असावधानी और गैर-पेशेवर दृष्टिकोण के लिए ब्लैकलिस्ट किया जा चुका है। इस दुर्घटना में तीन तीर्थयात्रियों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। निगम ने दामोदर रोपवेज एंड इंफ्रा लिमिटेड को इसके खाते में 9,11,63,250 रुपये जमा करने का भी निर्देश दिया है। यूबीएल ने आगे कहा कि लाखों तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, हम आपसे आग्रह करते हैं कि चौथ माता केबल कार प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में धारा 9 की अधिसूचना जारी करने के खिलाफ हमारी आपत्ति पर विचार करें और जल्द से जल्द उक्त मसौदा अधिसूचना को रद्द करें। इसके साथ ही इसने चौथ माता केबल कार प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित न्यूनतम रॉयल्टी 40,000 रुपये वार्षिक पर भी आपत्ति जताई है, जो मार्केट रेट के हिसाब से बहुत कम लगती है। उषा ब्रेको लिमिटेड का कहना है कि वह सन 1969 से भारत में मैटेरियल और पैसेंजर ट्रांसपोर्टेशन एरियल रोपवे के क्षेत्र में काम कर रही है। कंपनी का दावा है कि उसने अभी तक भारत समेत एशिया में 29 रोपवे का निर्माण किया है। फिलहाल कंपनी आठ रोपवे की मालिक है और भारत में नौ पैसेंजर रोपवे को ऑपरेट करती है।

# दिल्ली-एनसीआर में 2024 की पहली छमाही में भंडारण क्षेत्र की मांग 77 प्रतिशत गिरी: वेस्टियन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-दिल्ली में इस वर्ष जनवरी-जून के दौरान भंडारण (वेयरहाउसिंग) और लॉजिस्टिक्स स्थानों की पट्टा गतिविधियों में 77 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी वेस्टियन की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान चेन्नई में मांग में तीन गुना हो गई। जनवरी-जून, 2024 के लिए वेस्टियन की नवीनतम वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष की पहली छमाही के दौरान जनवरी-जून में सात प्रमुख शहरों में वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स स्थानों का पट्टा आठ प्रतिशत बढ़कर 1.66 करोड़ वर्ग फुट हो गया, जो पिछले साल की समान अवधि में 1.54 करोड़ वर्ग फुट था। इस साल जनवरी-जून के दौरान प्रमुख सात शहरों में से सर्वाधिक 77 प्रतिशत गिरावट के साथ दिल्ली-एनसीआर में 11 लाख वर्ग फुट क्षेत्रफल का पट्टा किया गया, जो पिछले साल समान अवधि में 47 लाख वर्ग फुट था। इसी तरह, कोलकाता में मांग आठ लाख वर्ग फीट से 65 प्रतिशत घटकर तीन लाख वर्ग फुट रह गई। बेंगलुरु में भंडारण क्षेत्र में पट्टा 17 लाख वर्ग फुट से 19 प्रतिशत घटकर 14 लाख वर्ग फुट रह गई। हालांकि, चेन्नई में स्थानों का पट्टा बढ़कर 15 लाख वर्ग फुट हो गया, जो पिछले साल पहली छमाही में पांच लाख वर्ग फुट था।

# अनिल अंबानी के बिजनेस में रिलायंस के साथ जय की एंट्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्जे से निकलने के बाद मुकेश अंबानी के छोटे भाई अनिल अंबानी की गाड़ी पटरी पर आती दिखाई दे रही है। उन्होंने एक नई कंपनी शुरू की है। सबसे दिलचस्प इस कंपनी का नाम है। अभी तक इनकी कंपनी से जुड़े बिजनेस में रिलायंस का नाम सामने आता रहा है, लेकिन अब रिलायंस के साथ एक नाम की एंट्री और हो गई है। यह नया नाम जय है। अनिल अंबानी ने अपनी नई कंपनी का नाम रिलायंस जय प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड रखा है। अब आप सोच रहे होंगे कि यह जय कौन है और इसका रिलायंस के साथ क्या संबंध है आपको बता दें कि जय अनिल अंबानी के दोनों बेटों के नाम का शुरुआती अक्षर है। यानी इनके दोनों बेटों के नाम की शुरुआत जय के साथ ही होती है। इनके बड़े बेटे का नाम जय अनमोल अंबानी और छोटे बेटे का नाम जय अंशुल अंबानी है।



### क्या होगा कंपनी का काम

आरजेपीपीएल रियल एस्टेट से जुड़ी है। यह रिलायंस एनर्जी लिमिटेड की सहायक कंपनी है। आरजेपीपीएल विभिन्न संपत्तियों को खरीदने, बेचने, पट्टे पर देने और उनका विकास करने पर फोकस करेगी। आरजेपीपीएल को 12 अगस्त 2024 को रिलायंस एनर्जी लिमिटेड के तहत शामिल किया गया। रिलायंस एनर्जी लिमिटेड खुद रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की सबसिडियरी कंपनी है। नई कंपनी की अधिकृत और पेड-अप कैपिटल एक लाख रुपये है। इसमें 10 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से 10 हजार इक्विटी शेयर शामिल हैं।

### कितनी है अनिल अंबानी की नेटवर्थ

कभी दुनिया के सबसे अमीर लोगों की सूची में शामिल रहे अनिल अंबानी का बिजनेस बाद में बुरी तरह डूब गया था। अनिल अंबानी कर्ज के बोझ से ऐसे दबे कि उनकी कंपनियां दिवालिया होने लगी थीं। हालांकि पिछले कुछ समय से हालात बदले हैं। लगभग सभी कंपनियों का कर्ज चुका दिया गया है। कंपनियों के घाटे कम होने लगे हैं। इनकी दिवालिया कंपनी रिलायंस कैपिटल की डील ने भी गाड़ी पटरी पर लौटाई है। रिलायंस कैपिटल को 9861 करोड़ रुपये में खरीदने वाली हिंदुजा ग्रुप ने पहली किस्त के रूप में 2750 करोड़ रुपये जमा कर दिए हैं। एक अनुमान के मुताबिक अनिल अंबानी की मौजूदा नेट वर्थ करीब 30 बिलियन डॉलर (करीब 251 करोड़ रुपये) है।

# 10 के शेयर वाली कंपनी के कर्ज में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की तूफानी तेजी के बीच आयरन एंड स्टील प्रोडक्ट से जुड़ी स्मॉल-कैप कंपनी रामा स्टील ट्यूब्स के शेयर सुस्त नजर आए। इस पेनी शेयर में 1.50 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई और भाव 10.57 रुपये के स्तर पर रह गया। जून 2024 में शेयर 9.91 रुपये के निचले स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। हालांकि, इसी साल शेयर ने 23 जनवरी 2024 को 16.82 रुपये के स्तर को टच किया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई था।

### सोमवार को शेयर पर रहेगी नजर

सोमवार को जब भारतीय शेयर बाजार में ट्रेडिंग होगी तो रामा स्टील ट्यूब्स के शेयर फोकस में होंगे। स्मॉल-कैप कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी रक्षा सहायक कंपनी, रामा डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है। इसके जरिए कंपनी ने रक्षा क्षेत्र में प्रवेश करने की घोषणा की है।



### कर्ज कम करने पर फोकस

हाल ही में कंपनी ने भारतीय स्टॉक मार्केट एक्सचेंजों को कुल बैंक ऋण सीमा में सफल कटौती की जानकारी दी है। कंपनी ने कहा, हमें कुल बैंक ऋण में अधिक सफल कटौती की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह वित्तीय स्थिरता की दिशा में एक अहम उपलब्धि है। कंपनी ने इस महीने में अपनी कुल स्वीकृत बैंक ऋण सीमा को 20 करोड़ तक कम कर दिया है, जो कुल मौजूदा स्वीकृत सीमा का 6 प्रतिशत है। रामा स्टील पाइप्स ने कहा कि एक साल में कंपनी ने कुल स्वीकृत ऋण सीमा 60.27 प्रतिशत कम कर दी है।

# अदिति महिला स्कॉटिश ओपन में कट से चूकीं



**इर्विन (स्कॉटलैंड), एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में तीन ओवर 75 के लचर प्रदर्शन के साथ आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन टूर्नामेंट में कट हासिल करने में नाकाम रहीं। लेडीज यूरोपीय टूर पर 5 बार की विजेता अदिति ने पहले दौर में 81 का स्कोर बनाया था। अदिति ने दूसरे दौर में एक बोगी और एक डबल बोगी की जिसका उनका स्कोन तीन ओवर रहा। वह दोनों दौर में एक भी बर्डी नहीं लगा पाईं। अदिति स्कॉटिश ओपन में आठ बार हिस्सा लेते हुए छह बार कट से चूकीं हैं जबकि इस टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 में आया जब वह संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। ऑस्ट्रेलिया की मिनजी ली (तीन अंडर 69) और मेगान खेंग आठ अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।भारत के जीव मिल्खा सिंह जांबिया गोल्फ लीजेंड्स के पहले दौर में पार 72 के स्कोर से संयुक्त रूप से 19वें स्थान पर हैं।

# साउथ अफ्रीका ने 40 रन से जीता टेस्ट

## वेस्टइंडीज से सीरीज 1-0 से जीती, महाराज रहे प्लेयर ऑफ सीरीज

**गयाना, एजेंसी।** साउथ अफ्रीका ने टेस्ट सीरीज के दूसरे और आखिरी मुकाबले में वेस्टइंडीज को 40 रन से हर दिया। साउथ अफ्रीका ने 2 टेस्ट मैचों की सीरीज 1–0 से जीत ली है। पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था। साउथ अफ्रीका की वेस्टइंडीज पर यह लगातार 10वीं टेस्ट सीरीज जीत है। स्पिनर केशव महाराज प्लेयर ऑफ द सीरीज रहे। उन्होंने 13 विकेट लिए ।गुयाना में वेस्टइंडीज को दूसरी पारी में जीत के लिए साउथ अफ्रीका की ओर से 263 रन का टारगेट मिला, लेकिन पूरी टीम 66.2 ओवर में 222 रन ही बना सकी। पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 160 रन पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में 246 रन बनाए थे। वेस्टइंडीज ने पहली पारी में 144 रन बनाए थे। इस जीत से साउथ अफ्रीका वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023–25 की पॉइंट्स टेबल के 5वें नंबर पर आ गई है। टीम के पास 38.89त्न अंक हैं ।साउथ अफ्रीका ने 2 मैचों की सीरीज 2–0 से अपने नाम की ।जीत के लिए 263 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। ओपनर माइकल लुईस 4 रन बनाकर कगिसो रबाडा की गेंद पर कैच आउट हो गए। इसके बाद कप्तान क्रैग ब्रेथवेट ने कैसी कार्टी के साथ मिलकर पारी को संभाला और स्कोर 50 रन के पार पहुंचाया, लेकिन 54 के स्कोर पर ब्रेथवेट 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद जल्दी ही कार्टी भी मुडलर की गेंद पर बोल्ड हो गए। उन्होंने 17 रन बनाए।



# संन्यास के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं विनेश फोगाट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विनेश ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया था और फाइनल में पहुंचने में सफल रही थीं। विनेश पहली भारतीय पहलवान थीं जो ओलंपिक फाइनल तक पहुंची हैं, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था। भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक के बाद अपने संन्यास लेने के फैसले को लेकर अनिश्चित हैं। विनेश ने 50 किग्रा वर्ग में फाइनल में पहुंचने के बाद अयोग्य करार दिए जाने के बाद अचानक से कुश्ती से संन्यास लेने का फैसला किया था। विनेश ने पेरिस में शानदार प्रदर्शन किया था और फाइनल में पहुंचने में सफल रही थीं। विनेश पहली भारतीय पहलवान थीं जो ओलंपिक फाइनल तक पहुंची हैं, लेकिन स्वर्ण पदक मुकाबले से ठीक पहले उनका वजन निर्धारित सीमा से अधिक पाया गया और उन्हें अयोग्य घोषित किया गया था। पदक से चूकने के बावजूद विनेश का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया था। दिल्ली एयरपोर्ट पर शनिवार को उनके प्रशंसकों ने विनेश का जोरदार स्वागत किया। विनेश खुली कार में सवार होकर प्रशंसकों का अभिवादन करती रहीं और प्रशंसकों ने उन पर फूलों की बौछार की। हरियाणा में अपने गांव पहुंचने पर विनेश का सम्मान किया गया जहां उन्होंने स्वीकार किया कि ओलंपिक में पदक से चूकना एक गहरा घाव है जिससे उबरने में समय लेगा।

# अरशद नदीम के सम्मान में कई ओलंपियन का किया गया अपमान!




**कराची, एजेंसी।** नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान ने ओलंपिक में अपना पिछला स्वर्ण पदक 1984 में लॉस एंजिलिस में हॉकी में ही जीता था। नदीम से पहले ओलंपिक का पिछला पदक भी पाकिस्तान की हॉकी टीम के नाम है। टीम ने 1992 में कांस्य पदक जीता था। पाकिस्तान सरकार ने पेरिस ओलंपिक चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के सम्मान में रात्रिभोज आयोजित किया, लेकिन इसमें भी विवाद खड़ा हो गया। पाकिस्तान के पूर्व हॉकी खिलाड़ी राव सलीम नाजिम ने दावा किया कि पाकिस्तान सरकार ने नदीम के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के निमंत्रण को अतिथि प्रबंधन के नाम पर वापस लेकर कई ओलंपियन का अपमान किया है। नदीम ने ओलंपिक रिकॉर्ड 92.97 मीटर की दूरी के साथ पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। पाकिस्तान का पिछला ओलंपिक पदक 1992 के बार्सीलोना खेलों में हॉकी का कांस्य पदक था।

# क्रिकेट में विराट के 16 साल पूरे 18 अगस्त के दिन किया था डेब्यू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने 16 साल पहले अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था. कोहली ने श्रीलंका के खिलाफ अपने करियर का पहला अंतर्राष्ट्रीय मुकाबला खेला था. उन्होंने वनडे ज़रिए इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था. करियर के शुरुआत से ही किंग कोहली ने अपना दबदबा बनाना शुरू किया और फिर उन्हें क्रिकेट के किंग होने का खिताब मिला.

अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने के बाद विराट कोहली ने अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया में पैर जमाए और अपनी जगह पक्की की. फिर धीरे-धीरे उन्हें कप्तान के रूप में देखा जाने लगा. फिर एमएस धोनी के बाद कोहली को तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया का कप्तान नियुक्त किया गया. कोहली की कप्तानी में टीम इंडिया ने नई ऊंचाइयां हासिल कीं.

वनडे के ज़रिए अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाले किंग कोहली ने धीरे-धीरे तीनों फॉर्मेट की टीम में अपनी जगह बनाई. 2010 में उन्होंने टी20 इंटरनेशनल में डेब्यू किया और फिर 2011 में किंग कोहली ने टेस्ट क्रिकेट में कदम रखा. तीनों फॉर्मेट की टीम में जगह बनाने के बाद कोहली ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा.


### टी20 इंटरनेशनल को कह चुके हैं अलविदा

टीम इंडिया के टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब जीतते ही विराट कोहली ने टी20 इंटरनेशनल को अलविदा कह दिया था. उन्होंने इस बात पर ज़ोर देते हुए फॉर्मेट से संन्यास का एलान किया था कि अब युवाओं को मौका देने की बारी है.

### अब तक ऐसा रहा अंतर्राष्ट्रीय करियर

गौरतलब है विराट कोहली ने अब तक अपने करियर में 113 टेस्ट, 295 वनडे और 125 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेल लिए हैं. टेस्ट की 191 पारियों में उन्होंने 49.15 की औसत से 8848 रन बना लिए हैं. टेस्ट में किंग कोहली के बल्ले से 29 शतक और 30 अर्धशतक निकल चुके हैं, जिसमें उनका हाई स्कोर 254* रनों का रहा है.

इसके अलावा वनडे की 283 पारियों में उन्होंने 58.18 की औसत से 13906 रन बना लिए हैं, जिसमें 50 शतक और 72 अर्धशतक शामिल हैं. बाकी टी20 इंटरनेशनल की 117 पारियों में किंग कोहली ने 48.69 की औसत और 137.04 के स्ट्राइक रेट से 4188 रन बनाए, जिसमें 1 शतक और 38 अर्धशतक शामिल रहे.




प्रीमियर लीग

# आर्सेनल ने जीत के साथ शुरू किया अभियान, वॉल्व्स को 2-0 से हराया, साका का दमदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस मुकाबले में आर्सेनल शुरुआत से ही हावी रही। हालांकि, वॉल्व्स के खिलाड़ियों ने विरोधियों का डटकर सामना किया। 14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। आर्सेनल ने शनिवार को वॉल्व्स पर 2-0 से जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। साका ने एक गोल किया और काई हैवर्टज को ओपनर के लिए तैयार किया, जिससे गनर्स ने पहले सप्ताहांत में बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने शुरुआत में हाथ-पांव मारे लेकिन गैरी ओनील की सेना वापसी करने से चूक गई।

इस मुकाबले में आर्सेनल शुरुआत से ही हावी रही। हालांकि, वॉल्व्स के खिलाड़ियों ने विरोधियों का डटकर सामना किया। 14वें मिनट में बुकायो साका ने जोस सा को बचाव के लिए मजबूर किया और इसके बाद बेन व्हाइट ने काफी दूर से शॉट मारा। साका ने 19वें मिनट में एक बार फिर सा को चुनौती दी।

वॉल्व्स ने अपना खेल आगे बढ़ाया। दरअसल, बेलेगार्डे का फ्रीकिक बार के ऊपर चला गया था। इस स्थिति में 36वें मिनट में जॉर्गेन लार्सन ने एक स्पष्ट हेडर लगाया, जिसे डेविड राया ने बचाया। आर्सेनल के पास 44वें मिनट में 2-0 का स्कोर बनाने का मौका था, जब मार्टिनेली का शॉट ऊपर चला गया। दूसरे हाफ में वॉल्व्स ने अपनी हीट बढ़ा दी क्योंकि मेजबान टीम निश्चित रूप से बैकफुट पर थी। 62वें मिनट में ऐट-नूरी का शॉट चूक गया जिससे राया को परेशानी का सामना करना पड़ा। 68वें मिनट में जब डिफेंस ने मैथ्यूस कुन्हा को गेंद पर कब्जा दिया तब आर्सेनल लगभग हार ही गया था। हालांकि, साका ने 74वें मिनट में शानदार स्ट्राइक करके गेम को वॉल्व्स के पक्ष में कर दिया। आखिरी में वॉल्व्स ने कुछ प्रयास किए और स्कोर 2-0 पर बनाए रखने के लिए अंतिम क्षणों में राया को बुलाया गया। हालांकि, वह सफल नहीं हुए।

# महमुदुल हसन पाकिस्तान दौरे से बाहर

**ढाका, एजेंसी।** बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज महमुदुल हसन पाकिस्तान के खिलाफ आगामी दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला की शुरुआत से पहले ही कमर की चोट के कारण टीम से बाहर हो गए। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अभी तक टीम में हसन के स्थान पर अन्य किसी खिलाड़ी की घोषणा नहीं की है। बीसीबी के मुख्य चिकित्सक देवाशीष चौधरी ने कहा कि हमें महमुदुल के संबंध में एक मेल मिला है, जिसमें उनकी दाहिनी कमर में चोट लगने की जानकारी दी और उन्हें तीन सप्ताह के लिए आराम करने की सलाह दी गई है।



बंगलादेशी दाएं हाथ के बल्लेबाज महमुदुल ने हाल ही में टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले इस्लामाबाद में शाहीन के खिलाफ बंगलादेश-ए टीम के लिए खेला था। महमुदुल को क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लग गई, जिसके कारण वह दूसरी पारी में बल्लेबाजी नहीं कर सके। महमुदुल ने पहली पारी में शाहीन के खिलाफ 65 रन बनाकर अपना लौहा मनवाया था। इसके अलावा, महमुदुल ने 4 दिवसीय मैचों में 69 और 65 रन बनाकर अपनी बल्लेबाजी का नमूना पेश किया था।बंगलादेश का मेजबान टीम के साथ पहला टेस्ट मैच 21 अगस्त को रावलपिंडी में शुरू होने वाला है, इसके बाद दूसरा टेस्ट कराची में 30 अगस्त को शुरू होगा। बंगलादेश की टीम लाहौर में तीन दिवसीय अभ्यास सत्र के समापन के बाद इस्लामाबाद के लिए रवाना होगी।

# अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप का शेड्यूल घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी ने मलेशिया में होने वाले अंडर-19 महिला ञ्20 वर्ल्ड कप 2025 के लिए मैचों का कार्यक्रम घोषित किया। दुनिया भर की सोलह टीमें 41 मैचों के इस आयोजन में हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 18 जनवरी से होगी और फाइनल 2 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। टूर्नामेंट के शुरू होने से पहले 13 से 16 जनवरी तक 16 अभ्यास मैच भी खेले जाएंगे। यह महिला अंडर-19 वर्ल्ड कप का दूसरा संस्करण है। भारत ने पहले संस्करण को अपने नाम किया था। भारतीय टीम अपना पहला मैच 19 जनवरी को वेस्टइंडीज से खेलेगी।

अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप

ग्रुप ए - भारत (ए1), वेस्टइंडीज (ए2), श्रीलंका (ए3) और मलेशिया (ए4)

ग्रुप बी - इंग्लैंड (बी1), पाकिस्तान (बी2), आयरलैंड (बी3) और यूएसए (बी4)



ग्रुप सी - न्यूजीलैंड (सी1), दक्षिण अफ्रीका (सी2), अफ्रीका के क्वालीफायर (सी3) और समोआ (सी4)

ग्रुप डी - ऑस्ट्रेलिया (डी1), बांग्लादेश (डी2), एशिया के क्वालीफायर (डी3) और स्कॉटलैंड (डी4)

# ऋषभ पंत की टीम हारी, आयुष बडोनी की कप्तानी पारी; चेज किया 198 का टारगेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कप्तान आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य के शानदार अर्धशतक की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने शनिवार (18 अगस्त) को अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 के पहले सीजन के पहले मैच में ऋषभ पंत की अगुआई वाली पुरानी दिल्ली 6 को तीन विकेट से हरा दिया। अर्पित राणा के 41 गेंदों पर 59 और वंश बेदी के 19 गेंदों पर 47 रनों की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में 197/3 का स्कोर बनाया।

इसके बाद साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पारी की शुरुआत काफी तेज की। ओपनर बल्लेबाज प्रियांश आर्य और सार्थक रे की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत उन्होंने पावरप्ले में 73 रन बनाए। 26 गेंदों पर 41 रन बनाने वाले रे को सातवें ओवर में शिवम शर्मा ने कॉट एंड बोल्ड कर दिया, जबकि आर्य ने 12वें ओवर में 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया।



### आयुष बदोनी ने लगातार चार छक्के लगाए

कप्तान आयुष बदोनी ने सावधानी से अपनी पारी की शुरुआत की थी। उन्होंने अंकित भड़ाना की गेंदों पर लगातार चार छक्के लगाए। इससे टीम का स्कोर 140/1 हो गया। आर्य 30 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाने के बाद अगले ओवर में शर्मा की गेंद पर अर्पित राणा के हाथों कैच आउट हो गए। ध्रुव सिंह (2 गेंदों पर 1 रन) फिर प्रिंस यादव की गेंद पर सस्ते में आउट हो गए। बदोनी ने 14वें ओवर में 25 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इससे गेंद और रन का अंतर काफी कम हो गया। 36 गेंदों पर 38 रन चाहिए थे।

### जल्दी-जल्दी चार विकेट चटकाए

हालांकि,मैच में फिर रोमांच आया। पुरानी दिल्ली 6 ने जल्दी-जल्दी चार विकेट चटकाए। बदोनी (29 गेंद पर 57) और तेजस्वी (1 गेंद पर 0) 15वें ओवर में आउट हो गए। कुंवर बिधूड़ी (7 गेंद पर 5) 17वें ओवर में और सुमित माथुर (10 गेंद पर 9) 18वें ओवर में आउट हो गए।

# स्त्री 2 ने मचाई बॉक्स ऑफिस पर तबाही

## पहले दिन तोड़ा पठान का रिकॉर्ड




श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म 'स्त्री 2' ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर दिखाया है। इस फिल्म ने ओपनिंग डे पर शाहरुख खान की 'पठान', रणबीर कपूर की 'एनिमल' और 'ब्रह्मास्त्र 2' के रिकॉर्ड तोड़ डाले। अब दूसरे दिन भी इस फिल्म का कलेक्शन बेहतरीन रहा। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक स्त्री 2 ने दूसरे दिन 30 करोड़ का कलेक्शन किया, जिसके बाद इसका कुल कलेक्शन 90 करोड़ हो गया है। फिल्म ने पहले दिन भारत में 60.3 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की और इसका कुल कलेक्शन 76.5 करोड़ रुपये रहा। दूसरे दिन फिल्म ने नेट टोटल में 30 करोड़ रुपये और जोड़ दिए हैं और अब इसका कुल कलेक्शन 90.3 करोड़ रुपये हो गया है। ग्रॉस कलेक्शन की बात करें तो इसकी कुल कमाई 100 करोड़ बताई जा रही है। ये फिल्म अक्षय कुमार और तापसी पन्नू की 'खेल खेल में' और जॉन अब्राहम की 'वेदा' के साथ रिलीज हुई थी। कड़ी टक्कर के बावजूद इस फिल्म ने भारी सफलता हासिल की है। 'स्त्री 2' बॉक्स ऑफिस पर अपनी पकड़ बनाने में कामयाब रही, जबकि बाकी दोनों फिल्मों ने इसके आगे घुटने टेक दिए। जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' दो दिनों में कुल 7.90 करोड़ कमा पाई है और अक्षय कुमार की 'खेल खेल में' फिल्म ने 6.95 करोड़ का ही बिजनेस किया है।

'स्त्री 2' का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है और इसके पहले पार्ट की तरह इस बार भी राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर लीड रोल में हैं। इसके साथ ही पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी, अपारशक्ति खुराना ने भी अपने पुराने किरदार निभाए हैं। पिछले पार्ट में स्त्री का कहर था और इस बार सरकटे ने आतंक मचाया है। जिससे बचने के लिए लोग इस बार स्त्री की मदद मांग रहे हैं।

## महिला डॉक्टर की हत्या के बारे में जानकर

# सेलिना को याद आई बचपन की आपबीती



कोलकाता की महिला डॉक्टर की हत्या और बलात्कार की खबरों के बीच देश में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इस बीच, अभिनेत्री सेलिना जेटली ने बचपन की एक आपबीती का खुलासा किया है। सेलिना ने एक खराब पल को याद करते हुए बताया कि कैसे एक बार एक आदमी ने बदतमीजी करते हुए उन्हें अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया था।

एक्ट्रेस ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर अपनी कक्षा छह की एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने लिखा, हमेशा पीड़ित की गलती मानी जाती है। इस तस्वीर में मैं छठी कक्षा में थी, जब पास के एक विश्वविद्यालय के लड़के मेरे स्कूल के बाहर निकलने का इंतजार करने लगे। वे हर दिन मेरे स्कूल रिक्शा का पीछा करते हुए घर तक आते-जाते थे।

कुछ दिन बाद उन्होंने मेरा ध्यान आकर्षित करने के लिए बीच सड़क पर मुझ पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया था। वहां मौजूद किसी भी व्यक्ति ने इस पर कुछ भी नहीं कहा था। सेलिना ने बताया, इसके लिए मेरे शिक्षक ने मुझे शर्मिंदगी महसूस कराई थी। मेरे शिक्षक ने कहा कि मेरे साथ ऐसा इसलिए हुआ था क्योंकि मैं बहुत अधिक ढीले कपड़े नहीं पहनती थी और तेल लगाकर अपने बालों में दो चोटियां नहीं बांधती थी, यही मेरी गलती थी। सेलिना ने कहा कि वह वर्षों तक इसके लिए खुद को ही दोषी मानती रहीं। उन्होंने कहा, सुबह स्कूल रिक्शा का इंतजार करते समय एक आदमी ने पहली बार मुझे अपना प्राइवेट पार्ट दिखाया था। कई वर्षों तक मैं इस घटना के लिए स्वयं को दोषी मानती रही और बार-बार अपने मन में शिक्षक के शब्दों को दोहराती रही कि यह मेरी गलती थी।

सेलिना ने बताया कि जब वह 11वीं कक्षा में थी तब भी उन्हें परेशान किया गया था। उन्होंने लिखा मुझे अभी भी याद है कि उन्होंने मेरी स्कूटी के ब्रेक के तार काट दिए थे क्योंकि मैं विश्वविद्यालय के उन लड़कों को रिस्पांस नहीं दे रही थी। उन्होंने मेरे साथ दुर्व्यवहार किया और मुझे भद्दे नाम से बुलाया और मेरी स्कूटी पर भद्दे नोट छोड़े।

मेरे पुरुष सहपाठी मुझसे डर गए और उन्होंने हमारे शिक्षकों को बताया। मेरे क्लास टीचर ने मुझे फोन किया और मुझसे कहा, तुम एक फॉरवर्ड किस्म की लड़की लगती हो, स्कूटी चलाती हो और छोटे खुले बालों के साथ कक्षाओं में जींस पहनकर जाती हो। इसलिए लड़के सोचते हैं कि तुम्हारा चरित्र खराब है। मुझे आज भी वह दिन याद है जब मेरे ब्रेक के तार कट जाने के कारण मैं खुद को बचाने के लिए अपनी स्कूटी से कूद गई थी। मुझे बहुत चोट आई थी, लेकिन फिर भी यह मेरी ही गलती थी। मेरी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई थी। मैं शारीरिक और मानसिक रूप से आहत थी। लेकिन मुझे बताया गया कि यह मेरी ही गलती थी।



# कल्कि के बाद देश की खातिर फौजी बनेंगे प्रभास!

कल्कि 2898 एडी में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद से ही प्रभास हर तरफ छाए हुए हैं। उनकी नई फिल्मों के बारे में जानने के लिए फैंस एक्साइटेड हैं। इस बीच, पूजा-अर्चना के साथ नई फिल्म की घोषणा की गई है, जिसमें मिथुन चक्रवर्ती और जया प्रदा भी होंगे। प्रशांत नील की सालार-पार्ट 1 और नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी के बाद प्रभास के पास एक और फिल्म है। शनिवार को निर्देशक हनु राघवपुड़ी के साथ उनकी अगली फिल्म हैदराबाद में एक पूजा समारोह के साथ लॉन्च की गई। हालांकि, मेकर्स ने अभी तक टाइटल की घोषणा नहीं की है, लेकिन माइथ्री मूवी मेकर्स ने एक्स पर समारोह की तस्वीरें शेयर कीं। अफवाह है कि इस फिल्म का नाम फौजी होगा। इस फिल्म में डांसर इमानवी और अनुभवी एक्टर्स मिथुन चक्रवर्ती और जया प्रदा भी लीड रोल्स में नजर आएंगे। प्रभास को शुभकामनाएं देने के लिए प्रशांत भी फिल्म के लॉन्च में शामिल हुए। एक झलक पाने के लिए फैंस माइथ्री मूवी मेकर्स के ऑफिस के बाहर कतार में खड़े थे। एक्स पर एक वीडियो में उन्हें हूटिंग और जयकार करते हुए दिखाया गया है। जैसे ही एक्टर की एसयूवी बिल्डिंग से बाहर निकलती है। कई लोगों ने अपने मोबाइल निकाले और उनका स्वागत करने की उम्मीद में उनकी गाड़ी का पीछा किया। उस जगह को ताजे फूलों से सजाया गया था और समारोह में गणेश की मूर्ति के सामने स्क्रिप्ट रखी गई थी।

## सन ऑफ सरदार 2 विवाद के बीच

# संजय मिश्रा ने की अजय की तारीफ, कहा- मेरे लिए उनका एक कॉल ही काफी है



**सन** ऑफ सरदार 2 से विजय राज के बाहर हो जाने के बाद अब उनका यह किरदार संजय मिश्रा निभाते नजर आएंगे। इस पूरे विवाद के बीच हाल ही में संजय ने अजय देवगन की जमकर तारीफ की है।

सन ऑफ सरदार 2 में कास्टिंग में बदलाव के बाद अब संजय मिश्रा विजय राज वाली भूमिका में नजर आने वाले हैं।

हाल ही में विजय ने दावा किया था कि उन्हें पहले दिन मुख्य अभिनेता और निर्माता अजय देवगन के साथ हुई गलतफहमी के कारण फिल्म से हटाया गया है।

### कुमार मंगत ने किया यह दावा

हालांकि, निर्माता कुमार मंगत ने इस पूरे विवाद पर अपना पक्ष रखते हुए अलग की कहानी बयां की है। निर्माता के मुताबिक फिल्म के क्रू के प्रति विजय राज का कथित असभ्य व्यवहार ही उन्हें हटाए जाने का वास्तविक कारण था। इस बीच अब विजय राज की भूमिका निभाने जा रहे संजय मिश्रा ने अजय देवगन के साथ अपने गहरे रिश्ते पर बात करते हुए चुप्पी तोड़ी है।

संजय ने कहा, मैं अजय सर के साथ एक गहरा और भावनात्मक रिश्ता साझा करता हूं। जब मेरे भाई का निधन हुआ था तो उन्होंने मेरा बहुत साथ दिया था। हम हमेशा एक-दूसरे के लिए हर अच्छे-बुरे समय में मौजूद रहे हैं।

जब भी वह मुझे किसी फिल्म प्रोजेक्ट के लिए बुलाते हैं तो यह कोई दूसरे प्रोजेक्ट जैसा नहीं होता बल्कि उससे कहीं बढ़कर होता है। यह हमारी दोस्ती का प्रमाण है। मैं उनके एक कॉल पर पहुंच जाता हूं। वह भी हमेशा उसी तरह मेरे लिए मौजूद रहते हैं। अभी मैं बस इतना ही कह सकता हूं।

### यूके में चल रही शूटिंग

सन ऑफ सरदार 2 की शूटिंग इन दिनों यूनाइटेड किंगडम में चल रही है। हाल ही में अजय देवगन ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी। सन ऑफ सरदार साल 2012 में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने अच्छी कमाई की थी

# पहले सत्यम शिवम सुंदरम की रूपा बनने वाली थीं लता मंगेशकर

## राज कपूर ने बदसूरत कहकर बिगाड़ दिया था खेल



**राज** कपूर की फिल्म 'सत्यम शिवम सुंदरम' हिंदी सिनेमा के इतिहास की वो फिल्म है जिसे लेकर विवाद भी हुआ और इसे खूब पसंद भी किया गया। इसमें जीनत अमान का किरदार काफी चर्चा में रहा था, लेकिन कम ही लोग इस बात को जानते होंगे कि इस किरदार के लिए राज कपूर की पहली पसंद और कोई नहीं बल्कि स्वर कोकिला लता मंगेशकर थीं। जी हां! लता मंगेशकर को भी फिल्म की कहानी काफी पसंद आई थी और वह इसे करने के लिए राजी हो गई थीं।

मगर कुछ ऐसा हुआ कि उन्होंने फिल्म के लिए इनकार कर दिया और इसके पीछे का कारण पत्रकार वीर सांघवी ने अपनी किताब में बताया है। उन्होंने बताया कि लता मंगेशकर को राज कपूर की बात बुरी लग गई थी जिसके कारण उन्होंने फिल्म न करने का मन बना लिया। दरअसल फिल्म की कहानी ऐसी थी कि जो हीरो होता है वो हीरोइन की आवाज सुनकर ही उसका दीवाना हो जाता है। जब फिल्म को लेकर लता मंगेशकर ने राज कपूर से मुलाकात की और वह तैयार हो गई।

# जॉन अब्राहम ने देश की सुरक्षा पर उठाया सवाल



**एक्टर** जॉन अब्राहम ने कोलकाता में हुई डॉक्टर की मौत से जोड़कर एक बात कही है जो हर तरफ चर्चे का विषय बनी हुई है। जॉन अब्राहम ने कहा है कि भारत में इंसान हो या जानवर, कोई सुरक्षित नहीं है। साथ ही उन्होंने काफी कुछ कहा है।

जॉन अब्राहम का मानना है कि किसी को अपने देश से प्यार करने के लिए अंधराष्ट्रवाद में लिप्त होने के बजाय इसकी कमियों की आलोचना करनी चाहिए। ऐसे में एक्टर ने कहा कि भारत महिलाओं, बच्चों और जानवरों के लिए सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि भारतीय पुरुषों को यह समझने की जरूरत है कि समाज में महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार किया जाए और उनके संरक्षक बनें। जॉन ने रणवीर इलाहाबादिया के पॉडकास्ट पर कहा, भारत में महिलाएं, बच्चे और जानवर सुरक्षित नहीं हैं। यह दुख की बात है। भारतीय पुरुषों को यह समझने की जरूरत है कि उन्हें अपनी महिलाओं के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए। ये बहुत जरूरी है। हर औरत के लिए, एक आदमी को एक रक्षक होना चाहिए।

# बॉर्डर 2 में शामिल हुए वरुण

## सनी देओल के साथ निभाएंगे मुख्य भूमिका



**साल** बाद जे.पी. दत्ता अपनी फिल्म बॉर्डर का दूसरा भाग बनाने जा रहे हैं। सनी देओल की गत वर्ष आई गदर-2 की सफलता के बाद जे.पी. दत्ता ने अपनी फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि इसकी चर्चाएँ पिछले कुछ सालों से गाहे-बगोह होती रहीं। इस फिल्म में पिछली फिल्म से अभी तक मात्र सनी देओल के होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है।

पुराने कलाकार नजर आएंगे या नहीं इसकी कोई खबर नहीं है। बॉर्डर 2 में सनी देओल के साथ पहले आयुष्मान खुराना के नजर आने के समाचार आ रहे थे, लेकिन कुछ समय पूर्व समाचारों में कहा गया कि आयुष्मान खुराना ने फिल्म को छोड़ दिया है। अब यह कहा जा रहा है कि फिल्म में वरुण धवन की एंट्री हो गई है। मीडिया समाचारों के अनुसार वरुण धवन ने फिल्म बॉर्डर 2 साइन की है और इसमें एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। फिल्म बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं, जो इससे पहले कई हिट पंजाबी फिल्मों के साथ ही करण जौहर के बैनर तले बनी फिल्म केसरी का निर्देशन कर चुके हैं। केसरी में अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी।

# तारक मेहता का... के कंटेंट से की छेड़छाड़ तो पड़ेगा महंगा

**टीवी** का पॉपुलर शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा घर-घर में पसंद किया जाता है। ये शो बीते 16 सालों को जमकर एंटरटेन कर रहा है। बच्चों से लेकर बुर्जग तक टीवी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के दीवाने रहते हैं। अब इस टीवी शो पर बड़ी खबर सामने आई है।




दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा को लेकर फैसला दिया है कि अब इस शो से जुड़े कैरेक्टर, नाम और इमेज का गलत इस्तेमाल कोई नहीं करेगा। दिल्ली हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद शो के मेकर्स ने खुशी जताई है। टीवी इडंस्ट्री के चर्चित शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के मेकर्स ने आरोप लगाया था कि तमाम वेबसाइट शो के कैरेक्टर, नाम और इमेज का गलत इस्तेमाल कर थीं।

# कपिल शर्मा ने श्री श्री रविशंकर के आश्रम में किया आध्यात्मिक प्रवास



**फिल्म** क्रू में स्पेशल अपीयरेंस में दिखे कॉमेडियन एक्टर कपिल शर्मा ने बेंगलुरु में श्री श्री रविशंकर से मुलाकात की। कपिल के साथ उनके साथी अभिनेता और कॉमेडियन सुनील ग्रोवर भी थे, जिनके साथ वह स्ट्रीमिंग कॉमेडी स्पेशल द ग्रेट इंडियन कपिल शो में काम कर रहे हैं। कपिल ने अपने इंस्टाग्राम के स्टोरीज़ सेक्शन में आश्रम की अपनी यात्रा के दो क्लिप साझा किये। यूट्यूब पर एक वीडियो में कपिल को मंच पर आध्यात्मिक गुरु के साथ बातचीत करते दिखाया गया है। उन्होंने अपने चुटकुलों से दर्शकों का मनोरंजन भी किया। उन्होंने श्री श्री रविशंकर के अनुयायियों से भी पूछा कि क्या वे उन्हें द ग्रेट इंडियन कपिल शो में अगला गेस्ट बनाना चाहते हैं। कपिल ने अपने और सुनील के बीच की लड़ाई का भी संदर्भ दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लगा जैसे आध्यात्मिक गुरु के अनुयायियों ने गुस्से और लड़ाई के बारे में जो सवाल पूछे थे, वे व्यक्तिगत रूप से कपिल और सुनिल के लिए थे।

साभार-एजेंसी